✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात




नई दिल्ली में पीएम नरेन्द्र मोदी ने नई डब्ल्यूएचओ-साउथ ईस्ट एशियाई क्षेत्रीय कार्यालय कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 203 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 20 दिसम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

# नितिन नवीन के रूप में कायस्थों को मिला चार दशकों की प्रतिबद्धता का इनाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नितिन नवीन के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने के रूप में कायस्थ समाज को लगभग 4 दशकों की अपनी प्रतिबद्धता का इनाम प्राप्त हुआ है। कायस्थ समुदाय ने विगत चार दशकों में लगातार भारतीय जनता पार्टी को अपना बिना शर्त समर्थन दिया है जिसे अब जाकर स्वीकार्यता मिल रही है और नितिन नवीन की ताजपोशी को इस पहलू से भी देखा जा रहा है। आजादी की लड़ाई में और आजादी के बाद देश का प्रबुद्ध कायस्थ समुदाय कांग्रेस के साथ रहा। कायस्थ समुदाय न केवल बौद्धिक रूप से सशक्त था बल्कि जमीन-जायदाद, नौकरियों में भी कायस्थ समुदाय का बोलबाला था। आजादी की लड़ाई में शामिल होने वाले कई प्रमुख बड़े नेताओं में कायस्थ समुदाय से आने वाले नेता भी शामिल थे और यह सर्वविदित है की संविधान सभा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ सच्चिदानंद सिन्हा न केवल बिहारी थे बल्कि कायस्थ समुदाय से भी आते थे। बाद में इसी समुदाय से डॉ राजेंद्र प्रसाद ने लगातार दो कार्यकाल तक राष्ट्रपति के पद को सुशोभित किया। देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री भी कायस्थ समुदाय से थे। यह तो राष्ट्रीय फलक की बात हो गई लेकिन बिहार में भी आजादी के बाद कृष्ण वल्लभ सहाय, महामाया प्रसाद सिन्हा जैसे कायस्थ नेता मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे। लेकिन कांग्रेस और कायस्थों के गठजोड़ को तब झटका लगा जब जयप्रकाश नारायण ने खुलेआम कांग्रेस को सत्ता से हटाने के आंदोलन का नेतृत्व संभाला और तब पूरा का पूरा कायस्थ समाज कांग्रेस से कटकर गैर कांग्रेसवादी राजनीति में शामिल हो गया। यह बात अलग है कि 1977 में जब सत्ता में परिवर्तन हुआ तो कायस्थ समाज को वह हिस्सेदारी या सम्मान प्राप्त नहीं हुआ जो उसे कांग्रेस के राजपाट में मिलता था। बिहार में उग्र पिछड़ावाद के उभार ने कायस्थों को हाशिये पर धकेल दिया। 1980 के चुनाव में स्थितियां बदल गई और कांग्रेस फिर से सत्ता में आ गई लेकिन



जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में गैर कांग्रेसवाद की ओर चल पड़ा। कायस्थ समुदाय दोबारा कांग्रेस की ओर नहीं मिला। बाद में भारतीय जनता पार्टी के गठन के बाद कायस्थ समुदाय ने अपना भविष्य भारतीय जनता पार्टी के साथ बांध लिया और भाजपा जब जहां जिस गठबंधन में रही कायस्थों ने भाजपा को ही वोट दिया। यहां तक कि जब भाजपा का गठबंधन जनता दल से हुआ तब भी कायस्थों ने भाजपा का साथ नहीं छोड़ा। बिहार में 90 के दशक के बाद जब 'भूरा बाल साफ करो' की राजनीति ने गति पकड़ी और कांग्रेस लगभग समाप्त सी हो गई तो कायस्थों ने अपना स्टैंड नहीं बदला और वह भारतीय जनता पार्टी के साथ बने रहे। जिन कायस्थ नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी को छोड़ा उन्हें कायस्थ समुदाय ने छोड़ दिया। उदाहरण के तौर पर यशवंत सिन्हा, शत्रुघ्न सिन्हा जैसे बड़े नेता जो कभी कायस्थ राजनीति के प्रमुख थे जब भारतीय जनता पार्टी से अलग हुए तो कायस्थ समुदाय ने उन्हें जरा भी भाव नहीं दिया। बाद में रवि शंकर प्रसाद जैसे वरिष्ठ नेता को मंत्रिमंडल से बाहर किया गया तभी कायस्थ समुदाय ने कोई शिकायत नहीं की। पिछले लोकसभा चुनाव और इस बार के विधानसभा चुनाव में भी कायस्थ समुदाय पूरी तरह से भाजपा के साथ खड़ा रहा। यहां तक कि कायस्थ समुदाय की परंपरागत सीट कुम्हरार को जब कायस्थों के हाथ से छीन कर अन्य उम्मीदवार दिया गया और खुद एक प्रमुख कायस्थ चेहरे प्रोफ़ेसर के सी सिन्हा यहां से चुनाव लड़ने पहुंचे तो कायस्थ समुदाय ने उनकी तरफ देखा भी नहीं और पूरा का पूरा वोट भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों को दिया जिसका नतीजा रहा कि श्री सिन्हा महज कुछ हजार वोटों तक सिमट गए जबकि इस सीट पर कायस्थ वोटरों की संख्या एक लाख से ज्यादा बताई जाती है। लोकसभा चुनाव में भी रांची जैसी सीट पर कायस्थ समुदाय ने वरिष्ठ कायस्थ नेता सुबोध कांत सहाय की पुत्री को वोट न देकर वैश्य समुदाय के उम्मीदवार संजय सेठ को जमकर मत दिए। शायद यही वजह है कि भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व कायस्थ समुदाय को उसके समर्पण के इनाम के रूप में नितिन नवीन को कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बना चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### राजनीति प्रसाद के निधन पर सीएम नीतीश ने जताया शोक

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा के पूर्व सांसद राजनीति प्रसाद के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि राजनीति प्रसाद एक कुशल राजनेता एवं समाजसेवी थे। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका चार हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी विभाग की बड़ी कार्रवाई सामने आई है। निगरानी विभाग की टीम ने केसरिया प्रखंड में पदस्थापित आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका अंबालिका कुमारी को चार हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के बाद आंगनबाड़ी विभाग में हड़कंप मच गया है। निगरानी डीएसपी अखिलेश कुमार ने बताया कि केसरिया प्रखंड के मठिया स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 141 की सेविका रीता कुमारी के पति ने निगरानी विभाग में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी।

### फाइनेंस कर्मी की जहर देकर हत्या

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** भोजपुर में जहर देकर फाइनेंस कर्मी की हत्या कर दी गई। दो दोस्तों पर जहर देने का आरोप लगा है। मृतक दिनेश कुमार सिंह मिश्री चक गांव का रहने वाला था। शहर के कतीरा स्थित एचडीएफसी बैंक में फाइनेंस कर्मी का काम करता था। घटना सहार थाना क्षेत्र की है।

### सहकारिता प्रसार पदाधिकारी निलंबित

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** धान खरीद में अनियमितता बरतने पर सहकारिता विभाग ने दरभंगा के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी कुमार विनय को निलंबित कर दिया है। दरभंगा डीएम की अनुशंसा पर विभाग ने यह कार्रवाई की है। जिला की ओर से आई रिपोर्ट के अनुसार खरीफ विपणन मौसम 2025-26 में धान अधिप्राप्ति के क्रम में सिंहवाड़ा प्रखंड अन्तर्गत सनहपुर पैक्स की ओर से 155 क्विंटल धान की अधिप्राप्ति कर संबंधित किसानों को 3 लाख 71 हजार 70 रुपए का भुगतान कराया गया लेकिन 22 नवंबर 2025 को जिला सहकारिता पदाधिकारी, दरभंगा द्वारा गोदाम के सत्यापन एवं जांच के क्रम में उक्त पैक्स के गोदाम में मात्र 39 क्विंटल धान ही पाया गया।

### हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत

**जमुई (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सोनो-झाझा एनएच-333 पर गुरुवार देर रात भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दर्दनाक दुर्घटना पंचपहाड़ी लोहा मोड़ के पास हुई जहां तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में खैरा थाना क्षेत्र के कोदवारी गांव निवासी अंकित कुमार और झाझा थाना क्षेत्र के अंबा गांव निवासी मनीष कुमार की मौत हो गई।

# बिहार के सभी पुलिस लाइन में खुलेंगे आवासीय स्कूल, चलेगी जीविका दीदी की रसोई : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के सभी पुलिस लाइनों में आवासीय विद्यालय खोले जाएंगे। यहां पुलिसकर्मियों के बच्चों को पढ़ाई, ड्रेस और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके साथ ही पटना की तर्ज पर सभी पुलिस लाइन में जल्द ही पुलिसकर्मियों के लिए जीविका दीदी की रसोई भी चलेगी। उपमुख्यमंत्री (गृह) सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में यह बातें कहीं। कार्यक्रम में बिहार पुलिस के 36 दिवंगत पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों के आश्रितों को बैंक आफ बड़ौदा के सैलरी पैकेज के तहत कुल 25 करोड़ 65 लाख रुपये की बीमा एवं अनुदान राशि का चेक बैंक प्रदान किया गया। सम्राट चौधरी ने कहा कि यह कार्यक्रम भावुक कर देने वाला है क्योंकि यहां उपस्थित कई परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है। आज जिन 36 पुलिसकर्मियों के परिजनों को बीमा राशि वितरित की गई है, इनमें से 12 पुलिसकर्मियों की मृत्यु दुर्घटना में जबकि 24 की मृत्यु गंभीर बीमारियों के कारण हुई



है। सबसे दुखद यह है कि इनमें से अधिकांश पुलिसकर्मियों की उम्र 30 से 34 वर्ष के बीच थी। बिहार पुलिस सैलरी पैकेज समझौता होने के बाद से अब तक कुल 90 दिवंगत पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों के आश्रितों को 42 करोड़ 45 लाख रुपये की बीमा एवं अनुदान राशि प्रदान की गई है। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि पुलिसकर्मियों की मृत्यु दुर्घटनाओं और बीमारियों से कम से कम की जा सके। पुलिसकर्मियों के लिए बेहतर मेडिकल सुविधाएं, कैशलेस इलाज तथा कैंसर और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों के लिए पर्याप्त सहायता उपलब्ध कराने पर भी विचार किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत पुलिस सहयोगियों को भी बैंक ऑफ बड़ौदा की इस योजना से जोड़ा गया है। पुलिस लाइनों की स्थिति में तेजी से सुधार किया जा रहा है। गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने सैलरी पैकेज एवं बीमा क्लेम को लेकर बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से जारी हेल्पलाइन नंबर 9155550046 और 9155550047 जारी किया। इस नंबर पर कॉल कर पीड़ित परिवार बीमा का लाभ ले सकता है। कार्यक्रम में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी, डीजीपी विनय कुमार, बैंक आफ बड़ौदा के बिहार प्रमुख सुब्रत कुमार स्वाईन, क्षेत्रीय प्रमुख नलिन कुमार एवं उप महाप्रबंधक राकेश रंजन आदि मौजूद रहे।

# भू-माफिया और भ्रष्ट अधिकारियों पर होगी कार्रवाई : मुख्य सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे और गलत तरीके से खरीद-बिक्री के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। कई जगहों पर यह भी पाया गया है कि कुछ सरकारी कर्मचारी भू-माफियाओं से मिलकर सरकारी जमीन को निजी लोगों के नाम चढ़ा रहे हैं। इन मामलों को देखते हुए अब राज्य सरकार ने सख्त कदम उठाने का फैसला किया है। राज्य के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने सभी कमिश्नर, डीएम, अनुमंडल पदाधिकारियों और अंचल अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि भू-माफिया और इसमें शामिल भ्रष्ट अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और सरकारी जमीन की किसी भी तरह की खरीद-बिक्री पर तुरंत रोक लगाई जाए। मुख्य सचिव ने बताया कि जांच में कई ऐसे मामले सामने आए हैं जहां सरकारी जमीन का गलत तरीके से दाखिल-खारिज कर निजी लोगों के नाम जमाबंदी बना दी गई। यह पूरी तरह गलत और अनैतिक है। इसके अलावा गरीब और भूमिहीन परिवारों को दी गई जमीन जैसे गैर मजरूआ खास, गैर मजरूआ आम और सीलिंग की अतिरिक्त भूमि की भी अवैध खरीद-बिक्री की गई है। सरकार ने इन सभी मामलों की समीक्षा के बाद फैसला लिया है कि अब ऐसे अवैध हस्तांतरण पर पूरी तरह रोक लगेगी। जो भी कर्मचारी या अधिकारी इसमें दोषी पाए जाएंगे, उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी। नए निर्देशों के अनुसार बिना सरकार की अनुमति किसी भी सरकारी जमीन का आवंटन या ट्रांसफर नहीं होगा। जरूरत पड़ने पर मंत्रिपरिषद की मंजूरी अनिवार्य होगी। बिहार में इंडस्ट्रियलाइजेशन को बढ़ावा देने के लिए जिला स्तर पर लैंड बैंक पोर्टल भी बनाया जाएगा ताकि सरकारी जमीन की सही जानकारी उपलब्ध हो सके।

## 30 दिसंबर तक कैंप लगाकर राशन कार्ड का किया जाएगा ई-केवाईसी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य के जिन राशन कार्डधारकों ने अब तक अपने राशन कार्डका ई-केवाईसी नहीं कराया है, वो 30 दिसंबर तक अपने अनुमंडल व प्रखंड में जाकर राशन कार्ड का ई-केवाईसी करा लें। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा 30 दिसंबर तक सभी राशनकार्ड धारियों के लिए विशेष कैंप लगाकर आधार सीडिंग (ई-केवाईसी) कराया रहा है। राशन के लिए अपनी पात्रता सुनिश्चित करने के लिए यह जरूरी है। राज्य के वैसे राशन कार्डधारी जो आजीविका या अन्य कारणों से राज्य से बाहर निवास कर रहें हैं, उन्हें लौटने की जरूरत नहीं है, क्योंकि राशन कार्डधारियों के लिए ई-केवाईसी करने की सुविधा अब पूरे देश में उपलब्ध है। वर्तमान में वे अपने निवास स्थान पर ही अपने निकटतम उचित मूल्य की दुकान या जनवितरण प्रणाली की दुकान पर ई-केवाईसी करा सकते हैं। केंद्र सरकार ने संदिग्ध राशन कार्ड प्रबंधन प्रणाली डेटा साझा कर इसके सत्यापन का निदेश दिया है। इस पर खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में उपलब्ध संदिग्ध राशन कार्ड प्रबंधन प्रणाली डेटा का भौतिक सत्यापन कराकर त्वरित निराकरण करने के लिए कहा है। इसके लिए 30 दिसंबर तक विशेष कैंप लगाया गया है। अधिक जानकारी के लिए अपने संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी/जिला आपूर्ति पदाधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। ई-केवाईसी के संबंध में किसी भी शिकायत/सुझाव के लिए विभागीय टाल फ्री नंबर-1800-3456-194 पर संपर्क किया जा सकता है।

# सबका बीमा सबकी रक्षा : भारत में बीमा की पहुंच बढ़ाने की दिशा में संरचनात्मक सुधार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** संसद द्वारा 'सबका बीमा सबकी रक्षा' (बीमा कानूनों में संशोधन) विधेयक 2025 पारित होना भारत के बीमा ढांचे के विकास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। बीमा अधिनियम 1938, जीवन बीमा निगम अधिनियम 1956 और बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण अधिनियम 1999 में संशोधन करके यह विधेयक भारत की दीर्घकालिक विकास प्राथमिकताओं के अनुरूप एक आधुनिक, लचीली और समावेशी नियामक संरचना की आवश्यकता को पूरा करता है। बीमा आर्थिक मजबूती और सामाजिक सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। जैसे-जैसे भारत अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर बढ़ रहा है, नीति निर्माताओं, नियामकों और बीमाकर्ताओं के समक्ष यह चुनौती है कि बीमा सुरक्षा सार्वभौमिक, वहनीय और विश्वसनीय हो। इस विधेयक के तहत प्रस्तावित संशोधन '2047 तक सभी के लिए बीमा' के राष्ट्रीय मिशन का समर्थन करने के लिए समायोचित और आवश्यक हैं। इस विधेयक की एक प्रमुख ताकत पॉलिसीधारकों के संरक्षण और नियामक सुदृढ़ता पर इसका ज़ोर है। पुराने प्रावधानों को अद्यतन करके और शासन मानदंडों को सुदृढ़ करके, ये संशोधन बीमा प्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और विवेकपूर्ण निगरानी को सुदृढ़ करते हैं। लोकसभा में बीमा संशोधन विधेयक का स्वागत करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश भर में बीमा की पहुंच और जागरूकता को बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अधिक जागरूकता से नागरिक न केवल जोखिमों से खुद को बचा सकेंगे बल्कि यह भी सुनिश्चित कर सकेंगे कि उन्हें उनके उचित बीमा दावे प्राप्त हों। इस संदर्भ में उन्होंने पॉलिसीधारक शिक्षा और संरक्षण कोष के निर्माण पर प्रकाश डाला, जिसे भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण द्वारा लगाए गए

भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

जुर्माने से वित्त पोषित किया जाएगा और विशेष रूप से पॉलिसीधारकों की शिक्षा और संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए उपयोग किया जाएगा। वित्त मंत्री ने बीमा क्षेत्र के दीर्घकालिक विकास और मजबूती को समर्थन देने के लिए इसमें अधिक पूंजी निवेश की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बढ़ी हुई पूंजी से उन्नत प्रौद्योगिकी, विश्व स्तरीय जोखिम मूल्यांकन ढांचे और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बीमा उत्पादों तक पहुंच आसान होगी। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सदन को सूचित किया कि विनियमन निर्माण के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं की शुरुआत और आईआरडीएआई द्वारा जारी सभी विनियमों पर अनिवार्य सार्वजनिक परामर्श के माध्यम से नियामक प्रक्रियाओं को मजबूत किया जाएगा जिससे पारदर्शिता, एकरूपता और परामर्शात्मक दृष्टिकोण सुनिश्चित होगा। यह विधेयक परिचालन में अधिक लचीलापन और नवाचार के लिए एक ढांचा भी प्रदान करता है जिससे बीमाकर्ता बदलती जनसांख्यिकीय, आर्थिक और सामाजिक वास्तविकताओं के प्रति प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने में सक्षम होंगे। भारत की बीमा आवश्यकताएं आज पारंपरिक उत्पादों से परे सेवानिवृत्ति सुरक्षा, दीर्घायु समाधान, स्वास्थ्य-संबंधी सुरक्षा और उभरती आजीविका के लिए जोखिम कवर तक फैली हुई है। तेजी से बढ़ते बीमा बाजार में विकास और स्थिरता के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए एक मजबूत, सशक्त और दूरदर्शी नियामक अपरिहार्य है। यह विधेयक राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप व्यवस्थित क्षेत्रीय विकास का मार्गदर्शन करने, उपभोक्ता हितों की रक्षा करने और नवाचार को बढ़ावा देने की आईआरडीएआई की क्षमता को मजबूत करता है। भारतीय जीवन बीमा निगम के लिए ये सुधार एक विश्वसनीय राष्ट्रीय संस्था के रूप में हमारी भूमिका की पुष्टि करते हैं, जिसकी विकास में गहरी भूमिका है। लगभग सात दशकों से एलआइसी भौगोलिक क्षेत्रों और आय वर्गों में जीवन बीमा सुरक्षा प्रदान करने में अग्रणी रहा है।

## रिश्वत लेते नाजिर रंगे हाथ गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** एक तरफ गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने भू माफियाओं पर नकेल कसने का ऐलान कर दिया है तो दूसरी तरफ अंचल कार्यालय में ही भ्रष्टाचार देखने को मिला रहा है। ऐसे में सरकार का डंडा भी लगातार चल रहा है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मोतीपुर अंचल कार्यालय में कार्यरत नाजिर श्याम चंद्र किशोर उर्फ श्याम कुमार को आठ हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई शुक्रवार को की गई है। जानकारी के अनुसार नाजिर श्याम कुमार ने जमीन से संबंधित एलपीसी बनाने के एवज में एक आवेदक से अवैध राशि की मांग की थी। पीड़ित ने इसकी शिकायत पटना स्थित निगरानी विभाग से की जिसके बाद मामले का गोपनीय सत्यापन कराया गया। जांच में शिकायत सही पाए जाने पर निगरानी विभाग ने ट्रैप टीम का गठन किया था। शुक्रवार को जैसे ही पीड़ित ने तय रिश्वत की राशि नाजिर को सौंपी। पहले से तैनात निगरानी टीम ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी के पास से रिश्वत के रंग लगे नोट भी बरामद किए गए हैं।

# 2000 एकड़ में बनेगी इंटीग्रेटेड इलेक्ट्रॉनिक सिटी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा है कि निवेश को सुगम बनाने के लिए जरूरत पड़ी तो नीतियों में तत्काल संशोधन किया जा सकता है। नई नीति बनाई जा सकती है। वे शुक्रवार को यहां उद्योग वार्ता में आए उद्यमियों को संबोधित कर रहे थे। इस बैठक में निवेश के कई प्रस्ताव आए। वेलांकनी समूह के सलाहकार शशि शेखर ने दो हजार एकड़ में विस्तृत इंटीग्रेटेड इलेक्ट्रानिक सिटी की स्थापना का प्रस्ताव दिया। अहमदाबाद स्थित दिवराज स्टील के एमडी मोहित कुमार पटेल ने 150 एकड़ भूमि पर स्टील प्लांट का प्रस्ताव दिया। अल्ट्राटेक सीमेंट के सीनियर एग्जीक्यूटिव अमरेन्द्र कुमार ने भी अपनी भूमि संबंधी समस्याओं से मुख्य सचिव को अवगत कराया। रश्मि





ग्रुप के चिराग पटोडिया ने 500 एकड़, ओरना 24 इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक कुंदन सर्राफ ने सौ एकड़ जमीन की मांग की। जीयोफास्ट के साकेत बगारिया ने भी औद्योगिक इकाई लगाने के लिए जमीन की मांग की। पालनजी इंडस्ट्रीज के एंटरप्रेन्योर सुधीर केशरी ने बिहार मे आधुनिक फर्नीचर बनाने का प्लांट स्थापित करने के लिए एक विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया। आरा के एंटरप्रेन्योर एवं अपसाइक्लिंग एक्सपर्ट कुमार प्रशांत ने फ्लोटिंग हाउस का मॉडल पेश किया। बैठक में एडुरत्नम की निदेशक तान्या राज ने भुगतान में हो रही देरी की शिकायत की। मुख्य सचिव ने एक सप्ताह के भीतर भुगतान का आदेश उद्योग विभाग को दिया। तान्या राज स्किल बेस्ड ट्रेनिंग सेंटर शुरू करेंगी। मुख्य सचिव ने इसे अगले साल जनवरी में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू करने पर विचार करने का आदेश उद्योग विभाग को दिया। कैमूर स्थित इएसइ इनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अनिल कुमार चौरसिया की शिकायत पर मुख्य सचिव ने एनएच-2 के समीप कुदरा ब्लाक की सड़क को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त करने का आदेश दिया। बैठक में उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार, उद्योग निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता, ऊर्जा सचिव मनोज कुमार सिंह सहित मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# शहरों के विकास के लिए गुजरात मॉडल का किया जाएगा अध्ययन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के शहरों के विकास के लिए गुजरात मॉडल का अध्ययन किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री सह नगर विकास एवं आवास मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि नगर विकास का गुजरात मॉडल देश में बेहतरीन है, जहां 56 प्रतिशत शहरीकरण है। इस मॉडल का अध्ययन करने के लिए एक टीम को गुजरात भेजा जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने विभाग की सभी 15 शाखाओं की समन्वित बैठक की। अधिकारियों के साथ नगर निकायों की कार्य प्रणाली कैसे दुरुस्त हो, स्वच्छता और कर की कार्य प्रणाली को किस तरह से ठीक किया जाए, इस पर मंथन किया। उन्होंने सफाई पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शहरों में सड़कों की साफ-सफाई, अपशिष्ट प्रबंधन आदि सुनिश्चित किया जाए ताकि हमारे शहर साफ और सुंदर दिखें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नगर निकायों की कार्य प्रणाली, स्वच्छता आदि जनता से सीधे जुड़े हुए मुद्दे हैं। इन सभी मुद्दों पर अगले एक महीने में स्पष्ट बदलाव दिखना चाहिए। आगामी दिनों में सभी शाखाओं की एक-एक कर गहन समीक्षा की जाएगी। इसके लिए अधिकारियों को समीक्षात्मक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। बैठक में विभाग के सचिव संदीप कुमार आर. पुडकलकट्टी, प्रमंडलीय आयुक्त सह बुडको के प्रबंध निदेशक अनिमेष कुमार पराशर सहित वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन 23 को आएंगे पटना

## मिलर स्कूल के मैदान में किया जाएगा भव्य अभिनंदन समारोह : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन 23 दिसंबर को पटना आने वाले हैं और पार्टी उनका पटना में भव्य स्वागत करेगी। इस दिन का इंतजार भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ पटना और बिहार के लोगों को भी था, अब वह इंतजार समाप्त होने वाला है। बांकीपुर के विधायक और राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन के स्वागत के लिए भाजपा के कार्यकर्ता ही नहीं, पूरा पटना तैयार है। उनके स्वागत के लिए पटना को सजाया जा रहा है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश का नेतृत्व संभालने के बाद अपने पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने मीडिया के लोगों का स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने इस जिम्मेदारी को देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा और राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन सहित संपूर्ण केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने जो विश्वास कर दायित्व सौंपा है, उस पर वे खरा उतरेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने साफ कहा कि उन्हें यह पद नहीं, जिम्मेवारी मिली है। उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व को भरोसा देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित बनाने का जो संकल्प लिया है, उसे सिद्धि तक पहुंचाने में बिहार भाजपा अपना योगदान देगी। कार्यकर्ता की बात सरकार तक पहुंचे और संगठन और सरकार के बीच समन्वय स्थापित हो, इसके लिए कार्य किया जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन 23 दिसंबर को 12:30 बजे पटना हवाई अड्डा पहुंचेंगे। इसके बाद वे शेखपुरा होते हुए राजवंशी नगर महावीर मंदिर पहुंचेंगे, जहां वे पंचमुखी हनुमान की पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद वे पुनाईचौक होते हुए हाई कोर्ट के पास पहुंचेंगे, जहां वे संविधान निर्माता बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देंगे। इसके बाद आयकर गोलंबर के पास जेपी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन कर, मिलर हाई स्कूल के मैदान पहुंचेंगे, जहां बिहार भाजपा उनका अभिनंदन करेगी। उन्होंने कहा कि इस अभिनंदन समारोह को लेकर व्यापक तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह बिहार के लोगों के लिए यह बड़ा दिन होगा। प्रेस वार्ता में भाजपा के प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा, लाजवंती झा, मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल, मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलू, प्रभात मालाकार उपस्थित रहे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने वरिष्ठ नेताओं से की भेंट, आवास पर जाकर किया सम्मान

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी, बिहार के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज सुबह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की, सभी वरिष्ठ नेताओं का सम्मान किया तथा उनका कुशलक्षेम जानकर संगठनात्मक मार्गदर्शन प्राप्त किया। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी सबसे पहले वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पद्म पुरस्कार से सम्मानित पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सी. पी. ठाकुर के आवास पहुंचे। उन्होंने डॉ. ठाकुर का सम्मान किया, उनका हालचाल जाना तथा उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। दोनों नेताओं के बीच करीब एक घंटे तक संगठनात्मक विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। इसके पश्चात प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी बेली रोड स्थित पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद जी के आवास पहुंचे, जहां उन्होंने उनका सम्मान करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान दोनों के बीच विस्तृत संवाद हुआ। इसके बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पार्टी की वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य किरण घई के आवास पहुंचे और उनसे मुलाकात कर उनका सम्मान किया तथा कुशलक्षेम जाना। इस अवसर पर उन्होंने संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन भी प्राप्त किया। डॉ. सी. पी. ठाकुर एवं पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद जी ने विश्वास व्यक्त किया कि संजय सरावगी के नेतृत्व में भाजपा संगठन और अधिक सशक्त होगा और बिहार के विकास में नई ऊर्ज़ा के साथ कार्य करेगा। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने वरिष्ठ नेताओं को आश्वस्त किया कि वे संगठन को मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि मिथिला और भाजपा की संस्कृति रही है कि वरिष्ठ नेताओं से निरंतर आशीर्वाद और मार्गदर्शन लिया जाता है। उल्लेखनीय है कि संजय सरावगी ने गुरुवार को औपचारिक रूप से भाजपा बिहार प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व संभाला था।

# संस्कृत बोलने के लिए संस्कृत में सोचने की क्षमता करनी होगी विकसित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** संस्कृत बोलने के लिए संस्कृत में सोचने की क्षमता को विकसित करना होगा। इसके लिए निरन्तर संस्कृत सम्भाषण शिविर में भाग लेना होगा। संस्कृत सम्भाषण शिविर में सरल पद्धति से अनुकरण द्वारा संस्कृत बोलने का अभ्यास कराया जाता है। ये सभी बातें आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने वर्द्धमान महावीर स्मृति अन्तराज्यीय अन्तर्राष्ट्रीय दस दिवसात्मक संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर के सदस्यों को सातवें दिन सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने क्रिया ज्ञान का विस्तार से जानकारी दी एवं अभ्यास कराया। प्रो रागिनी वर्मा, डॉ लीना चौहान, डॉ नीरा कुमारी, डा रागनी कुमारी, तारा विश्वकर्मा, मुरलीधर शुक्ल, विमलेश पाण्डेय,

**भारत की आत्मा है संस्कृत**

डॉ बिधुबाला, डॉ दीप्ति कुमारी, डॉ अवन्तिका कुमारी, डॉ एकता वर्मा, बीजेन्द्र सिंह, रामनाथ पाण्डेय आदि की प्रस्तुति सराहनीय रही। अभियान के प्रधान संरक्षक एवं माननीय सदस्य (प्रशासकीय) लोक सेवा न्यायाधीकरण उत्तर प्रदेश सरकार तथा संयुक्त सचिव पेंशन उत्तर प्रदेश धर्मेन्द्रपति त्रिपाठी ने कहा कि संस्कृत भाषा केवल भारत की एक भाषा नहीं अपितु भारत की आत्मा है। संस्कृत के विना भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। भारतीयवासियों शाकाहारी भोजन करना चाहिए। वर्द्धमान महावीर ने अहिंसा परमो धर्मःका उपदेश दिया। इस भाषा की रक्षा के लिए निरन्तर शिविर का आयोजन अत्यावश्यक है।

# शिक्षक संगठनों ने छुट्टियों में आवासीय प्रशिक्षण बंद करने की उठाई मांग

## 25 दिसंबर से सरकारी विद्यालयों में घोषित है शीतकालीन अवकाश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के सरकारी शिक्षकों के लिए अनिवार्य आवासीय प्रशिक्षण को तत्काल स्थगित करने की मांग शिक्षक शिक्षक संघ ने की है। बिहार युवा शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दीपांकर गौरव ने शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर आवासीय प्रशिक्षण को तात्कालिक तौर पर बंद करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पूरा बिहार भीषण शीतलहरी की चपेट में हैं। मौसम विभाग ने भी पूरे राज्य में येलो अलर्ट जारी किया है, ऐसी परिस्थिति में आवासीय प्रशिक्षण और शिक्षकों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। उन्होंने यह भी बताया की आवासीय प्रशिक्षण सुबह सात बजे से ही प्रारम्भ हो जाती है, जिससे भीषण ठण्ड में शिक्षकों के तबीयत बिगड़ने की संभावना बनी रहती है। प्रदेश अध्यक्ष दीपांकर गौरव ने बताया कि 25 दिसम्बर से विद्यालयों में पूर्व से ही शीतकालीन अवकाश घोषित है तथा हजारों शिक्षकों ने इस छुट्टी में अत्यावश्यक कार्य हेतु योजना बना रखी है अब शिक्षा विभाग द्वारा छुट्टियों में भी प्रशिक्षण हेतु शिक्षकों को नामित किया जा रहा जिससे शिक्षक परेशान हैं। शिक्षक रवि ने बताया कि उनके पिताजी के आंखों का ऑपरेशन करवाना है। उन्होंने इन्ही छुट्टियों में ऑपरेशन हेतु डॉक्टर से अपॉइंटमेंट ले लिया था अब उन्हें आवासीय ट्रेनिंग हेतु सूचीबद्ध किया गया है। शिक्षिका प्रियंका कुमारी ने बताया कि वे परिवार के साथ छुट्टियों में दिल्ली जाने वाली थी। ट्रेन की टिकट भी काफ़ी पहले आरक्षित करवा चुकी थी। अचानक उन्हें भी ट्रेनिंग का मैसेज मिला अब उन्हें भी आवासीय ट्रेनिंग में जाना होगा जिससे वे परेशान हैं। शिक्षक संघ के नेता अनीश ने भी शीतकालीन अवकाश में सरकार से मानवीय आधार पर आवासीय ट्रेनिंग बंद रखने की मांग की है ।

# खगड़िया जिले के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी की ग्रहण की सदस्यता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम की उपस्थिति में खगड़िया जिले के राजद के पूर्व जिलाध्यक्ष कुमार रंजन, राजद के मौजूदा प्रखंड अध्यक्ष संजय कुशवाहा समेत सैकड़ों की संख्या में विभिन्न दलों से जुड़े नेताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा में आस्था व्यक्त करते हुए कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस पार्टी में शामिल होनेवाले नेताओं में जदयू व्यवसायी प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष सह पंचायत समिति चौथम गोविंद कुमार, पंचायत समिति सदस्य चौथम सुमन कुमार चौरसिया जदयू नेता



सन्नी गुप्ता, पैक्स अध्यक्ष निखिल कुमार, पूर्व मुखिया रामाकांत दास, स्वराज इंडिया के संयोजक संजय गुप्ता, वार्ड पार्षद आकाश राज पासवान, स्वराज इंडिया के अभिमन्यु साह, राजद के पूर्व मुखिया रामाकांत दास, राजद के पूर्व वार्ड सचिव कैलाश कुमार तांती, संजय कुमार गुप्ता, पवन कुमार चैरसिया, अजमत अली, आशुतोष सक्सेना, रामानुज ठाकुर, संजीत कुमार, राज कुमार, अभिमन्यु कुमार, संजय कुमार, मुस्तकीम, मो0 सोहिल, आकाश राज, शाहबउद्दीन,राहुल चन्द्र सिंह, वीआईपी नेता बेलदौर राजेश कुमार महतो, मनोज पासवान, सिन्टू यादव प्रमुख रहे। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने पार्टी में शामिल सभी साथियों का कांग्रेस परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और संविधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करती रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि खगड़िया से जुड़े ये सभी साथी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। राजेश राम ने कहा कि आज देश और राज्य में जिस तरह लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है, ऐसे समय में कांग्रेस की विचारधारा और भी प्रासंगिक हो गई है। जनता के अधिकारों, किसानों, मजदूरों, युवाओं और वंचित वर्गों की आवाज़ को मजबूती से उठाने का कार्य कांग्रेस ही कर सकती है। कांग्रेस पार्टी में शामिल नेताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेतृत्व में विश्वास जताते हुए कहा कि वे पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव डॉ चंदन यादव, वेलदौर के कांग्रेस प्रत्याशी मिथिलेश कुमार निषाद, प्रवक्ता असित नाथ तिवारी, खगड़िया जिला अध्यक्ष अविनाश कुमार अविनाश, रंजीत कुमार सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने लॉन्च किया नया फंड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने आईसीआईसीआई प्रू सेक्टर लीडर्स इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। यह नया फंड कंपनी के लोकप्रिय यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) के तहत आता है। इस फंड का उद्देश्य ग्राहकों को तैयार इक्विटी पोर्टफोलियो पेश करना है, जो भारत की अर्थव्यवस्था के 20 से अधिक प्रमुख सेक्टर्स में काम करने वाली टॉप कंपनियों में निवेश का अवसर देता है। यह फंड खास तौर पर उन निवेशकों के लिए पेश किया है, जो इक्विटी में सरल और नियम-आधारित निवेश पसंद करते हैं। इससे उन्हें अलग-अलग स्टॉक्स चुनने की जरूरत नहीं होती और वे प्रत्यक्ष रूप से मार्केट में आगे चल रही कंपनियों में निवेश कर सकते हैं। यह लंबी अवधि के लिए कोर इक्विटी एलोकेशन बनाने और सेक्टर डायवर्सिफिकेशन के साथ मार्केट लीडर्स में झुकाव रखने वाले निवेशकों के लिए उपयुक्त है। आईसीआईसीआई प्रू सेक्टर लीडर्स इंडेक्स फंड एक पैसिव, इंडेक्स-आधारित फंड है, जो बीएसई इंडिया सेक्टर लीडर्स इंडेक्स को ट्रैक करता है। नियमों के अनुसार कभी-कभी फंड को इंडेक्स में सभी स्टॉक्स में उनके इंडेक्स वेट के हिसाब से निवेश करने की अनुमति नहीं मिलती है, इसलिए कभी-कभी ट्रैकिंग एरर हो सकता है। इस इंडेक्स फंड के तहत मिलने वाले डिविडेंड्स को फिर से निवेश किया जाएगा, जिससे लंबी अवधि में ग्राहकों की फंड वैल्यू बढ़ने में मदद मिलेगी।

# प्रमुख स्थलों पर अलाव जलाने का निर्देश

**भागलपुर (नबिटा संवाददाता)।** जिले में कड़ाके की ठंड एवं शीतलहर को देखते हुए जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी ने जिला के सभी अंचलाधिकारी को प्रमुख चौक चौराहों पर तत्काल अलाव की व्यवस्था करने के निर्देश दिया है। उन्होंने जिले के सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा को जरूरतमंद लोगों के बीच पर्याप्त संख्या में कंबल वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। इसके लिए जिले के नवगछिया, कहलगांव और भागलपुर सदर के अनुमंडल पदाधिकारियों को इसका सत्यापन करवाने को कहा गया है। इधर जिलाधिकारी के आदेश के आलोक में जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंड मुख्यालयों में सार्वजनिक जगहों और प्रमुख चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था शुरु कर दी गई है।

# बी.डी. कॉलेज पटना के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर 2025 का सफल आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर 2025 का सफल आयोजन 11 से 17 दिसंबर 2025 तक बिहार के सिवान जिले स्थित परिवर्तन परिसर में किया गया। सात दिवसीय इस शिविर का आयोजन प्रोफ़ेसर रत्ना अमृत के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने 'मैं नहीं, आप के' सिद्धांत को आत्मसात करते हुए सामुदायिक सेवा और जन-जागरूकता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता की। स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, पर्यावरण संरक्षण से संबंधित गतिविधियां तथा सामाजिक उत्तरदायित्व पर केंद्रित सभी नियोजित कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किए गए। इस अवसर पर प्रोफ़ेसर रत्ना अमृत ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर विद्यार्थियों में सेवा भावना, अनुशासन और सामाजिक चेतना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर समाज और युवाओं के बीच सेतु का कार्य करते हैं। शिविर का समापन सफलतापूर्वक हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों ने समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने का संकल्प लिया।

# प्रेम यूथ फाउंडेशन के इंटर्न ने डिजाइन फॉर चेंज को जाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कॉलेज ऑफ कॉमर्स आर्ट एंड साइंस पटना के छात्र छात्राएँ प्रेम यूथ फाउंडेशन द्वारा संचालित विशेष इंटर्नशिप एवं नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर इंटर्न कर रहे हैं। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को समाज सेवा, नेतृत्व विकास, डिजिटल शासन व्यवस्था, नीतिगत अनुसंधान, महिला सुरक्षा, तथा राष्ट्र निर्माण अभियानों से जोड़ना है इसके चार स्तंभ में, वि-विकास, अ-अवसर, से-सेवा और क्रि-क्रियान्वयन आते हैं। छात्राओं को इन चार मूल स्तंभों के आधार पर समाज में परिवर्तन लाने की प्रक्रिया तथा जनभागीदारी की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें डिजिटल शासन व्यवस्था, महिला सुरक्षा कार्यक्रम, सामाजिक सेवा मिशन, नीति अनुसंधान, डेटा तथा मीडिया प्रबंधन कौशल से जुड़े



व्यावहारिक सत्रों से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाली छात्राओं ने इसे अपने करियर उन्नयन, व्यक्तित्व विकास, तथा सामाजिक समझ के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। संस्थापकों के प्रेरक वक्तव्य स्वरूप प्रख्यात समाजशास्त्री अर्थशास्त्री सीए संजय कुमार झा, संस्थापक निदेशक, एनजीओ हेल्पलाइन (सूचना शक्ति) ने कहा कि हमारा जेन जी दोसा मॉडल युवाओं और विशेषकर छात्राओं को राष्ट्र निर्माण की वास्तविक प्रक्रिया से जोड़ने का एक जीवंत अभियान है। वही चर्चा करते हुए प्रेम जी, संस्थापक एवं अध्यक्ष, प्रेम यूथ फाउंडेशन ने कहा कि युवाओं को सेवा, नेतृत्व और राष्ट्रीय कर्तव्य से जोड़ना ही हमारे फाउंडेशन का मूल धर्म है।

# लघुकथाकार बलराम प्रथम सतीशराज पुष्करणा शिखर सम्मान से होंगे सम्मानित

## 27-28 को 30वां लघुकथा सम्मेलन, जुटेंगे देश भर के लघुकथाकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच के तत्वावधान में 30वां लघुकथा सम्मेलन 27 एवं 28 दिसम्बर को पटना के किलकारी बाल भवन में आयोजित होगा। सम्मेलन में बिहार के अलावा दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, हरियाणा, राजस्थान सहित कई अन्य प्रदेशों के 100 से अधिक लघुकथाकार शिरकत करेंगे। लघुकथा मंच के महासचिव डॉ ध्रुव कुमार ने बताया कि अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच के संस्थापक एवं लघुकथा आंदोलन के पुरोधा स्व. सतीशराज पुष्करणा की स्मृति में लघुकथा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले चार लघुकथाकार पुरस्कृत किए जाएंगे। इस वर्ष डॉ सतीशराज पुष्करणा लघुकथा शिखर सम्मान दिल्ली निवासी देश के शीर्ष लघुकथाकार 75 वर्षीय बलराम को प्रदान किया जाएगा। उन्हें स्मृति चिह्न एवं 25 हजार रूपये दिए जाएंगे। लघुकथा आलोचना के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान करने वाली बोकारो, झारखंड की 77 वर्षीया डॉ आशा पुष्प को सतीशराज पुष्करणा लघुकथा समालोचना सम्मान प्रदान किया जाएगा। उन्हें स्मृति चिह्न और 15 हजार रूपये प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त बेगूसराय के 25 वर्षीय सुमन कुमार को सतीशराज पुष्करणा लघुकथा युवा सम्मान एवं पटना के 12 वर्षीय अनुराग को सतीशराज पुष्करणा लघुकथा नवांकुर सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। सुमन कुमार स्मृति चिह्न के साथ 11 हजार रुपए एवं अनुराग को 5 हजार रुपए और स्मृति चिह्न भेंट की जाएगी। इस अवसर पर डॉ पुष्करणा पर केंद्रित एक स्मृति ग्रन्थ सतीश राज पुष्करणा हिन्दी लघुकथा के प्रथम पुरुष का लोकार्पण भी होगा। इसके अतिरिक्त लघुकथा विषयक पुस्तकों की प्रदर्शनी एवं पोस्टर प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। महासचिव डॉ ध्रुव ने बताया कि सम्मेलन के दूसरे दिन 28 दिसम्बर रविवार को विभिन्न सत्रों में लघुकथा के सिद्धांत एवं रचना पक्ष पर दो अलग- अलग सत्र, डॉ सतीशराज पुष्करणा पर केंद्रित एक विशेष सत्र एवं लघुकथा पाठ के लिए अलग से एक सत्र आयोजित किया जाएगा। अंतिम सत्र में सम्मेलन में शामिल लघुकथाकार अपनी लघुकथाओं का पाठ करेंगे।

# 18 से बिहार में गांधी स्मृति यात्रा करने का निर्णय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** 2025-2026 के गांधी स्मृति यात्रा का अगला चरण निर्धारित करने के लिए 'बिहार आर्थिक अध्ययन संस्थान' पटना में डॉक्टर प्यारेलाल (निदेशक- बिहार आर्थिक अध्ययन संस्थान) की अध्यक्षता में यात्री दल के सदस्य प्रोफ़ेसर मनोज कुमार तथा बिहार सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष चंद्रभूषण तथा राजीव कुमार की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। सर्व सेवा संघ के मंत्री विजय कुमार (आरा), प्रमोद शर्मा (पटना) तथा मनोज मीता (भागलपुर) ऑनलाइन उपस्थिति थे। सर्वप्रथम प्रोफ़ेसर मनोज कुमार ने बताया कि बिहार में गांधी पुस्तक के प्रकाशक के पास भेज दी गई है। भारत में गांधी की पांडुलिपि का सदस्यों ने अवलोकन किया। भारत आगमन के बाद गांधी की विदेश यात्रा गोलमेज पाकिस्तान बांग्लादेश और रंगून पर अलग पुस्तक बनाने का निर्णय हुआ। पुस्तक के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए सदस्यों ने स्वीकार किया कि राज्यस्तरीय कार्यक्रम संचालन और गांधी के स्मृतियों को पुनर्जीवित करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम होगा। 18 जनवरी से 23 जनवरी 2026 को बिहार में अगली यात्रा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। 18 जनवरी को आरा छपरा 19 जनवरी को सिवान गोपालगंज 20 और 21 जनवरी को पश्चिमी और पूर्वी चंपारण 22 जनवरी को सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर होते हुए 23 जनवरी को हाजीपुर सोनपुर का यात्रा कार्यक्रम निर्धारित किया गया। यात्री दल का छपरा, गोपालगंज, बेतिया, मोतिहारी, सीतामढ़ी में रात्रि ठहराव होगा। दीप नारायण सिंह स्वतंत्रता सेनानी भागलपुर के 150 वे जन्मदिन पर भागलपुर में उनके जन्मदिन के पूर्व संध्या पर 25 जनवरी 2026 को गांधी विचार विभाग और गांधी शांति प्रतिष्ठान में कार्यक्रम के अलावाघंटाघर स्थित उनके आदम कद प्रतिमा को पुष्पांजलि अर्पित किया जाएगा। ज्ञातव्य हो कि इनके कृतियों को याद करने में सरकार और जनता ने अपने जिम्मेदारियां का निर्वहन नहीं किया है। उनके आवास को जिला जज भागलपुर का आवास बना दिया गया है। एकमात्र घंटाघर में उनकी आदम कद प्रतिमा कमल जायसवाल के जिद्दो जहद के बाद कुछ दिन पूर्व लगाए गए हैं। भागलपुर का लाजपत पार्क श्रीदीप नारायण सिंह ने गांधी जी का बिहपुर और भागलपुर में स्वागत किया था। रामगढ़ कांग्रेस अधिवेशन 1940 में उनके नाम से गेट बनाया गया था।

# निर्देशक मनोज ओझा और निर्माता अश्वनी शर्मा की 'ननद की हेरा फेरी' की शूटिंग जोरों पर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भोजपुरी फ़िल्म निर्माण के क्षेत्र में लगातार सक्रिय निर्देशक मनोज ओझा और निर्माता अश्वनी शर्मा की जोड़ी भोजपुरी सिनेमा को नई सौगात देने के लिए कमर कस लिया है। जी हां जीएमए फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड बैनर के तले बन रही भोजपुरी फिल्म 'ननद की हेरा फ़ेरी' का निर्माण जोर-शोर से उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों में की जा रही है। इस फिल्म के कुशल निर्देशन की कमान जाने-माने फिल्म निर्देशक मनोज ओझा कर रहे हैं। इस फिल्म के निर्माता अश्वनी शर्मा हैं, जो मनोज ओझा के निर्देशन में सुपरहिट फिल्म 'अठरंगी दुल्हनिया' दे चुके हैं, उस फिल्म की अपार सफलता के बाद मनोज ओझा और अश्वनी शर्मा की जोड़ी एक बार फिर सिल्वर स्क्रीन मनोरंजनपूर्ण बड़ा धमाका करने वाली है। इस फिल्म के डीओपी फिरोज खान बहुत ही बेहतरीन फिल्मांकन कर रहे हैं। इस फिल्म के कलाकारों की बात की जाय तो इसमें फैमिली स्टार जय यादव, स्टार एक्ट्रेस पायस पंडित, श्रुति राव, तपस शर्मा, नवोदित शबनम खान, अश्विनी शर्मा, नीलम सिंह, बाल कलाकार ढोलू यादव आदि कलाकार अपने अभिनय का जलवा बिखेने वाले हैं। इमोशन और कॉमेडी से भरपूर यह फिल्म पूरी तरह से फैमिली ड्रामा फिल्म है, जिसमें दर्शकों का मनोरंजन करने के साथ-साथ समाज में मैसेज भी देने का काम किया जा रहा है।

# जहां कथा, वहां नकारात्मक शक्तियों का वास नहीं : प्रो. रणबीर नंदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** किसान कॉलोनी, अनीसाबाद में आयोजित श्री भागवत कथा के भव्य आयोजन का उद्घाटन शुक्रवार को पूर्व विधान पार्षद व बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो रणबीर नंदन ने दीप प्रज्वलन कर किया। धार्मिक वातावरण, वेद मंत्रों और भक्तिमय भजनों से पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्ज़ा से सराबोर नजर आया। अपने भाषण के क्रम में प्रो रणबीर नंदन ने श्री भागवत कथा की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत कथा की महत्ता असीम



है क्योंकि यह भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति और ज्ञान का भंडार है, जो मन को शुद्ध करती है, जन्मों के पापों का नाश करती है, और कलियुग के दोषों को दूर कर मोक्ष और आनंद का मार्ग प्रशस्त करती है, जिससे आध्यात्मिक विकास होता है और व्यक्ति परम सत्य को समझ पाता है; यह सिर्फ एक ग्रंथ नहीं, बल्कि स्वयं भगवान का स्वरूप और आध्यात्मिक जीवन की मार्गदर्शिका है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को सद्मार्ग पर ले जाने वाली चेतना है। उन्होंने कहा कि जिस घर, टोले या मोहल्ले में भागवत कथा होती है, वहां नकारात्मक शक्तियां टिक नहीं पातीं। वहां का वातावरण स्वतः ही पवित्र हो जाता है और सभी को आत्मिक शांति तथा मोक्ष की अनुभूति होती है। प्रो नंदन ने कहा कि श्री भागवत कथा मानव जीवन को धर्म, कर्म और भक्ति के मार्ग से जोड़ती है। इसमें भगवान श्रीकृष्ण के जीवन प्रसंगों के माध्यम से जीवन के गूढ़ सत्य समझाए गए हैं। कथा यह सिखाती है कि अहंकार, द्वेष और लोभ का त्याग कर ही सच्ची मुक्ति संभव है। उन्होंने मातृशक्ति के महत्व पर भी विशेष जोर देते हुए कहा कि इस देश की संस्कृति में माताओं का सम्मान सर्वोपरि रहा है। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष सोनू कुमार, सचिव शंकर तिवारी, कोषाध्यक्ष विकास कुमार गोलू, संजीव कुमार, संगठन मंत्री सुनील तिवारी, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, मीडिया प्रभारी जय प्रकाश, निशिकांत सिंह, धनंजय कुमार, सुनील कुमार, वार्ड पार्षद रवि प्रकाश बबलू, हरेराम सिंह, रमाशंकर पांडेय आदि थे।

# एक नजर

## चोरी कांड में तीन गिरफ्तार

**भभुआ**। कुदरा थाना अंतर्गत चोरी के कांड में तीन अभियुक्त प्रिंस कुमार पिता-विनोद सेठ,अजय कुमार पिता-राजेंद्र राम दोनों साकिन कुदरा और हरि ओम पांडेय पिता-सुनील पांडेय साकिन सकरी तीनों थाना-कुदरा जिला-कैमूर को गिरफ्तार किया गया एवं एक मोटरसाइकिल को जब्त किया गया।

## बलभद्रापुर में सामुदायिक बैठक आयोजित

**डिहरी ऑन सोन (रोहतास)**। बलभद्रापुर गांव में सामाजिक संगठन पैरवी के बैनर तले एक महत्वपूर्ण सामुदायिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बाल कल्याण समिति की सदस्या गायत्री कुमारी ने की। अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि पैरवी संगठन जेल में बंद वंचित एवं गरीब लोगों को निःशुल्क जमानत दिलाने के साथ-साथ विधि के विरुद्ध जोखिम में फंसे बच्चों को भी निःशुल्क कानूनी सहायता और जमानत उपलब्ध कराने का कार्य कर रहा है। उन्होंने गांव स्तर पर बाल संरक्षण समिति को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि यदि समुदाय जागरूक और संगठित हो, तो बच्चों के अधिकारों की रक्षा अधिक प्रभावी ढंग से की जा सकती है। इस विषय पर बैठक में व्यापक एवं सार्थक चर्चा की गई। बैठक की विशेषता यह रही कि कड़ाके की ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में महिलाओं ने इसमें सक्रिय भागीदारी की, जो सामाजिक जागरूकता और बच्चों से जुड़े मुद्दों के प्रति उनकी संवेदनशीलता को दर्शाता है। सभा को संबोधित करते हुए पैरवी के प्रतिनिधि विवेक कुमार ने कहा कि संगठन लगातार वंचित वर्ग के लोगों को निःशुल्क जमानत दिलाने की दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जिनके परिजन या परिचित अनावश्यक रूप से जेल में बंद हैं, वे आगे आकर संगठन से संपर्क करें और कानूनी सहायता का लाभ उठाएं। बैठक में बाल कल्याण समिति की सदस्या गायत्री कुमारी के अलावा शिक्षक कपिलदेव, वार्ड सदस्य राहुल कुमार, बिंदा देवी एवं ममता देवी ने भी अपने विचार रखे। वक्ताओं ने गांव में बाल संरक्षण, न्याय तक पहुंच और सामुदायिक सहभागिता को और मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया।

## पूर्व मंत्री सह जदयू विधायक संतोष निराला का कैमूर में भव्य स्वागत




**भभुआ (कैमूर)/नबिटा सं**। बक्सर के राजपुर विधानसभा क्षेत्र से जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के पूर्व परिवहन मंत्री एवं नवनिर्वाचित विधायक संतोष कुमार निराला के शुक्रवार शाम कैमूर जिले के भभुआ स्थित जदयू कार्यालय पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जदयू जिला अध्यक्ष अजय कुमार पटेल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और स्थानीय ग्रामीणों ने फूल-मालाओं, गुलदस्ते एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बन गया। भभुआ आगमन के उपरांत विधायक संतोष कुमार निराला ने पवरा पहाड़ी स्थित माता मुंडेश्वरी मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनकी यह जीत जनता के अटूट विश्वास, प्रेम और समर्थन का प्रतिफल है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे क्षेत्र के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाते रहेंगे। इस स्वागत कार्यक्रम में जदयू के मुख्य प्रवक्ता अतुल पटेल, जिला उपाध्यक्ष लियाकत अंसारी, महिला जिला उपाध्यक्ष सीमा पांडे, डॉ. सुशील जायसवाल, गोलू पांडे एवं डॉ. प्रदीप रंजन सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रामगढ़ विधानसभा में जदयू का सदस्यता अभियान शुरू

## प्रखंड स्तर पर 15 हजार नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित

**भभुआ (कैमूर)**। जनता दल यूनाइटेड द्वारा बुधवार को रामगढ़ प्रखंड स्थित जदयू कार्यालय में सदस्यता अभियान 2025–2028 का औपचारिक शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष शशिकांत विश्वकर्मा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जदयू जिला अध्यक्ष अजय कुमार पटेल उपस्थित रहे। इस अवसर पर पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से रामगढ़ प्रखंड के सभी पंचायत अध्यक्षों को 15 हजार प्रारंभिक सदस्य बनाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य सौंपा गया। प्रखंड अध्यक्ष शशिकांत विश्वकर्मा ने बताया कि अभियान के प्रथम चरण में 3,025 सदस्यता रसीदें प्राप्त हो चुकी हैं, जिन्हें भरकर 22 दिसंबर 2025 तक जिला कार्यालय में जमा किया जाना है। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण में शेष सदस्यता रसीदें प्राप्त होने के बाद 10 जनवरी 2026 तक निर्धारित लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा। जिला अध्यक्ष अजय कुमार पटेल ने कार्यकर्ताओं से पूरे उत्साह और समर्पण के साथ अभियान में जुटने का आह्वान करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों से जोड़कर संगठन को नई ऊर्जा प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष लियाकत अंसारी, डॉ. प्रदीप रंजन, अतुल पटेल, शाहबान राईन सहित सभी पंचायतों के पंचायत अध्यक्ष और बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कृषि यांत्रिकीकरण मेला का शुभारंभ

### आधुनिक तकनीक से किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन की निर्णायक पहल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ**। संयुक्त कृषि भवन, कैमूर (भभुआ) में दो दिवसीय कृषि यांत्रिकरण मेला 2025–26 का शुभारंभ आज जिला पदाधिकारी के कर-कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, जिला कृषि पदाधिकारी तथा उप निदेशक (कृषि अभियंत्रण) सहित विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने फसल अवशेष प्रबंधन के महत्व पर जोर दिया और पराली न जलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आधुनिक कृषि यंत्र न केवल पर्यावरण संरक्षण का सशक्त माध्यम हैं, बल्कि मृदा की उर्वरता बनाए रखते हुए उत्पादन लागत घटाने और किसानों की आय बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध होते हैं। इस क्रम में उन्होंने स्ट्रॉ बेलर, स्ट्रॉ रीपर और सुपर सीडर जैसे यंत्रों की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। मेले के दौरान फसल अवशेष प्रबंधन हेतु संचालित 'स्पेशल कस्टम हायरिंग सेंटर योजना' के अंतर्गत चयनित नौ लाभुक किसानों—विजय शंकर सिंह, भोला शंकर राय, नरेंद्र चौहान, मालती देवी, राजेश तिवारी, रामेश्वर साह, शशिकांत तिवारी, जितेन्द्र कुमार पाण्डेय एवं चन्द्रशेखर तिवारी को ट्रैक्टर की चाबी जिला पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त एवं कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रदान की गई। मेले में कुल 22 स्टॉल लगाए गए, जिनमें 53 प्रकार के आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन किया गया। किसानों ने इस अवसर पर 90.20 लाख की लागत से फसल अवशेष प्रबंधन एवं कस्टम हायरिंग सेंटर से संबंधित यंत्रों की खरीद की। कुल मिलाकर, यह मेला जिले के किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने, सतत कृषि को बढ़ावा देने और हरित भविष्य की ओर कदम बढ़ाने की दिशा में जिला प्रशासन की एक प्रभावी और दूरदर्शी पहल साबित हुआ।

# कारा सुधार समिति के सदस्य व विधायक से संतोष उपाध्याय की मांगें

### सुधारों से जेलों को दंड नहीं, बल्कि सुधार, पुनर्वास और सामाजिक पुनर्स्थापन के केंद्र बनाने का आह्वान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन सोन (रोहतास)**। बंदी अधिकार आंदोलन के संयोजक संतोष उपाध्याय ने कारा सुधार समिति के सदस्य एवं विधायक राजीव रंजन सिंह का स्वागत करते हुए राज्य की जेलों में व्यापक और त्वरित सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की। उन्होंने कहा कि जेल व्यवस्था में मानवीय गरिमा, विधिक अधिकारों की रक्षा और बंदियों के पुनर्वास को केंद्र में रखकर नीतिगत सुधार किए जाने की आवश्यकता है। संतोष उपाध्याय ने कहा कि राज्य की जेलों में बढ़ती भीड़भाड़ एक गंभीर समस्या है, जिसके समाधान के लिए विचाराधीन बंदियों के मामलों का शीघ्र निपटारा किया जाना चाहिए। साथ ही प्रत्येक बंदी को समय पर और प्रभावी कानूनी सहायता उपलब्ध कराने, स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने, मानसिक परामर्श की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा कौशल प्रशिक्षण और शिक्षा कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के कड़ाई से पालन पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी विधि-विरुद्ध बच्चे को जेल नहीं भेजा जाना चाहिए। यदि पूर्व में ऐसी कोई त्रुटि हुई है तो संबंधित पीड़ितों को उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। इसके अलावा संतोष उपाध्याय ने जेल निरीक्षण तंत्र को अधिक सक्रिय और प्रभावी बनाने, शिकायत निवारण प्रणाली को मजबूत करने तथा कारा कर्मियों के नियमित प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से जेलें केवल दंड के स्थान न रहकर सुधार, पुनर्वास और सामाजिक पुनर्स्थापन के केंद्र बन सकेंगी।

# कोइरी (कुशवाहा) समाज ने मृत्यु भोज के खिलाफ फूंका बिगुल

### पौधारोपण कर दिया सामाजिक सुधार और पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ (कैमूर)**। मोहनियां थाना क्षेत्र के दादर गांव में कोइरी (कुशवाहा) समाज ने मृत्यु भोज जैसी सामाजिक कुरीति के खिलाफ एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायी पहल करते हुए इसे समाप्त करने का सामूहिक संकल्प लिया। यह निर्णय स्मृतिशेष बिरेन्द्र कुमार सिंह के निधन के उपरांत उनके पुत्र अमित कुमार मौर्य एवं अजीत कुमार मौर्य द्वारा बुलाई गई समाज और परिवार की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। उल्लेखनीय है कि बिरेन्द्र कुमार सिंह का निधन 13 दिसंबर 2025 को हुआ था तथा 14 दिसंबर को उनके पैतृक निवास दादर में उनका दाह संस्कार संपन्न हुआ। बैठक में तय किया गया कि तेरहवीं के अवसर पर मृत्यु भोज आयोजित करने के बजाय समाजहित में रचनात्मक कार्य किया जाएगा। इसी क्रम में शुक्रवार, 19 दिसंबर 2025 को उनकी स्मृति में राष्ट्रीय वृक्ष बोधि वृक्ष (पीपल) का पौधारोपण किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण और जीवनदायी सोच का प्रतीक बनेगा। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि मृत्यु भोज समाज पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डालने वाली कुरीति है, जिसे समाप्त किया जाना चाहिए। वक्ताओं ने सुझाव दिया कि ऐसे अवसरों पर लाखों रुपये खर्च करने के बजाय बच्चों की शिक्षा, पुस्तकालय, पौधारोपण जैसे कार्य किए जाएं, ताकि समाज और राष्ट्र का भविष्य सशक्त हो सके। कार्यक्रम में सम्राट अशोक क्लब के जिलाध्यक्ष रोहित मौर्य, पूर्व बीडीसी मनोज कुमार मौर्य, उप मुखिया रामानंद मौर्य, जंग बहादुर सिंह, राम अवध सिंह, अमरेंद्र सिंह, शिव प्रताप सिंह, उदय प्रताप सिंह, मदन सिंह, सुनील सिंह, अजय मौर्य, अमर मौर्य सहित बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिलाएं—गुड़िया मौर्य, सरिता मौर्य, वंदना मौर्य, अनीता मौर्य, रीता सिंह—तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बताया गया कि इस नेक पहल की प्रेरणा "सम्राट अशोक क्लब भारत" से मिली है। समाज की यह पहल क्षेत्र में सामाजिक जागरूकता और सकारात्मक परिवर्तन की नई मिसाल के रूप में देखी जा रही है।

# नवदिवसीय रामलीला का भव्य शुभारंभ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन सोन**। इंद्रपुरी क्षेत्र के बडीहा गांव में वर्षों से लुप्तप्राय हो चुकी रामलीला परंपरा को पुनर्जीवित करने की ऐतिहासिक पहल के तहत नवदिवसीय रामलीला महोत्सव का भव्य शुभारंभ श्रद्धा, उल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ किया गया। उद्घाटन समारोह समाजसेवी शालू कुमार, डेहरी के जिला पार्षद अजय कुशवाहा, पंच, 20 सूत्री सदस्य एवं भाजपा जिला कोषाध्यक्ष आनंद कुमार पांडे द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का आरंभ प्रभु श्रीराम की विधिवत आरती से हुआ, जिसके पश्चात आयोजन समिति की ओर से अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। उद्घाटन अवसर पर उपस्थित जनसमूह में आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। जिला पार्षद अजय कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि बडीहा गांव में पूर्व में रामलीला का आयोजन नियमित रूप से होता था, किंतु समय के प्रवाह में यह परंपरा नई पीढ़ी से दूर होती चली गई। लगभग तीन दशक बाद रामलीला का पुनः आयोजन होना गांव के लिए सांस्कृतिक पुनर्जागरण जैसा है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन युवाओं को संस्कार, मर्यादा और प्रभु श्रीराम के आदर्शों से जोड़ते हैं। राम के जीवन मूल्य आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने त्रेता युग में थे। रामलीला के प्रथम दिवस पर श्रीराम जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं द्वारा आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं और पारंपरिक सोहर गीतों से वातावरण भक्तिरस में डूब गया। पूरा गांव मानो उत्सव की रोशनी में नहाया हुआ नजर आया। इस अवसर पर श्री रामायण प्रचारक मंडल, मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश) के संचालक राजेश चौरसिया, अध्यक्ष उपेंद्र कुमार, इंद्रपुरी थाना के सब-इंस्पेक्टर सरोज कुमार, कलाकार प्रमोद कुमार एवं नीलू कुमारी, ऑर्गेनाइजर दर्पण कुमार, भावेश पांडे, वार्ड सदस्य गणेश पांडे, इंजीनियर सूरज नाथ पांडे, अभिषेक पांडे, विमल पांडे, रमाकांत दुबे, अक्षय पांडे, अभिषेक सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय योग चैंपियनशिप 2025 में भाग लेने जूनियर व सब जूनियर टीम रवाना



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम (रोहतास)**। 50 वीं सब जूनियर और जूनियर राष्ट्रीय योग खेल चैंपियनशिप 2025 के योग शिविर में भाग लेने से पहले योग एसोसिएशन बिहार के योग शिविर में भाग लेने पटना महेंद्र मुसल्लमपुर हाट सावरकर विद्या मंदिर स्कूल में कैंप लगेगा। वीएचए से 25 को रांची में रोहतास का टीम शुद्ध बिहार का प्रतिनिधित्व करेगी। जिसमें रोहतास सासाराम से 08 से 10 आयु वर्ग में शिवांशी स्वरा, भूमि कुमारी और आद्विक श्रीवास्तव, 10 से 12 आयु वर्ग में नव्या, प्रिया, शिवम पटेल, नितेश कुमार, 12 से 14 आयु वर्ग में आदित्य कुमार शिवम पांडेय, 14 से 16 आयु वर्ग में पुनम कुमारी, पुष्कर आर्या, 16 से 18 आयु वर्ग में पायल श्रीवास्तव भाग लेंगे। नेशनल जज का काम नवल किशोर सिंह, विजय कुमार रोहतास से अपना पूरे रोहतास के तरफ से 50 नेशनल में निर्णय करेंगे। मौके पीआर अश्विनी कुमार, मिशन फाउंडेशन से बिजय कुमार, रोहतास योग सचिव दुर्गावती जी, रूपेश श्रीवास्तव, प्रीति श्रीवास्तव, हेमलता श्रीवास्तव, बिहारी बाबू, सूरज एवीएम ओम श्रीवास्तव ने योगा टीम को नेशनल मेडलिस्ट बने। अनुशासन में रहकर आगे बढ़ने का ध्यान रखें साथ में रोहतास योग कोषाध्यक्ष नवल किशोर कैंप में भी ट्रेनिंग देंगे। एवीएम नेशनल में भी अपना निर्णायक के रूप में काम करेंगे। रोहतास जिले से जज के रूप में नवल किशोर सिंह, विजय कुमार निर्णायक का काम करेंगे।

# विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं, हिजाब को बनाया जा रहा राजनीतिक हथियार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन सोन**। जनता दल (यूनाइटेड) के अधिवक्ता एवं जिला प्रवक्ता बैरिस्टर सिंह ने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि जब उनके पास जनहित से जुड़े ठोस मुद्दे नहीं बचते, तब वे खिताब और हिजाब जैसे विषयों को अनावश्यक रूप से तूल देकर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि यदि यही रवैया रहा, तो ऐसे दल जनता के बीच पूरी तरह अप्रासंगिक हो जाएंगे। बैरिस्टर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा जिस महिला को सम्मानित किया गया, उसके संदर्भ में हिजाब को लेकर खड़ा किया गया विवाद पूरी तरह निराधार और दुर्भाग्यपूर्ण है। सुरक्षा की दृष्टि से मुख्यमंत्री से सम्मान ग्रहण करने से पूर्व सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन कराना पुलिस-प्रशासन की जिम्मेदारी होती है। यदि सुरक्षा मानकों के तहत ऐसा किया गया, तो उस पर राजनीति करना निंदनीय है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ असामाजिक और सिरफिरे तत्व मुख्यमंत्री को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, जो अत्यंत गंभीर और निंदनीय है। ऐसे लोगों को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की भावनाएं बिहार की जनता से जुड़ी हैं। उनका परिवार पूरा बिहार है, जबकि कुछ लोगों को केवल बयानबाजी से मतलब है, जनता से नहीं। जदयू प्रवक्ता ने मुस्लिम समाज से विशेष अपील करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर वे भी खुलकर अपनी बात रखें। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं और लाभों का उद्देश्य समाज के हर वर्ग का समग्र विकास है। विकास के मार्ग में धर्म और मजहब को राजनीतिक हथियार बनाना समाज और राज्य, दोनों के हित में नहीं है। हिजाब का मुद्दा विकास से अधिक महत्वपूर्ण नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि यदि मुस्लिम समाज वास्तव में विकास और आर्थिक प्रगति चाहता है, तो उसे समाज में नफरत और विभाजन फैलाने वाले तत्वों का विरोध करना होगा। कुछ लोग अपने स्वार्थ के लिए सांप्रदायिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं, लेकिन बिहार की जनता इसे कभी स्वीकार नहीं करेगी। अंत में बैरिस्टर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में कभी किसी के साथ अन्याय नहीं किया और न ही वे किसी प्रकार के भ्रष्टाचार में शामिल रहे हैं। उन्होंने बिहार के विकास और सम्मान को देश और दुनिया में नई पहचान दिलाई है।

## राधा शांता महाविद्यालय में अग्निशमन मॉक ड्रिल का सफल आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू (रोहतास)**। राधा शांता महाविद्यालय, तिलौथू परिसर में अग्निशमन विभाग के सहयोग से अग्निशमन मॉक ड्रिल का सफल एवं प्रभावी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को आगजनी जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में सतर्कता, सुरक्षा और त्वरित बचाव के उपायों की व्यवहारिक जानकारी प्रदान करना था। मॉक ड्रिल के दौरान अग्निशमन कर्मियों ने आग लगने की स्थिति में घबराहट से बचते हुए सुरक्षित तरीके से बाहर निकलने, आग पर काबू पाने तथा प्राथमिक बचाव के तरीकों का सजीव प्रदर्शन किया। इस दौरान अग्निशामक यंत्रों के सही उपयोग, फायर अलार्म सिस्टम की कार्यप्रणाली तथा आपातकालीन निकास मार्गों की विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे छात्र-छात्राओं में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक शिव राजेंद्र, पांडे एवं ए. पी. सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। शिक्षकों ने मॉक ड्रिल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम वर्तमान समय की आवश्यकता हैं, क्योंकि आपदा कभी भी और कहीं भी आ सकती है। ऐसे में पूर्व तैयारी ही सबसे बड़ा बचाव है। मॉक ड्रिल के दौरान छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अग्निशमन से जुड़े प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। महाविद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता जताई। इस आयोजन के माध्यम से राधा शांता महाविद्यालय ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि शिक्षा के साथ-साथ सुरक्षा का ज्ञान भी अत्यंत आवश्यक है, ताकि आपात स्थिति में जान-माल की क्षति को प्रभावी ढंग से रोका जा सके।

**कार्यालय, नगर पचांयत, छत्तरपुर (पलामू)**
**Add:- Behind Sub-Divisional Office, Chhattarpur, Palamu(JH)-822113]**
**[E-Mail: np.chhattarpur2018@gmail.com]**

**VERY SHORT TENDER NOTICE NO.- NPC-20/2025-26**

नगर पंचायत, छतरपुर क्षेत्र अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अन्तर्गत IEC Activity किया जाना है। इच्छुक एजेंसी/सर्विस एजेंसी कार्यालय में दिनांक– 29.12.2025 को समय– 1:00 बजे अपराह्न अपना कोटेशन जमा कर सकते है। प्राप्त कोटेशन को उसी दिन दिनांक–29.12.2025 को 02:30 बजे अपराह्न में कार्यालय के निविदा सिमिति के समक्ष खोला जायेगा। IEC के तहत् विभिन्न प्रकार के सामग्रीयों, कार्यो तथा सेवाओं की विवरणी निम्नवत है :–

| क्र0सं0 | सामग्री / कार्य का विवरण | मात्रा | दर GST कर सहित |
|---|---|---|---|
| 01 | बैनर | Per/Sq ft | |
| 02 | बैनर फ्रेम के साथ | Per/Sq ft | |
| 03 | सेल्फी पॉईंट | Per/Sq ft | |
| 04 | स्टेन्डी बैनर | Per/Sq ft | |
| 05 | Wall painting Normal | Per/Sq ft | |
| 06 | Hoarding | Per/Sq ft | |
| 07 | सोहराय Art Painting | Per/Sq ft | |
| 08 | नुक्कड़ नाटक (न्यूनतम एक घंटा) | प्रत्येक नाटक | |
| 09 | चौपाल | प्रत्येक चौपाल | |
| 10 | Door to Door Awareness Program | Per Household | |
| 11 | Sticker | Per/Sq ft | |
| 12 | Cloth Banner & Etc. | Per/Sq ft | |

नियम एवं शर्ते :–
1. यह दर आमंत्रण सूचना दोहरी लिफाफा प्रणाली पर आधारित है। प्रत्येक लिफाफा कोटेशनदाता को Pan Card, Company Certificate, Gst Registration Certificate, Gst Return (Last Year) , ITR (Last Year) Bank Account & Non Blacklisting Affidavit कोटेशन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. कोटेशनदाता द्वारा कोटेशन जमा करते समय तकनीकि बिड एवं वितीय बिड अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में जमा करना अनिवार्य होगा। अगर अलग–अलग तकनीकि विड एवं वितीय विड जमा नहीं किया जाता है तो भाग लेने वाले कोटेशनदाता पर कोई विचार नहीं किया जायेगा, साथ ही तकनीकि बिड के अवलोकन के पश्चात् सही पाये जाने पर ही वितीय बिड खोला जायेगा।
3. काली सूचि/डिबार में डाले के गये संस्थान/प्रतिष्ठान के लिए आवेदन प्रतिबंधित रहेगा।
4. निविदा शूल्क 1000/–(एक हजार) रूपये मात्र की Nationalised Bank द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैकर्स चेक की राशि जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, छतरपुर (EXECUTIVE OFFICER, NAGAR PANCHAYAT, CHHATTARPUR) के पद नाम से छतरपुर में भुगतेय होगा जो वापस नहीं किया जायेगा।
5. चयनित कोटेशनदाता को कार्यादेश निर्गत के एक सप्ताह के अंदर सामग्रियों तथा सेवाओं की आपूर्ति करना होगा।
6. आपूर्तिकर्ता को जी0एस0टी0 विपत्र समर्पित करना अनिवार्य होगा।
7. किसी भी समय निविदा को रद्द या संशोधन करने अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
8. किसी भी प्रकार के वाद/विवाद के निपटारा स्थानीय न्यायालय में किया जायेगा।
9. निर्धारित तिथि एवं समय के उपरांत कोई भी कोटेशन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
10. कार्य आवंटन के उपरांत आदेश में दिए नियम एवं शर्ते का अक्षरसः अनुपालन करना होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, छतरपुर

PR 369028 District (25-26)_D

**कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)**
**Email: - nphussainabad@gmail.com**

**इच्छा की अभिव्यक्ति सं0– NPH/01/2025-26**

नगर पंचायत हुसैनाबाद अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन के तहत कचरा संग्रहण, प्रबंधन, सफाई कार्य एवं अन्य IEC गतिविधियो से संबंधत वाल पेंटिंग कार्य किया जाना है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है।

| Sl No. | Description | Area | Rate (with GST) |
|---|---|---|---|
| 1 | 3D/2D Wall Painting under different places in Hussainabad Nagar Panchayat. | 7698 Sft. | |

इच्छुक संस्था/फर्म/व्यक्ति जो उक्त कार्य करने की अहर्ता रखते, हों निम्न शर्तों के साथ वे अपना दर आमंत्र वैध दस्तावेजों के साथ बन्द लिफाफे में हुसैनाबाद कार्यलय में दिनांक– 27.12.2025 तक अपना दर आमंत्रण कर सकते हैं। उसी दिन अपराहन 03:00 बजे आमंत्रित दर खोली जायेगी।
1. निविदा शुल्क 1000.00 रु0 कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत हुसैनाबाद के नाम से देय होगा।
2. निविदादाता को अपना पैन, आधार एवं जी0 एस0 टी0 प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
3. स्थल पर किये गये कार्य का जियोटैग फोटो समर्पित करना अनिवार्य होगा।
4. दिये गये कार्य को समय सीमा के अन्दर पूर्ण करना अनिवार्य होगा।
5. कार्य संतोशजनक पाये जाने पर ही भुगतान की जायेगी।
6. उक्त निविदा को किसी भी वक्त बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 368995 (District)25-26*D

**बिहार सरकार**
**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**
आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना–800014
Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या–बी.सी.ई.सी.ई.बी./टेण्डर–2025/03 दिनांक - 19.12.2025

**आम सूचना**

सर्व साधारण एवं सभी सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि पर्षद द्वारा पर्षद के पुराने एवं क्षतिग्रस्त बक्सों को "जहाँ है, जैसा है" के आधार पर क्रय करने हेतु विज्ञापन सं. 2025/01 एवं 2025/02 दिनांक 15.01.2025 द्वारा अल्पकालीन निविदा प्रकाशित की गयी थी। निविदा के आधार पर फर्म- मेसर्स अखिलेश कुमार, पिता-स्व. लालबाबू राय (वेस्ट पेपर, पी0भी0सी0 स्क्रैप, ओल्ड आयरन स्क्रैप एण्ड स्टील्स, ओल्ड बिल्डिंग मटेरियल), बंगाली टोला, रामनगर, पो0-जी0पी0ओ0, थाना- जक्कनपुर, पटना-800001 को H-1 होने के कारण पर्षदीय कार्यादेश संख्या-205/2025 दिनांक 15.02.2025 द्वारा बक्सों को क्रय करने का आदेश देते हुए तीन दिनों के अन्दर सहमति देने का आदेश दिया गया। परन्तु इनके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया।

तदोपरान्त उनकी फर्म को काली सूची में क्यों नहीं डाल दी जाय का कारण पृच्छा का पत्र दो-दो बाद उनके रजिस्टर्ड पत्ते पर भेजा गया। परन्तु दोनों बार "अधुरा पता" लिखकर पत्र लौटा दिया गया।

उपरोक्त से स्पष्ट है कि मे. अखिलेश कुमार को बक्सों को क्रय करने में कोई रूची नहीं थी, इन्होंने जानबुझ कर निविदा प्रक्रिया में व्यावधान डालने, खराब करने, पर्षद का समय बरबाद करने एवं पर्षद के कार्यों में व्यवधान डालने का ही उद्देश्य था।

अत: सारी आवश्यक प्रक्रियाओं के उपरान्त फर्म- मेसर्स अखिलेश कुमार, पिता-स्व. लालबाबू राय (वेस्ट पेपर, पी0भी0सी0 स्क्रैप, ओल्ड आयरन स्क्रैप एण्ड स्टील्स, ओल्ड बिल्डिंग मटेरियल), बंगाली टोला, रामनगर, पो0-जी0पी0ओ0, थाना- जक्कनपुर, पटना-800001 को पर्षद द्वारा काली सूची में डाला जाता है।

परीक्षा नियंत्रक

## एक नजर

### बालू लदे ट्रक ने युवक को रौंदा, मौत

**नवादा**। नवादा में अज्ञात बालू लदे ट्रक ने एक युवक को रौंद डाला, जिससे गंभीर रूप से वह जख्मी हो गया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जिले के नेमदारगंज थानाक्षेत्र के बरेव गांव स्थित माली टोला के समीप यह घटना हुई है। जहां मृतक की पहचान स्वर्गीय अर्जुन मालाकार के पुत्र विपिन मालाकार के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि वह बीती रात शौच के लिए घर से बाहर निकाला था। इसी दौरान अज्ञात बालू लदे ट्रक ने उसे धक्का मार, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। परिजन मांग कर रहे हैं कि आसपास लगे सीसीटीवी से ट्रक की पहचान की जाए। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

### विभिन्न मामलों में छह गिरफ्तार

**पकरीबरावां**। पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में छापेमारी कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पिण्डपडवा में दो गुटों में हुए मारपीट में जितेंद्र चौहान, रेखा देवी, सेमपुल देवी, पप्पू चौहान एवं उदय चौहान को गिरफ्तार किया गया है। इसी तरह पकरीबरावां बाजार से मनीष कुमार को गिरफ्तार किया गया है। सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### पारा लुढ़का, बढ़ी कनकनी

**पकरीबरावां**। एकाएक पारा के लुढ़कने से कनकनी बढ़ गई है। शुक्रवार को दिन भर धूप के दर्शन नहीं हुए। शीतलहर के कारण लोग शाम ढलते ही अपने घरों को लौट गए। कनकनी को देखते हुए प्रशासन से अलाव एवं गर्म वस्त्र की व्यवस्था किए जाने की मांग उठने लगी है। दत्तरौल पैक्स के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता श्रवण कुमार ने प्रशासन से चौक-चौराहों एवं अन्य स्थानों पर अलाव की व्यवस्था एवं गरीब- निधनों के बीच गर्म वस्त्र का वितरण किए जाने की मांग की है।

### ठंड को लेकर विद्यालयों को बंद करने की मांग

**पकरीबरावां**। कड़ाके की ठंड को लेकर आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों को बंद करने की मांग प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद शर्मा ने की है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को दिन भर सूर्य के दर्शन नहीं हुए। शीतलहर की बजह से बच्चे एवं शिक्षक ठिठुरते हुए विद्यालय गए। ठंड के मद्देनजर विद्यालयों को बंद करने की मांग की गई।

### आदित्य ने क्लैट परीक्षा में पाई सफलता

**पकरीबरावां**। पकरीबरावां प्रखण्ड की ढोढ़ा ग्राम पंचायत के धराहरा गांव निवासी शीतल पहलवान के पौत्र एवं मनोरमा देवी तथा शिक्षक सूर्यदेव प्रसाद यादव के पुत्र आदित्य ने क्लैट परीक्षा में सफलता पाई है। उसे ऑल इंडिया रैंक 2435 एवं ऑल इंडिया ओबीसी रैंक 372 रैंक प्राप्त हुआ है। उसकी सफलता से उसकी छोटी मां एवं पंचायत की मुखिया रेखा यादव एवं छोटे पापा चंद्रमा यादव काफी खुश हैं। उसकी सफलता पर ग्रामीणों में भी काफी खुशी है। उसने जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल से मैट्रिक एवं कन्हाई इंटर विद्यालय नवादा से इंटर साइंस किया है। दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक किया है। एवं दिल्ली से ही एलएलबी एवं एमए किया है। उसे पहली प्रयास में ही सफलता मिली है।

### ज्ञान भारती स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी सह आनंद मेले में भाग लेने वाले बच्चे हुए पुरस्कृत

**हिसुआ (नवादा)**। शुक्रवार को हिसुआ स्थित ज्ञान भारती मॉडल रेसीडेंशियल कॉम्पलेक्स धनमा में पिछले दिनों विद्यालय में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी एवं आनंद मेले में भाग लेने वाले छात्र - छात्राओं को विद्यालय की ओर से मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक गौतम कुमार ने किया। जबकी मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के निदेशक सुधीर कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय प्रबंधक विजय शंकर ऊर्फ पिंटू सर नें आगत अतिथियों को अंग वस्त्र एवं बुके देकर किया। इस दौरान निदेशक सुधीर कुमार नें ज्ञान भारती विद्यालय की स्थापना से लेकर अबतक के सफर की बातें कही। उन्होंने कहा की आज शहरों में बच्चों के पठन - पाठन की भरपूर सुविधा है।

### गोला फेंक में शुभम को मिला प्रथम स्थान

**पकरीबरावां**। पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय के धनश्याम नगर स्थित जीआईपी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को खेल पखवाड़ा के तीसरे दिन क्रिकेट, बालिका कबड्डी, बालिका बैडमिंटन तथा बालक शॉटपुट प्रतियोगिता आयोजित की गई। खेल शिक्षक विकास कुमार तथा खेल समन्वयक रामबालक कुमार की देख-रेख में प्रतियोगिता हुई। क्रिकेट में टैगोर हाउस विजयी हुई। उप विजेता न्यूटन हाउस रहा। रोहित, अभिषेक, नवलेश, आर्दश ,राहुल आदि बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया। बालिका कबड्डी में टैगोर हाउस विजेता तथा गांधी हाउस उप विजेता रहा साक्षी, निशा भारती, राशी, संजना, श्रेया, रूपम, मौसम आदि ने कबड्डी में अच्छा प्रदर्शन किया। बैडमिंटन में टैगोर हाउस की टीम विजयी हुई। उपविजेता न्यूटन हाउस रहा। रिया, साक्षी, संजना तथा सानिया का बेहतर प्रदर्शन रहा। गोला फेंक प्रतियोगिता बालक संवर्ग में प्रथम स्थान शुभम, द्वितीय स्थान अंश तथा तृतीय स्थान अभिषेक का रहा। मौके पर निदेशक रंजीत रंजन ने कहा कि खेल से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। इसे मैत्रीपूर्ण तरीके से खेल खेला जाना चाहिए। खेल प्रतियोगिता को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। इस अवसर पर प्राचार्य दीप राय, बिल्टू चटर्जी नीरज सिंह, बब्लू कुमार, मो. सद्दाम आदि उपस्थित थे।

### अधेड़ का शव बरामद

**नारदीगंज, नवादा**। थाना क्षेत्र के कोसला गांव स्थित कर्बला के समीप सड़क के किनारे एक अधेड़ का शव को पुलिस ने बीते गुरुवार को बरामद किया। प्रभारी थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया सूचना के आधार पर पहुंची पुलिस ने कोसला गांव स्थित कर्बला के समीप सड़क किनारे एक अधेड़ का शव को बरामद किया गया। उक्त शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया गया है। शव की पहचान नहीं हो सकी है।

### पोषण व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**बिहारशरीफ**। हरनौत कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके) नालंदा के द्वारा हरनौत नपं के रुपसपुर गांव में शुक्रवार को पोषण एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यकम का शुभारंभ केवीके के वैज्ञानिकों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरनौत के चिकित्सकों ने द्वीप प्रज्वलित कर विधिवत किया। वहीं केंद्र के गृह विज्ञान के वैज्ञानिक डॉ ज्योति सिन्हा ने बताया कि वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ सीमा कुमारी के आदेशानुसार यह दिवसीय कार्यक्रम चला। इसमें लोगों को पोषण से संबंधित जानकारी दी गई एवं मेडीकल टीम के स्वास्थ्य जांच की गई। जिसमें 153 लोग शामिल हुए। जहां 103 लोगों को मेडिकल टीम के द्वारा एनिमिया की जांच हुई। इस दौरान केवीके से प्लांट पैथोलॉजी के वैज्ञानिक डॉ उदय प्रकाश नारायण उद्यान विभाग के वैज्ञानिक कुमारी विभा रानी , मृदा विज्ञानी डॉ यूएन उमेश, पशु एवं चिकित्सा वैज्ञानिक डॉ विद्याशंकर सिन्हा जबकि पीएचसी से मेडीकल टीम में डॉ दिनेश नाथ गुप्ता, डॉ विजय कुमार, लैब टेक्निशियन रंजीत कुमार, पीएमडब्लू राजीव कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

# राजगीर महोत्सव का मंत्री ने किया उद्घाटन

## ग्रामश्री मेला, हस्तशिल्प प्रदर्शनी और व्यंजन मेला पुस्तक मेला लोगों को कर रहा आकर्षित





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल राजगीर में तीन दिवसीय राजगीर महोत्सव 2025 का बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार और पर्यटन मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस अवसर पर पर्यटन विभाग द्वारा महोत्सव स्मारिका का भी विमोचन किया गया। उद्घाटन समारोह में मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि राज्य सरकार राजगीर को विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि सड़क, परिवहन और आधारभूत संरचना को मजबूत कर, ग्रामीण इलाकों को पर्यटन से जोड़कर स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। पर्यटन मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने कहा कि राजगीर बिहार की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर है। उन्होंने बताया कि रोपवे, नेचर सफारी, ग्लास ब्रिज, इंटरप्रिटेशन सेंटर, डिजिटल सूचना प्रणाली, पर्यटक सुविधा केंद्र और ठहराव स्थलों के विकास पर तेजी से काम किया जा रहा है। इसके साथ ही पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए देश-विदेश में प्रचार-प्रसार और सांस्कृतिक आयोजनों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। महोत्सव में महिला सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, लोक कला प्रदर्शन, ग्राम श्रीमेला हस्तशिल्प प्रदर्शनी और व्यंजन मेला आयोजित किया जा रहा है। इससे पर्यटक राजगीर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय कलाओं से रूबरू हो रहे हैं। तीन दिवसीय राजगीर महोत्सव 19 से 21 दिसंबर तक चलेगा जिसमें प्रथम दिन पद्मश्री से सम्मानित गायक कैलाश खेर अपने मधुर आवाज से मंत्रमुग्ध करेंगे। राजगीर महोत्सव में स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति होगी। साथ ही, आयोजन में शिल्पकारों और उद्यमियों को अपने उत्पाद और कला प्रस्तुत करने का अवसर भी मिल रहा है। ग्रामश्री मेला में कई स्टॉल लगाए गए हैं। जो लोगो को काफी आकर्षित कर रहा है। वहीं व्यंजन मेला में कई स्टॉल लगाये गए जिसमे बिहारी व्यंजन लिट्टी खोखा का लोगो ने लुप्त उठाया। राजगीर महोत्सव तीन दिन चलेगा। जबकि ग्राम श्री, कृषि, पुस्तक और व्यंजन मेले अगले सात दिनों तक जारी रहेंगे। इस अवसर पर विधायक रूहेल रंजन, कौशल किशोर, डॉ. जितेन्द्र कुमार, कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया, नगर परिषद राजगीर की मुख्य पार्षद जीरो देवी, पूर्व विधायक चंद्रसेन प्रसाद, विधान परिषद सदस्य रीना यादव, पूर्व विधान पार्षद राजू यादव, पर्यटन निदेशक उदयन मिश्रा, जिलाधिकारी कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक भारत सोनी, नगर आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा और उप विकास आयुक्त श्रीकांत कुंडलिक खांडेकर सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# त्रुटिरहित मतदाता सूची बनाने को लेकर बीएलओ को बैठक में मिला निर्देश

## मतदाता सूची में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : बीडीओ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। कौआकोल प्रखण्ड मुख्यालय के सभाकक्ष में शुक्रवार को बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में बीएलओ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीएलओ को प्रपत्र 06, 07 और 08 की प्राप्ति व निष्पादन एवं मतदाता सूची में मौजूद त्रुटियों के सुधार को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन से जुड़े कार्यों की समीक्षा करना और आगामी मतदाता सूची अद्यतन कार्य को समयबद्ध,पारदर्शी तथा त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराना था। बीडीओ ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची की शुद्धता महत्वपूर्ण है,जिससे बीएलओ और पर्यवेक्षकों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करें। नए योग्य मतदाताओं के नाम जोड़ें और मृत,स्थानांतरित या दोहरे नामों को नियमानुसार सूची से हटाने की कार्रवाई करें। 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं को मतदाता सूची में जोड़ने पर विशेष ध्यान देने को भी कहा गया। बैठक में स्पष्ट किया गया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या त्रुटि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बीडीओ ने जोर दिया कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन अनिवार्य है। सभी बीएलओ को समय पर प्रपत्रों का संधारण, ऑनलाइन प्रविष्टि और रिपोर्टिंग करने के निर्देश दिए गए। वहीं बीएलओ पर्यवेक्षकों को अपने अधीनस्थ बीएलओ के कार्यों की नियमित निगरानी करने,फील्ड में जाकर सत्यापन करने और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मौके पर शिक्षक जयप्रकाश मेहता उर्फ जेपी सर,अरुण कुमार, मुकेश कुमार आदि मौजूद थे।

# नवम्बर माह का मानदेय भुगतान नहीं होने से शिक्षा सेवकों में आक्रोश

**नवादा/नबिटा ब्यूरो**। मुसहर, भुंईया शिक्षा सेवक महासंघ के प्रदेश सचिव मुकेश मांझी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पत्रकारों को बताया कि शिक्षकों का वेतन माह की पहली से दुसरी तारीख तक भुगतान कर दिया जाता है, परन्तु राशि आवांटन रहने के बावजूद भी शिक्षा सेवकों का मानदेय पन्द्रह से बीस दिनों के बाद भुगतान किया जाता है। जो न्याय संगत नहीं हैं। जबकि शिक्षा सेवक भी अन्य शिक्षकों की तरह विधालय में पूर्वाह्न,9:30 बजे से अपराह्न 4 बजे तक शैक्षणिक कार्य करते हैं। इसके आलावे बीएलओ कार्य सहित अन्य गैर शैक्षणिक कार्यों को भी ससमय निपटारा करते हैं। परन्तु शिक्षा सेवकों को समय पर मानदेय का भुगतान नहीं किया जाता है। जिससे शिक्षा सेवकों में आर्थिक स्थिति का सामना करना पड़ता है। मुकेश मांझी ने शिक्षा सेवकों का तीन सदसीय शिष्टमंडल साथ के साथ जिलाधिकारी को आवेदन देकर शिक्षकों की तरह पहली तारीख को शिक्षा सेवकों को भी मानदेय भुगतान करने की बातें कही। इधर नवम्बर माह का बकाया मानदेय भुगतान करने की मांग जिलाधिकारी से की है। शिक्षा सेवकों का शिष्टमंडल में सीताराम राजबंशी, मुकेश मांझी प्रदेश सचिव, गणेश मांझी, छोटेलाल राजवंशी, एवं शम्भु राजवंशी ने आवेदन सौंपा।

# जनता दरबार में 56 शिकायतें दर्ज, शिकायतों का हुआ ऑन स्पॉट निष्पादन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों द्वारा अपनी समस्याएँ एवं शिकायतें प्रस्तुत की गईं। इस अवसर पर कुल 56 शिकायतें दर्ज की गईं।

कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन कर संबंधित आवेदकों को तत्काल राहत प्रदान की गई। वहीं कुछ जटिल प्रकृति के मामलों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया।

जनता दरबार में अंचल–कौआकोल की संजू कुमारी द्वारा भूमि मापी से संबंधित आवेदन, थाना–नारदीगंज अंतर्गत पो०–कहुआरा, साकिन–रामे की मालती देवी द्वारा मारपीट एवं भूमि बंटवारे से संबंधित मामला, प्रखंड–नारदीगंज के पो०–मसोढ़ा, ग्राम–वरियो के शैलेन्द्र कुमार द्वारा कौशल विकास योजना अंतर्गत रोजगार से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिला पदाधिकारी ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता द्वारा प्रस्तुत शिकायतों का शीघ्र, पारदर्शी एवं संवेदनशीलता के साथ निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनता दरबार में अपर समाहर्त्ता डॉ० अनिल कुमार तिवारी, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी डॉ० राजकुमार सिंहा, प्रभारी जन शिकायत कोषांग नवादा मनोज चौधरी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# एसडीएम ने पंचायत सरकार भवन सहित जन वितरण दुकानों का किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ**। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा बिहारशरीफ प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राज मेघी नगवां में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। निरीक्षण क्रम में दिलीप चौधरी जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकान बंद पाई गई। साथ ही लाभुकों के डाटा का ई-केवाईसी कार्य भी नहीं किया जा रहा था। इस मामले में संबंधित विक्रेता से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। इसके पश्चात अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा पंचायत सरकार भवन, मेघी नगवां का निरीक्षण किया गया, जहां भवन पूरी तरह बंद पाया गया। मौके पर मौजूद नाइट गार्ड से ताला खुलवाकर सभी कमरों की जांच की गई। जांच में यह तथ्य सामने आया कि पंचायत सरकार भवन में किसी भी प्रकार का कार्यालय संचालन नहीं हो रहा है। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि पंचायत सचिव के लिए निर्मित आवासीय कक्ष में नाइट गार्ड अपने परिवार के साथ रह रहा है, जबकि आरटीपीएस काउंटर का संचालन भी बंद था। मामले को गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने पंचायत सचिव, राजस्व कर्मचारी, कृषि समन्वयक, पंचायत लेखापाल, किसान सलाहकार, ग्रामीण आवास सहायक, कार्यपालक सहायक, कचहरी सचिव, पंचायत तकनीकी सहायक एवं पंचायत रोजगार सेवक से स्पष्टीकरण करते हुए अगले आदेश तक उनका वेतन भुगतान स्थगित कर दिया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनसेवा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध आगे भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## कटरा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रहा बेहद रोमांचक

**बिहारशरीफ**। कटरा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें कोनसाराय जेआर इलेक्ट्रिकल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब पर कब्जा जमा लिया। फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए कटरा पर की टीम ने निर्धारित 8 ओवर में 56 रन का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोनसाराय जेआर इलेक्ट्रिकल की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी का परिचय देते हुए सिर्फ 7 ओवर में 56 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार यूसुफ को दिया गया,वहीं फाइनल मैच में शानदार खेल के लिए मैन ऑफ द मैच का खिताब फरहान को मिला। इस मौके पर टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि एसएम इंग्लिश स्कूल के प्रिंसिपल खुशनुद मालिक उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे खेल आयोजन युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क को बढ़ावा देते हैं। आयोजकों ने सभी टीमों, खिलाड़ियों एवं दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि टूर्नामेंट को सफल बनाने में सभी का सहयोग सराहनीय रहा।

# अपराध रोकने के लिए पांच वर्ष पूर्व लगे सभी सीसीटीवी कैमरों का अस्तित्व समाप्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वारिसलीगंज (नवादा)**। वारिसलीगंज नगर क्षेत्र में अपराधिक घटनाओं की पर तीसरी आंख की निगहबानी को लेकर लगाया गया सीसीटीवी कैमरों का अस्तित्व समाप्त हो गया है।नप कार्यालय द्वारा साल 2017 में दुर्गा पूजा के समय बाजार के प्रमुख 16 स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाया गया था।जिससे थाना में बैठे पुलिस अधिकारी नगर क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों पर नजर रखते थे। जो कुछ दिनों तक ठीक ठाक चला। नगर के चौक चौराहों पर घटित घटनाओं में कैमरा लगने के बाद कमी आई थी। लेकिन एकबार किसी बात को लेकर प्रशासन के विरुद्ध बाजार के युवाओं द्वारा आंदोलन करते समय अधिकांश कैमरे को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। तब से बाजार की घटनाओं के अनुसंधान में नप द्वारा लगाई गई सीसीटीवी की भूमिका समाप्त हो गई है। इस पर दोबारा से ध्यान नहीं दिया गया।अगले माह तक नए सीसीटीवी कैमरे लगने की उम्मीदः इस संबंध में नगर कार्यपालक पदाधिकारी समीर कुमार चौधरी ने बताया कि वर्ष 2017 में लगाए गए सभी सीसीटीवी कैमरे अब पूरी तरह निष्क्रिय हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री समग्र शहरी योजना के तहत शहर के प्रमुख स्थानों पर नए सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। कैमरे लगाने का कार्य बुडको द्वारा किया जाएगा। संभावना है कि अगले माह तक शहर के सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर नए सीसीटीवी कैमरे लगा दिए जाएंगे।


पूर्व रेलवे

निविदा की रद्दगी

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा पूर्व प्रकाशित **ई-निविदा संख्या: 190_2025-26**, जिसके बंद होने की तारीख 29.12.2025 थी, को **तकनीकी कारणों के चलते दिनांक 16.12.2025 को रद्द कर दिया गया है।**

(HWH-470/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# स्वास्थ्य केंद्र नवादा में लापरवाही, मृतक का शव ठेला पर ले जाने को परिजन मजबूर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। नवादा जिले से एक बार फिर ऐसी खबर सामने आई है, जिसने सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था के दावों की परतें उधेड़ दी हैं। गोविंदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में घटी एक संवेदनहीन घटना ने न केवल सिस्टम की विफलता को उजागर किया है, बल्कि मानवता को भी कटघरे में खड़ा कर दिया है। अस्पताल में शव वाहन की सुविधा उपलब्ध न होने के कारण एक मृत व्यक्ति के शव को उसके परिजन ठेले पर रखकर घर ले जाने को मजबूर हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गोविंदपुर बाजार निवासी 30 वर्षीय अखिलेश पंडित की इलाज के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोविंदपुर में मृत्यु हो गई। मृत्यु के बाद परिजनों ने शव को सम्मानपूर्वक घर ले जाने के लिए अस्पताल प्रशासन से एंबुलेंस अथवा शव वाहन की मांग की, लेकिन उन्हें कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई। अंततः मजबूरी में परिजनों ने शव को ठेले पर रखकर अस्पताल से घर तक ले जाया। यह दृश्य इतना हृदयविदारक था कि उसे देख हर आंख नम और हर चेहरा सवालों से भर उठा। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। लोगों का कहना है कि सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं और एंबुलेंस सेवाओं पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन ज़मीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। एक मृतक के शव को सम्मान के साथ घर पहुंचाने की व्यवस्था तक न होना, स्वास्थ्य तंत्र की गंभीर और शर्मनाक विफलता को दर्शाता है। इस घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों और कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी अन्य परिवार को ऐसी अमानवीय पीड़ा का सामना न करना पड़े। इस संबंध में सिविल सर्जन नवादा सुरेश चौधरी ने बताया कि जिले में दो शव वाहन उपलब्ध हैं, जिन्हें टोल फ्री नंबर 102 पर कॉल कर मंगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अस्पताल के चिकित्सक भी मृतक के परिजनों को यह सुविधा उपलब्ध करा सकते हैं।

# पूर्व सांसद राजनीति प्रसाद के निधन पर राजद ने व्यक्त की शोक संवेदना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। पूर्व सांसद राजनीति प्रसाद के निधन पर प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि राजनीति बाबू राष्ट्रीय जनता दल के मजबूत स्तंभ थे उनका जाना पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपने जीवन के अंतिम दम तक पार्टी के नीति को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया। पूर्व विधायक राकेश कुमार रोशन एवं प्रदेश महासचिव हुमायूं अख्तर तारीक ने कहा कि राजनीति बाबू राष्ट्रीय जनता दल के समर्पित नेता एवं सादगी के प्रति मूर्ति थे। उनके निधन के खबर सुनते ही जिला राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय के झंडा को झुका दिया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अशोक कुमार हिमांशु, प्रधान महासचिव सुनील यादव पूर्व प्रत्याशी सुनील साव, महानगर अध्यक्ष खुर्शीद आलम अंसारी, प्रमोद गुप्ता, दीपक कुमार सिंह, पप्पू यादव, मनोज यादव, अरुण कुमार कल्लू मुखिया, विनोद प्रसाद, पवन यादव, महेश यादव अधिवक्ता,अनिल कुमार अकेला, नवल यादव मोहम्मद शहाबुद्दीन,रामाशीष यादव, राजो पासवान, रामाशीष चौधरी,जीतू यादव, संजीत कुमार राय, नगीना यादव, मंटू यादव ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

# बढ़ती ठंड को लेकर नगर परिषद ने की अलाव की व्यवस्था

नबिटा ब्यूरो



**नवादा**। शुक्रवार से नवादा शहर में बढ़ते ठंड को लेकर नगर परिषद की ओर से आठ जगहों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। नवादा नगर परिषद के मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी द्वारा खुद सभी जगह पर जाकर अलाव जलाने का कार्य किया गया। इस मौके पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सत्येंद्र प्रसाद वर्मा ने कहा कि प्रत्येक साल की तरह इस साल भी ठंड बढ़ने के साथ ही नगर परिषद की ओर से अलाव की व्यवस्था की गई है। जरूरत पड़ने पर और अन्य जगहों पर भी अलाव की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि फुटपाथी एवं अन्य लोगों के लिए नवादा सदर अस्पताल में रैन बसेरा भी स्थाई रूप से बनाए गए हैं। जरूरत पड़ने पर शहर के प्रजातंत्र चौक, भगत सिंह चौक, तीन नंबर स्टैंड और सद्भावना चौक के पास आस्थाई रूप से रैन बसेरा बनाया जाएगा, ताकि बेघर लोगों को ठंड से बचाया जा सके। मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी ने कहा कि नगर परिषद हमेशा से ही लोगों का ख्याल रखते आ रही है। ठंड से बचाव के लिए जगह-जगह अलाव की व्यवस्था की जा रही है। अन्य जगहों पर भी इस तरह की अलाव की व्यवस्था शीघ्र ही की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुख्य पार्षद संजय साव, उपमुख पार्षद प्रतिनिधि कैलाश विश्वकर्मा, जदयू जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, नगर परिषद के एसडीओ राजेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।


पूर्व रेलवे

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से [**वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा** के अधिकार क्षेत्र के लिए] ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम संख्या:** 1। **एनआईटी संख्या: 208_2025-26, दिनांक: 18.12.2025। कार्य का विवरण:** कोन्नगर, रिसड़ा, श्रीरामपुर एवं सेवड़ाफुली स्टेशनों पर 40 केएलडी क्षमता के एसटीपी कम रीसाइक्लिंग संयंत्र की स्थापना एवं शुरुआत तथा 02 वर्षों के लिए परिचालन एवं रखरखाव। **अनुमानित लागत:** ₹ 29,41,455.89। **बयाना राशि:** ₹ 58,800। **पूरा करने की अवधि:** 03 (तीन) महीना। **क्रम संख्या:** 2। **एनआईटी संख्या: 209_2025-26, दिनांक: 18.12.2025। कार्य का विवरण:** वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन विभिन्न लोकेशनों पर रिले रूम का सुधार एवं जीर्णोद्धार। **अनुमानित लागत:** ₹ 1,05,39,650.94। **बयाना राशि:** ₹ 2,02,700। **पूरा करने की अवधि:** 06 (छह) महीना। **क्रम संख्या:** 3। **एनआईटी संख्या: 210_2025-26, दिनांक: 18.12.2025। कार्य का विवरण:** वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के खंड में बेलुड़, बाली, उत्तरपाड़ा, कोन्नगर, रिसड़ा, श्रीरामपुर, बैंडेल, मगरा और खन्यान में गैंग हट का निर्माण। **अनुमानित लागत:** ₹ 2,04,69,219.33। **बयाना राशि:** ₹ 2,52,400। **पूरा करने की अवधि:** 08 (आठ) महीना। **क्रम संख्या:** 4। **एनआईटी संख्या: 211_2025-26, दिनांक: 18.12.2025। कार्य का विवरण:** वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र में आरपीएफ/मुख्यालय/लिलुआ के अधीन आरपीएफ बैरक, सेवा भवन, आरपीएफ प्ले ग्राउंड, वाइट हाउस आदि की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार। **अनुमानित लागत:** ₹ 49,23,167.98। **बयाना राशि:** ₹ 98,500। **पूरा करने की अवधि:** 03 (तीन) महीना। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य ( क्रम संख्या 1 से 4 प्रत्येक के लिए)। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 29.12.2025 को दोपहर 2.00 बजे (क्रम संख्या 1 से 4 प्रत्येक के लिए)। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान-ई-निविदा के सम्बन्ध में निविदा दस्तावेज की कीमत (टीडीसी) एवं जमा बयाना राशि (ईएमडी) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के जरिये स्वीकार किया जायेगा। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(HWH-468/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

# एसडीओ व एएसपी ने किया औचक निरीक्षण

## अवैध गिट्टी लदा ट्रक को किया गया जब्त




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** डोभी चेकपोस्ट पर अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर शेरघाटी अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार एवं एएसपी शैलेन्द्र सिंह ने देर रात औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चेकपोस्ट पर तैनात कर्मियों की कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की और भारी वाहनों की सघन जांच कराई। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने अवैध कोयला ढुलाई, ओवरलोडिंग एवं बिना वैध कागजात के परिचालन करने वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई करने का स्पष्ट निर्देश दिया।

एसडीओ मनीष कुमार ने कहा कि डोभी चेकपोस्ट गया-चतरा और झारखंड को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है, जहां से होकर भारी संख्या में मालवाहक वाहन गुजरते हैं। ऐसे में अवैध खनन सामग्री, कोयला और ओवरलोड वाहनों की आवाजाही पर सख्त निगरानी जरूरी है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी वाहन को बख्शा न जाए और नियमानुसार जुमार्ना एवं कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

निरीक्षण के दौरान डोभी-चतरा रोड पर अवैध रूप से खनन की गई गिट्टी से लदे एक ओवरलोडेड वाहन को जब्त किया गया। वाहन के पास आवश्यक वैध कागजात नहीं पाए गए, जिसके बाद खनन एवं परिवहन नियमों के तहत आवश्यक कार्रवाई की गई।

एएसपी शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि अवैध खनन न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि सड़क सुरक्षा और पर्यावरण के लिए भी गंभीर खतरा है।

अधिकारियों ने चेकपोस्ट कर्मियों को 24 घंटे सतर्क रहने, रजिस्टर संधारण दुरुस्त रखने और संदिग्ध वाहनों की विशेष जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इस तरह के औचक निरीक्षण जारी रहेंगे, ताकि अवैध ढुलाई पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके।

# बयान को तोड़ मरोड़कर पेश किए जाने पर केंद्रीय मंत्री ने व्यक्त की प्रतिक्रिया

**□मेरे बयान को तोड़ मरोड़कर गलत तरीके से पेश किया गया □ लोकतंत्र में जनता मालिक होती है, इस सच्चाई को सभी जानते हैं□ □चुनावी प्रक्रिया में आयोग ही सर्वोपरि होता है□बिहार में अब लालू यादव का दौर नहीं रहा जब मतपेटी से जिन्न निकलता था**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया जी।** चुनावी प्रक्रिया को लेकर दिए गए बयान को तोड़ मरोड़कर पेश किए जाने पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम माँझी ने कड़ी आपत्ति जतायी है। श्री माँझी ने कहा है कि उन्होंने अपनी पार्टी के उम्मीदवार और प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार के मनोबल को लेकर बयान दिया था जिसे तोड़ मरोड़कर गलत तरीके से पेश किया जा रहा है यह बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है। बिहार समझ से परे हैं कि कुछ लोग मेरे बयान को नासमझी व गलत तरीके से परिभाषित कर रहे हैं या फिर किसी साज़िश के तहत ऐसा किया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री श्री माँझी ने कहा कि देश के अंदर रहने वाले सभी व्यक्ति को यह सच्चाई मालूम है कि लोकतंत्र में जनता ही मालिक होती है लेकिन जनादेश जब तक अंतिम तौर पर सामने न आ जाए उम्मीदवारों को मनोबल बनाए रखना चाहिए। मैंने इसी संदर्भ की चर्चा करते हुए 2020 के विधानसभा चुनावों का ज़िक्र किया था। हालिया विधानसभा चुनावों में बेहद कम वोटों के अंतराल से चुनाव हारने वाले अपने प्रदेश अध्यक्ष के मनोबल को लेकर मैंने जो बयान दिया उससे गलत तरीके से पेश किया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री श्री मांझी ने कहा कि देश के अंदर चुनावी प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कराने का श्रेय निर्वाचन आयोग को हो जाता है। क्या यह बात किसी को बताने की आवश्यकता है कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान अधिकारियों की भूमिका बेहद सीमित होती है और सभी निर्वाचन आयोग के प्रति जवाबदेह होते हैं। मैंने तत्कालीन जिलाधिकारी अभिषेक सिंह जी की चर्चा चुनाव से पूर्व सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुँचाने में उनकी कुशल भूमिका को लेकर की थी। यह बेहद दुखद है कि मेरे इस बयान को भी गलत तरीके से पेश किया जा रहा है।

अगर सत्ता में रह कर चुनावों को प्रभावित किया जा सकता तो फिर देश में सर्वाधिक समय तक शासन करने वाली कांग्रेस आज विपक्ष में नहीं बैठी होती है। 2014 के आम चुनावों में बड़ी जीत के बाद केंद्र की सत्ता में आयी एनडीए, 2015 के बिहार विधान सभा चुनाव में हार का सामना नहीं करता है। बिहार में वह दौर खत्म हो चुका है जब वह राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष और तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव मतपेटी से जिन्न निकाल दिया करते थे। अब जनता ही जिन्न निकालती है और जिसे जनादेश मिलता है वह जनता की सेवा करता है।

## एसडीओ ने अल्ट्रासाउंड सेंटर बन्द करने का दिया आदेश, किया सील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** शेरघाटी एसडीओ के आदेश पर डोभी में संचालित लाइफ लाइन अल्ट्रासाउंड सेंटर को शुक्रवार को सील कर दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को सील करने का आदेश गुरुवार को दिया। जिसके आलोक में अंचल अधिकारी अरुण कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.शिव शंकर झा और प्रभारी थानाध्यक्ष सुकरात कुमार ने चतरा मोड पहुंचकर अल्ट्रासाउंड को सील कर दिया। बताते चलें कि गुरुवार को एसडीओ ने चतरा मोड स्थित दो अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच की थी। जिसमें दोनों जगहों पर चिकित्सक नहीं पाए गए थे। दोनों अल्ट्रासाउंड सेंटर से कागजात कि जांच के लिए जब्त किया गया था। इधर प्रशासन के द्वारा एक ही तरह के मामले में एक को सील किया जाना और दूसरा को छोड़ देना प्रशासन के कार्यप्रणाली पर उंगली उठ रहा है। प्रशासन के एक पक्षीय कारवाई की चर्चा पूरे दिन चौक चौराहे पर होता रहा। दूसरे तरफ अन्य सेंटर संचालक अपना सेंटर बंद करके फरार हो गया है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा एक अल्ट्रासाउंड के जांच रिपोर्ट के आधार पर कारवाई करने का निर्देश दिया गया था।

## घटिया निर्माण सामग्री उपयोग का आरोप, लोगों में रोष

**गुरुआ।** प्रखंड अंतर्गत काज पंचायत के चटकबीघा गांव में जिला पार्षद द्वारा अष्टम योजना से पुस्तकालय भवन का निर्माण कराया जा रहा है। आरोप है कि निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है और घटिया किस्म की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, जब निर्माण स्थल पर कार्यरत मजदूरों से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि दस कड़ाही बालू में मात्र दो कड़ाही सीमेंट का प्रयोग किया जा रहा है। वहीं, भवन निर्माण में दो नंबर की ईंटों का उपयोग किया जा रहा है। इसके अलावा पिलर निर्माण में 10 एमएम छड़ का इस्तेमाल किए जाने की भी बात सामने आई है, जो मानकों के अनुरूप नहीं है। इसको लेकर ग्रामीणों में ठेकेदार के प्रति भारी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते जांच नहीं हुई तो भवन की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े होंगे। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर गुणवत्तापूर्ण भवन निर्माण सुनिश्चित कराया जाए।

## आरोपित गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**गुरारू।** थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार ने शुक्रवार को पिछले साल प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय पर हंगामा करने और रोड़ेबाजी करने का मुख्य अभियुक्त रौशन कुमार पिता रवि कुमार को बगडिहा मोहल्ला से गुरूवार की रात्रि गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। गौरतलब है कि पिछले वर्ष पैक्स चुनाव में वर्तमान पैक्स अध्यक्ष नवल यादव पर आरोप लगाते हुए संभावित उम्मीदवार बुटाली सिंह का नाम पैक्स वोटरों से काट दिए जाने के विरोध में प्रखण्ड कार्यालय पर धरना -प्रदर्शन एवं रोड़ेबाजी किया गया था। इस अप्रत्याशित घटनाक्रम में निवर्तमान रेवेन्यू ऑफिसर प्रिति कुमारी का सर फट गया था। इस संबंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष ने कहा कि जल्द ही अन्य आरोपियों की भी गिरफ्तारी कर ली जाएगी। वहीं घटेरा गांव से रवि पासवान पिता सुनील पासवान एवं सुबोधकांत सुमन पिता विजय चौधरी को शराब पीकर हंगामा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

## एसडीओ की कार्रवाई से हड़कम्प

**शेरघाटी।** शुक्रवार की सुबह शेरघाटी अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) मनीष कुमार ने आमस टोल प्लाजा पर औचक निरीक्षण करते हुए ओवरलोडिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। इस दौरान एक ओवरलोड ट्रक को पकड़ा गया, जिसे मौके पर ही प्रोजेक्ट (जब्त/रोका) कर दिया गया। कार्रवाई से टोल प्लाजा क्षेत्र में हड़कंप मच गया। एसडीओ मनीष कुमार ने बताया कि नियमित जांच अभियान के तहत आमस टोल प्लाजा पर वाहनों की सघन जांच की जा रही थी। इसी क्रम में एक संदिग्ध ट्रक को रोका गया। जांच के दौरान पाया गया कि ट्रक निर्धारित क्षमता से अधिक भार लेकर चल रहा था। इसके साथ ही वाहन से संबंधित आवश्यक कागजात भी सही नहीं पाए गए। चालक ट्रक के वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने में असमर्थ रहा। अनुमंडल पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि ओवरलोडिंग न केवल सड़क सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि इससे सड़कों को भी गंभीर नुकसान पहुंचता है। नियमों की अनदेखी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# नदी किनारे अज्ञात लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीरामपुर फील्ड के पास उस समय सनसनी फैल गई, जब एक अज्ञात व्यक्ति का शव नदी के पानी में गड़ा हुआ अवस्था में पाया गया। घटना की जानकारी उस वक्त सामने आई जब स्थानीय बच्चे नदी किनारे क्रिकेट खेल रहे थे। खेल के दौरान गेंद नदी की ओर चली गई, जिसे लाने के लिए बच्चे जब पानी के पास पहुंचे तो उन्हें वहां कुछ संदिग्ध दिखाई दिया। पास जाकर देखने पर पता चला कि नदी के पानी में एक व्यक्ति का शव आंशिक रूप से गड़ा हुआ है।

इसकी सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। लोगों ने तुरंत इसकी जानकारी शेरघाटी थाना को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मोहन कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन मृतक की पहचान तत्काल नहीं हो सकी।

पुलिस के अनुसार शव काफी समय से पानी में होने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि मृत्यु के कारणों का स्पष्ट पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। प्रारंभिक जांच में किसी प्रकार की पहचान से जुड़ा कोई दस्तावेज शव के पास से बरामद नहीं हुआ है। थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि शव को पहचान एवं चिकित्सीय परीक्षण के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया भेजने की तैयारी की जा रही है। साथ ही आसपास के थाना क्षेत्रों में सूचना भेजकर मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए हर पहलु की जांच कर रही है। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है।

## शराब पीकर हंगामा कर रहा युवक गिरफ्तार

**नवबिहारटाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शराब पीकर बाजार में हंगामा कर रहे एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि ददरेजी बाजार में एक युवक द्वारा शराब के नशे में शोरगुल मचाने की सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर उक्त युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक की पहचान श्रीकांत मिस्त्री, ग्राम कुसमी फेसरा, थाना पौथु, जिला औरंगाबाद निवासी के रूप में की गई है, जो अपने ससुराल आया हुआ था। वह शराब पीकर ददरेजी बाजार में उत्पात मचा रहा था। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध कोंच थाना कांड संख्या 892/25 दर्ज कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। कोविड जांच के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# डीआरएम से वार्ता को ले किसान मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा, मगध के बैनर तले 11 सूत्री मांगों को लेकर किसानों का संघर्ष तेज हो गया है। मोर्चा ने 30 दिसंबर 2025 को डीआरएम के साथ शिष्टमंडल वार्ता करने हेतु इसमाइलपुर रेलवे स्टेशन अधीक्षक के माध्यम से शुक्रवार दोपहर तीन बजे आवेदन सौंपा है। बताया गया कि इससे पूर्व 20 अगस्त 2025 को इसमाइलपुर रेलवे स्टेशन परिसर में एकदिवसीय धरना दिया गया था। मांगों में अंगरा शाखा नहर पर इसमाइलपुर में तथा कोटवारा शाखा नहर पर देवरोड हाल्ट के पास रेल पुल निर्माण, इसमाइलपुर में निमार्णाधीन ओवरब्रिज को शीघ्र चालू कराने, डेहरीझगया रेलखंड में 11:30 पूर्वाह्न से 1:30 अपराह्न के बीच पैसेंजर ट्रेन चलाने सहित अन्य प्रमुख मांगें शामिल हैं। मोर्चा के सचिव एवं गुरारू उत्तरी के जिला पार्षद बालेश्वर प्रसाद ने बताया कि मांगों को लेकर लगातार आंदोलन किया जा रहा है, बावजूद इसके अब तक सरकार की ओर से कोई ठोस पहल नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि यदि शिष्टमंडल वार्ता में मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो मोर्चा बड़े और लंबे आंदोलन के लिए तैयार है। आवेदन सौंपने के दौरान मोर्चा के मुख्य संरक्षक जयनंदन शर्मा के अलावा मुन्ना प्रसाद, राम पुकार विश्वकर्मा, भोला कुमार और कृष्णा गुप्ता उपस्थित थे।

# जीतन राम मांझी का वीडियो वायरल,सियासी पारा हाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** केंद्रीय मंत्री एवं हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के संरक्षक जीतन राम मांझी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। वीडियो में मांझी 2020 के विधानसभा चुनाव में टिकारी सीट से जीत को लेकर कथित तौर पर ह्यउपायह्ल किए जाने का किस्सा सुनाते नजर आ रहे हैं। दरअसल, 14 दिसंबर को बाराचट्टी विधानसभा क्षेत्र में नवनिर्वाचित विधायक ज्योति मांझी के अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया था, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जीतन राम मांझी शामिल हुए थे। मंच से संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में हम पार्टी ने छह में से पांच सीटें जीतीं, जबकि टिकारी सीट वह मामूली अंतर से हार गए। मांझी ने अपने भाषण में कहा कि 2020 के चुनाव में मतगणना के दौरान वह करीब 2700 वोट से पीछे चल रहे थे और उस समय ह्यउपायह्ल के बाद जीत हासिल हुई थी। उन्होंने तत्कालीन डीएम अभिषेक सिंह का भी उल्लेख किया। इस बार 1600 वोट से हार जाने की बात कहते हुए उन्होंने इसे अपना दुर्भाग्य बताया। वीडियो वायरल होते ही राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। राजद ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए चुनाव प्रक्रिया में कथित हेराफेरी का आरोप लगाया है। टिकारी प्रत्याशी सुमंत कुमार ने बताया कि मेरे वश में सिर्फ कर्म है; परिणाम नहीं। निष्काम कर्म करते रहेंगे। इस संबंध में राजद के टिकारी विधायक अजय दांगी से बातचीत की गई।

उन्होंने कहा कि इस बार हमने 2058 मतों से जीत दर्ज की है। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी जैसे वरिष्ठ नेता द्वारा इस तरह की बातें कहना शोभा नहीं देता। उनके भाषण से यह स्पष्ट होता है कि पिछली बार अनिल सिंह को 2700 मतों से जिताया गया था और यदि इस बार भी ऐसा होता, तो हमारे जैसे छोटे कार्यकर्ता को भी हराया जा सकता था।

अजय दांगी ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का सपना था कि चाहे राजा हो या फकीर, सभी को एक समान वोट का अधिकार मिले। लेकिन एक कॉल पर दो-दो हजार वोटों में हेराफेरी कर किसी को हराना और किसी को जिताना लोकतंत्र की आत्मा के खिलाफ है। उन्होंने आगे कहा कि एक-एक वोट की कीमत होती है। एक वोट से सरकार बनती है और एक वोट से सरकार गिर भी जाती है। जिस तरह से वोट की चोरी की बातें सामने आ रही हैं, वह बिहार ही नहीं बल्कि पूरे देश के लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। गौरतलब है कि 2020 के विधानसभा चुनाव में टिकारी सीट से हम पार्टी के डॉ. अनिल कुमार विजयी हुए थे।

# यौन उत्पीड़न रोकथाम पर सेमिनार




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** गया अभियंत्रण महाविद्यालय, गया में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम अधिनियम, 2013 के अंतर्गत शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक दिवसीय जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन संस्थान की आंतरिक शिकायत समिति द्वारा किया गया।

सेमिनार का मुख्य उद्देश्य संस्थान में एक सुरक्षित, सम्मानजनक एवं समान कार्य वातावरण सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं संस्थान के प्राचार्य डॉ. राजन सरकार के स्वागत भाषण से हुई।

सेमिनार की मुख्य अतिथि अधिवक्ता अदिति कुमारी गुप्ता ने अधिनियम के कानूनी प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि यौन उत्पीड़न केवल शारीरिक संपर्क तक सीमित नहीं है, बल्कि मौखिक टिप्पणी, आपत्तिजनक व्यवहार, इशारे, संदेश अथवा अनुचित मांग भी इसके अंतर्गत आते हैं। उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने एवं किसी भी प्रकार की उत्पीड़न की स्थिति में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। संस्थान की आंतरिक शिकायत समिति की पीठासीन अधिकारी डॉ. श्वेत निशा ने क्ळ्उ के सदस्यों का परिचय देते हुए शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने कहा कि ढडरव्ल कानून महिलाओं को यह अधिकार प्रदान करता है कि वे कार्यस्थल पर बिना भय एवं गरिमा के साथ कार्य कर सकें। सेमिनार के अंत में प्रश्न-उत्तर सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान किया गया। कार्यक्रम का समापन ह्यसुरक्षित कार्यस्थलह्ल की शपथ के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्थान के डीन प्रो. आलोक मिश्रा, डॉ. एम. इकबाल, डॉ. मृणाल रंजन, श्री रितेश कुमार, डॉ. सना परवीन, सुश्री देवलीना पारई, श्री अनिल कुमार, श्री रविकांत भारती एवं श्री ओम प्रकाश रजक सहित कई शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।


बिहार सरकार

**नगर विकास एवं आवास विभाग**
**कार्यालय नगर पंचायत, बारूण (औरंगाबाद)**

**ई0–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–03/2025–26**
**(https://eproc2.bihar.gov.in)**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, बारूण।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि :– 18.12.2025
3. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की प्रारंभ तिथि/समय :– 02.01.2026 को 11:00 बजे से On Website (https://eproc2.bihar.gov.in )
4. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय :– दिनांक– 26.01..2026 को 15:00 बजे तक
5. प्री बीड मीटिंग का समय/स्थान एवं तिथि :– दिनांक– 05.01..2026 के समय 11:00 बजे, स्थान–कार्यालय,नगर पंचायत बारूण, (औरंगाबाद) On Website (https://eproc2.bihar.gov.in )
6. तकनिकी खोलने की तिथि/समय :– दिनांक–27.01.2026 के 15:30 बजे के बाद On Website (https://eproc2.bihar.gov.in )
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि/समय :– तकनीकि बीड निष्पादन के उपरांत
8 अग्रधन, बैंक गारण्टी, सभी शपथ पत्र एवं Existing Commitment (मूल में) जमा करने की अंतिम तिथि समय एवं स्थान :– दिनांक– 27-01-2026 के 15:00 बजे तक,
:– 1. स्थान–कार्यालय, नगर पंचायत बारूण (औरंगाबाद)
2. कार्यपालक अभियंता, बुडको कार्यालय,औरंगाबाद
3. अधीक्षण अभियंता,बुडको, मगध प्रमण्डल,गया
4. मुख्य अभियंता, बुडको, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार पटना का कार्यालय।

9. कार्य का विवरण :–
मद का नाम–षष्टम् वित्त/15वीं वित्त एवं राज्य योजना मद के कर्णांकित राशि से।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (रू0 में) | Bid Processing Fee (Through online payment) (अप्रत्यर्पणीय) (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड संख्या–05 में सिपाही जी के घर से श्री देवा सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ एवं आर0सी0सी0 नाला निर्माण कार्य। | 4001500.00 | 80100/- | 5000/- | as per amount generated on | 04माह |
| 2. | वार्ड संख्या–10 में चन्द्रविगहा नहर रोड से रामजी सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 5132164.00 | 102700/- | 10000/- | as per amount generated on | 06माह |
| 3. | वार्ड संख्या–09 में विनोद पाण्डेय के घर से सुदर्षन पाण्डेय के जमीन होते हुए बरूआ पुल नाला मेन रोड (NH2) तक ढक्कन युक्त आर0सी0सी0 नाला निर्माण कार्य। | 6996205.00 | 140000/- | 10000/- | as per amount generated on | 06माह |
| 4. | वार्ड संख्या–10 में राजेन्द्र सिंह के घर से गोवर्धन पहाड़ तक आर0सी0सी0 ढक्कन युक्त नाला निर्माण कार्य। | 3593130.00 | 71900/- | 5000/- | as per amount generated on | 04माह |
| 5. | वार्ड संख्या–10 में ब्रम्हस्थान से राम बचन शिक्षक के घर होते हुए मुख्य पटना कैनाल रोड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 6901000.00 | 138100/- | 10000/- | as per amount generated on | 06माह |

9.विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in अथवा state.bihar.gov.in/prdbihar में देखा जा सकता है।

PR- 20047 ( B & C ) 2025-26

**कार्यपालक पदाधिकारी**
**नगर पंचायत बारूण।**

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

संपादकीय

# अब 'रामजी' के भरोसे मनरेगा

मोदी सरकार और भाजपा को मनरेगा से राजनीतिक परेशानी तो पहले भी थी, लेकिन अब इस योजना के नाम में से भी महात्मा गांधी शब्द हटाया जा रहा है। सरकार वर्तमान मनरेगा कानून की जगह नया कानून लेकर आ रही है। इसे नया रोजगार विधेयक कहा जा रहा है। इस नए विधेयक का पूरा नाम 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) ( संक्षेप में VB-G RAM G) बिल, 2025 है। यानी नये विधेयक में महात्मा गांधी का नाम गायब है। विधेयक का उद्देश्य 'विकसित भारत 2047' की राष्ट्रीय दृष्टि के अनुरूप ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करना बताया गया है। बताया जाता है कि यह विधेयक संसद के शीतकालीन सत्र में पेश किया जाएगा। लेकिन इस पर अभी से विवाद शुरू हो गया है। विपक्ष का आरोप है कि योजना से 'गांधी' नाम हटा कर राम के नाम पर गरीबो को दंडित किया जाएगा। सरकार का कहना है कि नया विधेयक ग्रामीण परिवारों को अकुशल मैनुअल कार्य के लिए प्रति वर्ष 100 दिनों की बजाय 125 दिन रोजगार देगा। लेकिन हकीकत में इसका उल्टा होने की संभावना ज्यादा है। क्योंकि सरकार ने नई योजना की फुल फंडिंग से हाथ खींचते हुए इसमें केन्द्र और राज्य सरकार का योगदान 60:40 कर दिया है। राज्य सरकारों के पास वैसे भी पैसा नहीं है और रेवड़ी कल्चर में उनका बहुत सारा पैसा जा रहा है। अगर राज्य इसके लिए पैसा नहीं दे सके तो केन्द्र का हिस्सा नहीं मिलेगा। कुल मिलाकर योजना में पलीता लग जाएगा। इसमें फंडिंग का बोझ राज्यों पर बढ़ जाएगा। सरकार ने सोमवार को लोकसभा सदस्यों के बीच इस विधेयक की प्रति दी है। योजना के तहत सार्वजनिक कार्य जैसे कि - जल सुरक्षा, कोर ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर, आजीविका संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर और चरम मौसम घटनाओं से निपटना आदि काम कराए जाएंगे। वैसे मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार की शिकायतें भी काफी मिली हैं, क्योंकि इसकी मॉनिटरिंग की प्रभावी व्यवस्था नहीं थी। नए कानून में योजना की सख्त मॉनिटरिंग का प्रावधान किया गया है। लेकिन इससे कागजी कार्रवाई भी बढ़ेगी। सीपीएम सांसद जॉन ब्रिटास जॉन ब्रिटास ने कहा कि यह मनरेगा की मूल संरचना को तोड़ रहा है, केंद्र की भूमिका बढ़ा रहा है और राज्यों पर अव्यावहारिक बोझ डाल रहा है। महात्मा गांधी का नाम हटाना तो सिर्फ़ ट्रेलर है, असली नुकसान कहीं ज़्यादा गहरा है। सरकार ने अधिकार-आधारित गारंटी कानून की आत्मा को खत्म कर दिया और उसकी जगह एक शर्तिया, केंद्र द्वारा नियंत्रित योजना ले आई है, जो राज्यों और मज़दूरों के खिलाफ है। मनरेगा योजना को तत्कालीन यूपीए 1 सरकार ने 2005 में लागू किया था और 2009 में इसके नाम में महात्मा गांधी जोड़ा गया। यह दुनिया की सबसे बड़ी ग्रामीण रोजगार योजना है, जो ग्रामीण गरीबी कम करने, स्थानीय इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने और महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण रही है। हालांकि, सरकार का तर्क है कि ग्रामीण भारत बदल गया है, गरीबी घटी है, डिजिटल पहुंच बढ़ी है, इसलिए नई, आधुनिक योजना की जरूरत है। बहरहाल, मोदी सरकार द्वारा यह विधेयक संसद में पेश किए जाने पर जोरदार बहस का विषय बनेगा। क्योंकि विपक्ष इसे मनरेगा को ख़त्म करना बता रहा है, जबकि सरकार इसे आधुनिक, इंफ्रास्ट्रक्चर-केंद्रित और डिजिटल रूप में सुधार बता रही है। संसद का शीतकालीन सत्र 19 दिसंबर को समाप्त होगा, इसलिए विधेयक पर चर्चा और मतदान जल्द हो सकता है। ग्रामीण आजीविका से जुड़ा यह बदलाव राजनीतिक रूप से संवेदनशील साबित हो सकता है। किसी भी योजना में बदलाव का हर सरकार को है, लेकिन इससे यह संदेश भी जाना चाहिए कि यह वास्तव में लोगों के हित में है। और महात्मा गांधी का नाम हटाना किसी के गले नहीं उतर रहा।

# वंदेमातरम् में राष्ट्र की चेतना की झलक

**गीत के इतिहास में जाएं तो 7 नवंबर 1875 को बंगाल के कांठलपाड़ा गांव में बंकिमचंद्र चटर्जी ने इस गीत के पहले दो छंदों की रचना की थी। 1937 में कांग्रेस ने ये ही दो छंद अपनाए थे। रचना के सात साल बाद 1882 में उपन्यास 'आनंदमठ' में इसे पूरा करके सम्मिलित किया गया था। 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस' के 1896 के अधिवेशन में कलकत्ता में पहली बार ये गीत गूंजा। महान कवि रबीन्द्रनाथ टैगोर ने इसे सुर और ताल दिए और पहली बार राजनीतिक मंच पर गाया। ब्रिटिशों ने इसे बैन करने की कोशिश भी की। सुभाष चंद्र बोस ने इसे 'आजाद हिन्द फौज' का मार्चिंग सॉन्ग बनाया। पंडित विष्णु दिगंबर पलुस्कर ने 1915 से हर कांग्रेस अधिवेशन में इसे गाया। अरबिंदो घोष ने अंग्रेजी में और आरिफ मोहम्मद खान ने उर्दू में इसका अनुवाद किया। आजादी के बाद 24 जनवरी 1950 को राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने 'राष्ट्रगान' 'जनगणमन' के साथ 'राष्ट्रगीत' 'वंदे मातरम्' की घोषणा की।**

**अरविंद जयतिलक**

भरत 'वंदेमातरम्' गीत के 150 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है। चारों ओर 'वंदेमातरम्' की गूंज से भारतीयता का भाव गुंजायमान है, लेकिन विडंबना है कि यह कुछ लोगों को रास नहीं आ रहा। वे कुतर्कों का सहारा लेकर किस्म-किस्म से विरोध की प्रस्तावना खींच रहे हैं। यह ठीक नहीं है। उन्हें समझना होगा कि 'वंदेमातरम्' किसी धर्म या मजहब के समर्थन या विरोध में नहीं है। यह मातृभूमि के प्रति समर्पण, त्याग और बलिदान का वह निश्छल भाव है जिसे विचारों का हथियार बनाकर आजादी के दीवानों ने मातृभूमि को आजाद कराया। राष्ट्रगीत 'वंदेमातरम्' केवल शब्द भर नहीं हैं, बल्कि इसमें राष्ट्र की संस्कृति, इतिहास, कला, साहित्य और ज्ञान-विज्ञान का वह भाव समाहित है जो भारत राष्ट्र की निरंतरता और चेतना को उद्घाटित करता है। इसके प्रकटीकरण से राष्ट्र की गरिमा और गौरव में वृद्धि होती है।

गीत के इतिहास में जाएं तो 7 नवंबर 1875 को बंगाल के कांठलपाड़ा गांव में बंकिमचंद्र चटर्जी ने इस गीत के पहले दो छंदों की रचना की थी। 1937 में कांग्रेस ने ये ही दो छंद अपनाए थे। रचना के सात साल बाद 1882 में उपन्यास 'आनंदमठ' में इसे पूरा करके सम्मिलित किया गया था। 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस' के 1896 के अधिवेशन में कलकत्ता में पहली बार ये गीत गूंजा। महान कवि रबीन्द्रनाथ टैगोर ने इसे सुर और ताल दिए और पहली बार राजनीतिक मंच पर गाया। ब्रिटिशों ने इसे बैन करने की कोशिश भी की। सुभाष चंद्र बोस ने इसे 'आजाद हिन्द फौज' का मार्चिंग सॉन्ग बनाया। पंडित विष्णु दिगंबर पलुस्कर ने 1915 से हर कांग्रेस अधिवेशन में इसे गाया।

अरबिंदो घोष ने अंग्रेजी में और आरिफ मोहम्मद खान ने उर्दू में इसका अनुवाद किया। आजादी के बाद 24 जनवरी 1950 को राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने 'राष्ट्रगान' 'जनगणमन' के साथ 'राष्ट्रगीत' 'वंदे मातरम' की घोषणा की। मूल रुप से 'वंदेमातरम्' के प्रारंभिक दो




पद संस्कृत में थे और शेष गीत बांग्ला में। दिसंबर 1905 में कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक में गीत को 'राष्ट्रगीत' का दर्जा प्रदान किया गया और बंगाल विभाजन के समय यह गीत राष्ट्रीय नारा बन गया। 1906 में 'वंदेमातरम' देवनागरी लिपि में प्रस्तुत किया गया। सन् 1923 में कांग्रेस अधिवेशन में मोहम्मद अली जिन्ना द्वारा इस्लाम की भावना के विरुद्ध बताकर 'वंदेमातरम्' गीत का विरोध किया गया, लेकिन पंडित जवाहरलाल नेहरु, सुभाषचंद्र बोस, मौलाना अब्दुल कलाम आजाद और आचार्य नरेंद्र देव की समिति ने 28 अक्टूबर 1937 को कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में पेश अपनी रिपोर्ट में इस गीत के पहले दो पैराग्राफ को राष्ट्रगीत के रुप में स्वीकृति दे दी। 14 अगस्त, 1947 की मध्यरात्रि में 'संविधान सभा' की पहली बैठक का प्रारंभ 'वंदेमातरम' के साथ और समापन राष्ट्रगान 'जनगणमन' के साथ हुआ।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने 1905 में वंदेमातरम् गीत के संबंध में लिखा है कि - 'आज लाखों लोग एक बात के लिए एकत्र होकर वंदेमातरम गाते हैं, मेरे विचार से इसने हमारे राष्ट्रीय गीत का दर्जा हासिल कर लिया है। मुझे यह पवित्र, भक्तिपरक और भावनात्मक गीत लगता है। कई अन्य राष्ट्रगीतों के विपरित यह किसी अन्य राष्ट्र-राज्य की नकारात्मकताओं के बारे में शोर-शराबा नहीं करता है।' 1936 में भी गांधी जी ने 'वंदेमातरम्' के बारे में कहा कि - 'कवि ने हमारी मातृभूमि के लिए जो अनेक सार्थक विशेषण प्रयुक्त किए हैं, वे एकदम अनुकूल हैं, इनका कोई सानी नहीं है। अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम इन विशेषणों को यथार्थ में बदलें। मुझे कभी ख्याल नहीं आया कि यह गीत सिर्फ हिंदुओं के लिए रचा गया है।'

आजादी के आंदोलन के अलावा 1907 में जर्मनी के स्टुटगार्ट में जब 'अंतर्राष्ट्रीय सोशलिस्ट कांग्रेस' का अधिवेशन शुरु हुआ तो श्यामजी वर्मा, मैडम कामा, विनायक सावरकर जैसे क्रांतिकारियों ने भारत की स्वतंत्रता पर संकल्प पारित करने के लिए भाषण से पहले आधुनिक भारत के पहले राष्ट्रीय झंडे को फहराया और इस झंडे के मध्य में देवनागरी लिपि में 'वंदेमातरम' लिखा। यहां ध्यान देना होगा कि 1906 से 1911 तक यह गीत पूरा गाया जाता था। इस गीत में वह ताकत थी कि ब्रिटिश हुकूमत को बंगाल के विभाजन का फरमान वापस लेना पड़ा। भगत सिंह, मदनलाल ढींगरा, राजगुरु, अशफाकउल्ला और रामप्रसाद 'बिस्मिल' जैसे क्रांतिकारियों ने 'वंदेमातरम' के नारे के साथ फांसी के फंदे को चूमा था।

'वंदेमातरम' गीत राष्ट्रीयता का स्वर है, साथ ही क्रांतिकारियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी। यह ठीक नहीं है कि कुछ सियासी दल और संगठन अपने राजनीतिक फायदे के लिए 'वंदेमातरम्' को राजनीतिक संकीर्णता के दायरे में रखकर इस्लाम की मान्यताओं के खिलाफ प्रचारित कर रहे हैं। भला इस गीत से किसी मजहब और संप्रदाय को किस तरह चोट पहुंच सकती है?

वंदेमातरम् का विरोध कोई नई प्रवृत्ति नहीं है। गत वर्ष सपा सांसद शफीकुर्रहमान बर्क ने वंदेमातरम् के गायन को इस्लाम की भावना के खिलाफ बताया था। 2013 में, जब वे बीएसपी सांसद थे, 'वंदेमातरम्' का अपमान कर इसकी धुन बजने पर सदन से उठकर चले गए थे। उनके इस शर्मनाक कृत्य की तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार ने निंदा करके जवाबतलबी भी की थी। गत वर्ष पहले मध्यप्रदेश की कमलनाथ सरकार ने भी वंदेमातरम् के गायन पर पाबंदी लगाई थी, लेकिन जब देश भर में इस निर्णय की आलोचना हुई तब यू-टर्न लेते हुए फैसला लिया गया कि हर महीने के पहले कार्य दिवस पर पुलिस बैंड की धुनों पर 'वंदेमातरम्' गाया जाएगा।

गत वर्ष जब मद्रास उच्च न्यायालय ने 'वंदेमातरम्' को तमिलनाडु के स्कूलों में सप्ताह में कम-से-कम दो बार गायन अनिवार्य किया, तब भी कुछ सियासी दलों ने हायतौबा मचाना शुरु किया था। इसे मजहबी फ्रेम में फिटकर इस्लाम की भावना के विरुद्ध सियासी शोर में बदलने की कोशिश की गई। आज भी कुछ ऐसा ही उपक्रम देखने को मिल रहा है। कुछ सियासी दल और राष्ट्र विरोधी संगठन 'वंदेमातरम' पर अनावश्यक वितंडा खड़ाकर देश का माहौल खराब कर रहे हैं। यह ठीक नहीं है। देश के जनमानस को ऐसे प्रपंचियों और अराजकवादियों से सतर्क और सावधान रहना होगा।

अध्यात्म

## बुरे समय में निराश नहीं होना चाहिए



संत ने अपने राज्य के राजा को एक ताबीज दिया और कहा कि इसमें एक दिव्य मंत्र लिखा हुआ है, जब भी किसी मुश्किल समय में उलझ जाओ तो इसे खोलकर पढ़ लेना

पुराने समय में एक राजा के राज्य में विद्वान संत रहते थे। एक दिन संत अपने राजा से मिलने पहुंचे। राजा ने संत की खूब सेवा की। राजा की सेवा से प्रसन्न होकर संत ने जाते समय उसे एक ताबीज दिया। संत बोले, ' जब आपको ऐसा लगे कि आप किसी बड़ी मुसीबत में फंस गए हो और कोई रास्ता दिखाई नहीं दे रहा है। सब कुछ खत्म हो गया है, तब इस ताबीज को खोल लेना। इसमें एक दिव्य मंत्र लिखा है। ये पढ़ लेना। लेकिन, इसे बुरे समय में ही खोलना। ये बात ध्यान रखना। राजा ने ताबीज गले में पहन लिया। कुछ दिन बाद पड़ोसी राजाओं ने राजा के राज्य पर आक्रमण कर दिया। शत्रु काफी ज्यादा थे। राजा अकेला था, इस वजह से उसकी सेना हार गई। किसी तरह राजा अपनी जान बचाकर जंगल में भाग गया। वह एक गुफा में छिप गया। गुफा में उसे शत्रु सैनिकों के कदमों की आवाज सुनाई दी तो उसे लगा कि अब मैं फंस गया हूं, सब खत्म हो गया। सैनिक बंदी बना लेंगे। तभी उसे संत के ताबीज की याद आई। राजा ने तुरंत ही ताबीज खोला और कागज निकाला। उस पर लिखा था कि ये समय भी निकल जाएगा। ये पढ़कर राजा को थोड़ा सुकून मिला। कुछ ही देर में सैनिक के कदमों की आवाज कम होने लगी। गुफा से झांककर राजा ने देखा तो सैनिक उस जगह से काफी दूर निकल गए थे। राजा तुरंत ही गुफा से बाहर निकला और अपने राज्य में पहुंच गया। इस तरह राजा जीवित बच गया।

**सीख** – जीवन में अच्छे दिन हो या बुरे दिन, हमेशा नहीं रहते हैं। सुख और दुख, दोनों तरह के समय में ये बात हमेशा ध्यान रखनी चाहिए कि ये समय भी कट जाएगा। अच्छे दिनों में ऐसे कामों से बचें, जिनसे अहंकार बढ़ता है और बुरे दिनों में धैर्य से काम लें।

# बाल-सुरक्षा और तकनीकी समाधानवाद

**डिजिटल युग में बच्चों और किशोरों का जीवन केवल भौतिक संसार तक सीमित नहीं रह गया है। सामाजिक माध्यम, ऑनलाइन मंच और आभासी समुदाय आज उनके सीखने, अभिव्यक्ति, पहचान और सामाजिक संबंधों का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं। ऐसे समय में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि इन मंचों पर बच्चों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाए। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया द्वारा सोलह वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सामाजिक माध्यमों पर पूर्ण प्रतिबंध का प्रस्ताव इसी चिंता से उत्पन्न हुआ है। परंतु इस कदम को लेकर यह आलोचना भी सामने आई है कि यह एक जटिल मनो-सामाजिक समस्या का अत्यधिक सरलीकृत, तकनीक-आधारित समाधान है, जिसे 'तकनीकी समाधानवाद' कहा जा रहा है।**

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

तकनीकी समाधानवाद का अर्थ है यह मान लेना कि सामाजिक, सांस्कृतिक और मनोवैज्ञानिक समस्याओं को केवल तकनीकी नियमों, प्रतिबंधों या उपकरणों के माध्यम से हल किया जा सकता है। बच्चों के संदर्भ में यह दृष्टिकोण विशेष रूप से सीमित प्रतीत होता है, क्योंकि बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य, आत्मसम्मान, सामाजिक तुलना, ऑनलाइन उत्पीड़न, अकेलापन और व्यवहारिक परिवर्तन केवल मंच तक पहुँच रोक देने से समाप्त नहीं होते। ये समस्याएँ परिवार, विद्यालय, सहपाठी समूह, सामाजिक वातावरण और व्यापक सांस्कृतिक प्रवृत्तियों से गहराई से जुड़ी होती हैं। ऑस्ट्रेलिया का प्रस्ताव इन जटिल कारणों की बजाय सीधे निषेध पर केंद्रित दिखाई देता है।

ऑस्ट्रेलिया के प्रस्तावित कानून के अनुसार, सोलह वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सामाजिक माध्यमों का उपयोग प्रतिबंधित किया जाएगा और आयु-सत्यापन की अनिवार्य व्यवस्था लागू की जाएगी। पहली दृष्टि में यह कदम बच्चों की सुरक्षा के लिए कठोर और निर्णायक लगता है, किंतु व्यवहारिक स्तर पर इसके कई प्रश्नचिह्न हैं। आयु-सत्यापन के लिए व्यापक व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करनी पड़ सकती है, जिससे बच्चों और उनके अभिभावकों की निजता पर खतरा उत्पन्न होता है। इसके अतिरिक्त, तकनीकी उपायों को आभासी निजी नेटवर्क, फर्जी पहचान या नए, कम नियंत्रित मंचों के माध्यम से आसानी से दरकिनार किया जा सकता है। इससे न केवल कानून की प्रभावशीलता कम होती है, बल्कि बच्चे अधिक जोखिमपूर्ण डिजिटल स्थानों की ओर भी जा सकते हैं।

पूर्ण प्रतिबंध का एक और गंभीर पक्ष यह है कि यह बच्चों को सामाजिक माध्यमों से मिलने वाले सकारात्मक अवसरों से भी वंचित कर सकता है। आज अनेक बच्चे इन्हीं मंचों के माध्यम से शैक्षिक सामग्री प्राप्त करते हैं, रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेते हैं, सामाजिक मुद्दों पर जागरूक होते हैं और मानसिक स्वास्थ्य सहायता समूहों से जुड़ते हैं। विशेष रूप से ग्रामीण, पिछड़े या सामाजिक रूप से हाशिये पर खड़े बच्चों के लिए डिजिटल मंच कई बार अभिव्यक्ति और सहयोग का एकमात्र साधन होते हैं। ऐसे में पूर्ण प्रतिबंध सामाजिक असमानताओं को और गहरा कर सकता है। यह दृष्टिकोण यह भी संकेत देता है कि समस्या का मूल बच्चों या तकनीक में है, जबकि वास्तव में समस्या उस सामाजिक ढाँचे में है जिसमें बच्चों का डिजिटल समाजीकरण हो रहा है।

भारत ने इसी संदर्भ में एक भिन्न और अपेक्षाकृत संतुलित मार्ग अपनाया है। डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्यक्ष निषेध के बजाय अधिकार-आधारित और डेटा-केंद्रित दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। यह अधिनियम यह स्वीकार करता है कि बच्चों को डिजिटल संसार से अलग-थलग करना न तो संभव है और न ही वांछनीय। इसके



स्थान पर, यह आवश्यक है कि डिजिटल मंचों को उत्तरदायी बनाया जाए और बच्चों के अधिकारों की रक्षा की जाए। इस कानून के अंतर्गत बच्चों के व्यक्तिगत डेटा के प्रसंस्करण के लिए सत्यापित अभिभावकीय सहमति को अनिवार्य किया गया है, जिससे परिवार की भूमिका सुदृढ़ होती है।

डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह बच्चों के व्यवहारिक निगरानी, व्यक्तित्व-आधारित वर्गीकरण और लक्षित विज्ञापनों पर स्पष्ट प्रतिबंध लगाता है। इससे बच्चों को उपभोक्ता के रूप में शोषण से बचाने का प्रयास किया गया है। साथ ही, यह अधिनियम बच्चों को डेटा तक पहुँच, उसमें सुधार, उसे हटाने और शिकायत दर्ज कराने जैसे अधिकार प्रदान करता है। यह दृष्टिकोण बच्चों को केवल संरक्षण की वस्तु न मानकर उन्हें अधिकार-संपन्न नागरिक के रूप में देखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इसके अतिरिक्त, भारत में एक स्वतंत्र डेटा संरक्षण बोर्ड की व्यवस्था की गई है, जो नियमों के उल्लंघन पर दंड निर्धारित कर सकता है। इस प्रकार, मंचों और डेटा का प्रसंस्करण करने वाली संस्थाओं पर जवाबदेही सुनिश्चित की जाती है, बिना यह कहे कि बच्चों को डिजिटल मंचों से बाहर कर दिया जाए। यह मॉडल यह भी दर्शाता है कि कानून के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता, डिजिटल साक्षरता, विद्यालयों में ऑनलाइन सुरक्षा शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार अनिवार्य है। केवल कानून बनाकर बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती, बल्कि एक समग्र सामाजिक प्रयास की आवश्यकता होती है।

ऑस्ट्रेलिया और भारत के दृष्टिकोणों की तुलना करने पर स्पष्ट होता है कि जहाँ एक ओर नियंत्रण और निषेध पर आधारित नीति है, वहीं दूसरी ओर संतुलन, सहभागिता और सशक्तिकरण पर आधारित ढाँचा। ऑस्ट्रेलिया का प्रस्ताव त्वरित समाधान का आभास देता है, किंतु दीर्घकाल में यह व्यवहारिक, संवैधानिक और सामाजिक चुनौतियों से घिर सकता है। इसके विपरीत, भारत का मॉडल धीमा और जटिल अवश्य है, परंतु यह बच्चों की स्वायत्तता, निजता और विकास के साथ बेहतर सामंजस्य स्थापित करता है।

अंततः, बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा का प्रश्न केवल यह नहीं है कि उन्हें किससे दूर रखा जाए, बल्कि यह भी है कि उन्हें किस प्रकार सशक्त बनाया जाए। डिजिटल युग में बाल-सुरक्षा का अर्थ बच्चों को तकनीक से अलग करना नहीं, बल्कि उन्हें तकनीक के साथ सुरक्षित, जागरूक और जिम्मेदार बनाना है। सरल तकनीकी समाधान जटिल मानवीय समस्याओं का स्थान नहीं ले सकते। इस संदर्भ में भारत का डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण ढाँचा यह संकेत देता है कि संतुलित नियमन, अभिभावकीय सहभागिता, मंचों की जवाबदेही और सामाजिक समर्थन के माध्यम से ही बच्चों के लिए एक सुरक्षित और समावेशी डिजिटल भविष्य का निर्माण संभव है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। जीवनसाथी की सलाह का आपको करियर में लाभ मिलेगा। धन के लेन–देन वाले कार्य आज कर सकते हैं।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र की राजनीति से स्वयं को दूर रखें। गृह कार्यों में आज व्यस्त रहेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर अत्यन्त उत्सुक रहेंगे। स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिये।

**मिथुन**
करियर में सहकर्मियों का सहयोग प्राप्त होगा। छात्रों को शिक्षा में मनोनुकूल परिणाम मिलेगा। आपके पास नयी जिम्मेदारियों का दबाव रहेगा।

**कर्क**
कार्यक्षेत्र में मन नहीं लगेगा। भविष्य के बारे में आपको थोड़ा सोच–विचार करना पड़ेगा। परिजनों के व्यवहार से क्षुब्ध रहेंगे।

**सिंह**
प्रतिष्ठित लोगों से मुलाकात होगी। आज घर का माहौल बड़ा ही आनन्ददायक रहने वाला है। माता–पिता अपने बच्चों को विशेष समय देंगे।

**कन्या**
नये व्यावसायिक सम्पर्क विकसित हो सकते हैं। अपने खान–पान को हेल्दी रखें। अपना व्यवहार संयमित रखें। अधिकारी वर्ग आपसे अत्यन्त प्रसन्न रहेगा।

**तुला**
इसका लाभ आपको ऊर्जा में बढ़ोत्तरी के रूप में मिलेगा। घर के इन्टीरियर में कुछ बदलाव कर सकते हैं। सन्तान के विवाह की चिन्ता दूर होगी।

**वृश्चिक**
कार्यक्षमता में कुछ कमी महसूस होगी। अपनी कमियों में सुधार लाने का प्रयास करें। कारोबार में उतार–चढ़ाव की परेशानी हो सकती है।

**धनु**
दोस्तों के साथ खुशी के पल बितायेंगे। महत्वपूर्ण आधिकारिक यात्रा हो सकती है। घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। करियर को लेकर समस्याओं का समाधान होने की सम्भावना है।

**मकर**
आपके मन में अच्छे और सतविचार उत्पन्न होंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी योग्यता की प्रशंसा होगी। अपने काम में लगातार सुधार करते रहें। स्वरोजगार में आर्थिक लाभ होने की सम्भावना है।

**कुंभ**
कुछ लोग ईर्ष्यावश आपको गलत सलाह दे सकते हैं। बड़े भाई–बहनों की चिन्ता रहेगी। अनावश्यक यात्रा करने से बचें। अपनी कमियों पर सुधार लाने का प्रयास करें।

**मीन**
खर्चों को लेकर अत्यन्त चिन्तित रहेंगे। यदि निवेश की योजना बना रहे हैं तो फिलहाल अभी रुक लें। करियर को लेकर मन विचलित रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्र को असामाजिक तत्वों ने पीटा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के अनुग्रह नारायण सिंह उर्फ बली हाई स्कूल में शुक्रवार की सुबह नवमी क्लास की परीक्षा दे रहे एक छात्रा को असामाजिक तत्व के बदमाशों ने पकड़ लिया और उसकी पिटाई करने लगा परीक्षा दे रहे एक दूसरे छात्र ने जब उसका विरोध किया तो उसे छात्र की भी पिटाई कर दी गई। बदमाशों की पिटाई से पीयूष कुमार नामक छात्र का माथा फट गया। जिसे जल्दबाजी में बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के कर्म का पता अभी तक नहीं चला है. लेकिन विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि मारपीट की घटना गेट के पास हुई है वहीं छात्र का कहना है की परीक्षा के दौरान असामाजिक तत्व के लोग विद्यालय परिसर में घुसकर छात्र के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है घटना को लेकर तनाव की स्थिति बनी हुई है दो छात्रों का गत कभी भी आपस में भीड़ सकता है हालांकि अभी तक मामले में पुलिस हस्तक्षेप नहीं हुआ है वही विद्यालय प्रबंधन मामले से अपने आप को अलग करने के फिराक में लगे हुए हैं।

### स्टेशन का जायजा लेने पहुंचे बाढ़ अनुमंडलाधिकारी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आनंद कुमार सिंह शुक्रवार की सुबह रेलवे स्टेशन परिसर के बाहर बेलगाम तरीके से ऑटो और ई रिक्शा के द्वारा रास्ता बाधित करने की शिकायत मिलते ही पदाधिकारी बाढ़ रेलवे स्टेशन पहुंच गए जहां उन्होंने रेल थाना अध्यक्ष मानिकचंद पांडे से बातचीत करते हुए यात्रियों की समस्या पर ध्यान देने के साथ-साथ गलत तरीके से स्टेशन गेट के पास का अतिक्रमण को मुक्त करने का नसीहत दिया। यात्रियों ने बताया कि बाढ़ रेलवे स्टेशन के बाहर सैकड़ो की संख्या में ई रिक्शा और ऑटो अस्त-व्यस्त तरीके से पार्किंग कर देता है। जिसके चलते यात्रियों को काफी परेशानी होती है।

### भवन निर्माण काम को पथ निर्माण विभाग ने रोका

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुग्रह नारायण सिंह महाविद्यालय खेल मैदान को नए स्तर से बनाने के लिए इन दोनों भवन निर्माण विभाग के द्वारा काम प्रगति पर है। इसके लिए ठल्ल 31 के किनारे दो दिनों से जेसीबी के द्वारा सड़क किनारे की मिट्टी हटाई जा रही थी ताकि नल का निर्माण हो सके। इस दौरान पथ निर्माण विभाग के जूनियर इंजीनियर योजना स्थल पर पहुंचकर काम को रुकवा दिया संवेदक ने बताया कि हाल के दिनों में पथ निर्माण विभाग भी सड़क की चौड़ीकरण कर रही है। जिसके चलते सड़क किनारे नाले का निर्माण भी करना है जिसको लेकर पथ निर्माण विभाग और भवन निर्माण विभाग के पदाधिकारी के बीच बैठक के बाद ही आगे का काम चालू हो पाएगा।

### हत्या मामले में मुख्य आरोपित गिरफ्तार



**बिहटा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेउरा थानाक्षेत्र के सुभाष टोला निवासी अमलेश कुमार उर्फ राकेश कुमार की गोली मार के हत्या मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।गिरफ्तार अपराधी की पहचान अवधेश कुमार राय के रूप में हुई है।जो पटना जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र का रहने वाला है। घटना को लेकर दानापुर डीएसपी 2 अमरेंद्र कुमार झा ने बताया कि वर्ष 2024 के छठे महीने में नवरत्न क्षेत्र की सुभाष टोला निवासी अमलेश कुमार उर्फ राकेश कुमार की गोली मार का हत्या हुई थी जिसमें मुख्य आरोपी अवधेश कुमार फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी गुप्त सूचना के आधार पर बीते रात्रि पटना जिले गौरीचक थाना क्षेत्र से की गई है गिरफ्तार अपराधी से पूछताछ में पता चला कि पूर्व के विवाद को लेकर उसने युवक की हत्या की थी फिलहाल गिरफ्तार अपराधी के पास से हथियार बरामद नहीं हो सका है जिसकी बरामदगी को लेकर पुलिस छापेमारी कर रहीहै।

### विवाहित ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के पेठिया बाजार गुड बाजार निवासी कन्हैया कुमार के 23 वर्षीय पत्नी ज्योति देवी ने बीते देर रात गले में फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है. पुलिस ने शुक्रवार की सुबह शव को अपने कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया. मृतका के परिजनों ने बताया कि गुरूवार की रात पति-पत्नी में किसी बात को लेकर झगडा हुआ था और देर रात पत्नी ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया. जब सुबह देखा कि ज्योति कमरे में फंदे से लटकी हुई थी. इसकी सूचना उसके मायके और स्थानीय पुलिस को दी. सूचना पर पहुंचे पुलिस ने छानबीन करना शुरू कर दिया. मृतका के परिजनों ने मृतका के पति , ससुर व भैंसुर पर मानसिक रूप से तंग करने के आरोप लगाया है. जिससे वे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है. मृतका के पति बलदेव स्कूल के पास फुटपाथ पर कपडा के दुकान संचालित करता है. थानाध्यक्ष पीके भारद्वाज ने बताया कि मृतका के परिजनों द्वारा अभी तक कोई आवेदन नही दिया गया है. मामले की छानबीन किया जा रहा है.

### फरार बदमाश संजीत बिंद गिरफ्तार

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गौरीचक थाना क्षेत्र में अवैध हथियार से जुड़े मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फरार बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार बदमाश की पहचान संजीत बिंद उर्फ बुच्चन, पिता संजय बिंद, निवासी ग्राम वीर चकिया, थाना धनरूआ, जिला पटना के रूप में की गई है. पुलिस के अनुसार बदमाश के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 126(2), 109, 3(5) एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है. वह लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रहा था और उसकी तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही थी. गौरीचक थाना क्षेत्र में एक आपराधिक घटना को अंजाम दिया गया था, जिसमें अवैध हथियार के प्रयोग की पुष्टि हुई थी. घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी. गिरफ्तार बदमाश से गहन पूछताछ की जा रही है. पूछताछ के दौरान घटना में प्रयुक्त अवैध हथियार की बरामदगी को लेकर प्रयास तेज कर दिए गए हैं. साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि वारदात में उसके साथ और कौन-कौन लोग शामिल थे.

### जेडीयू ने की सदस्यता अभियान की शुरूआत

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर स्थित बी.के गार्डन में शुक्रवार को जेडीयू की एक बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जेडीयू के कार्यकारी जिलाध्यक्ष सह नरकटिया विधानसभा के विधायक विशाल कुमार की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान की शुरूआत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा मौजूद थे। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विशाल शाह ने कहा कि आप कार्यकताओं के बदौलत हमारी जीत हुई है, इसमें मेरा कोई योगदान नहीं है। आपने दिन रात एक करके मुझे जीत दिलाया है। आप लोगों की बदौलत सदस्यता अभियान में पूर्वी चंपारण जिला पूरे बिहार में नंबर एक पर रहेगा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि चंपारण की धरती को हम नमन करते हैं।



# सड़क निर्माण के विवाद में चली गोली

## महिला के दोनों पैरों में लगी दो गोलियां,पीएमसीएच रेफर

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के बरबीघा गांव स्थित पुल के पास सड़क निर्माण को लेकर हुए रास्ता विवाद ने शुक्रवार की शाम हिंसक रूप ले लिया। विवाद के दौरान हुई फायरिंग में 40 वर्षीय महिला मीना देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। महिला के दोनों पैरों में अलग-अलग गोलियां लगी हैं। जख्मी महिला बरबीघा गांव निवासी राम प्रवेश यादव की पत्नी बताई जा रही है। घटना के बाद गांव में अफरातफरी मच गई और दहशत का माहौल कायम हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा बरबीघा गांव में सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। इस सड़क को देवदहा जाने वाली सड़क से जोड़ने के लिए संवेदक द्वारा मिट्टी भराई का काम कराया जा रहा था। इसी दौरान मीना देवी और उनके परिवार के लोगों ने रास्ते को लेकर आपत्ति जताई। विरोध के बाद अन्य ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए और दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते बकझक में बदल गई।बताया जाता है कि विवाद बढ़ने पर किसी व्यक्ति ने पिस्तौल निकालकर फायरिंग शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कई राउंड गोली चली, जिसमें दो गोली मीना देवी के दोनों पैरों में लग गई। गोली लगते ही महिला मौके पर गिर पड़ी और बेहोश हो गई। फायरिंग की आवाज सुनते ही आसपास के लोग सहम गए और मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।घटना की सूचना मिलते ही धनरूआ थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जख्मी महिला को तत्काल धनरूआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया।इस संबंध में जख्मी महिला के पुत्र विपिन कुमार के बयान पर धनरूआ थाना में गांव के ही नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। वहीं धनरूआ थाना अध्यक्ष महेश्वर प्रसाद राय ने बताया कि गोली चलने की सूचना मिली है। घटनास्थल से कोई खोखा बरामद नहीं हुआ है। प्रथम दृष्टया मामला रास्ता विवाद से जुड़ा हुआ प्रतीत होता है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और मामले की गहन छानबीन जारी है।

## दानापुर बिहटा एलिवेटेड रोड निर्माण को लेकर सड़क बंद का विरोध



**बिहाटा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहटा में बने रहे दानापुर बिहटा एलिवेटेड रोड निर्माण को लेकर पटना जिला प्रशासन के तरफ से कन्हौली से शिवाला चौक मार्ग को अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है।जिसके बाद अब इस फैसले के विरोध में स्थानीय दुकानदार, व्यापारी लोग मैदान में दूसरे दिन भी जारी रहा है।जो दूसरे दिन लोगों ने आम बैठक करके एक रणनीति तैयार किया और सड़क पर आ कर इसका विरोध भी किया।जहां विरोध कर रहे एक्सपेक्ट्रा फ्लाई एस के व्यवसाई वीरू सिंह ने कहा कि बिहार में तो कई जगह रोड का निर्माण चल रहा है।लेकिन इस तरह के फैसले नहीं लिए गए हैं। सरकार को हमारी भी बातों को सुनना चाहिए क्योंकि हमारे भी व्यवसाय से कई की घर चल रहे हैं ।मजदूर बाहर से आकर काम कर रहे हैं। अगर 7 महीने तक इस तरह से बन रहा है तो मजदूर कहां जाएंगे इसलिए इसके विरोध में हम लोगों ने आज बैठक किया और सरकार से मांग किया है कि इस पर विचार करें और दुकानदार और व्यापारियों के बारे में भी सोचा करें।

## नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) ने भगवानगंज थाना का वार्षिक औचक निरीक्षण किया



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी परिचय कुमार ने देर शाम को भगवानगंज थाना पहुंचकर वार्षिक औचक निरीक्षण की।निरीक्षण के दौरान थाना दैनिकी, हाजत, मालखाना, वायरलेस , उउळठर प्रणाली, सिरिस्ता कार्यों तथा विभिन्न लंबित कांडों के अनुसंधान की समीक्षा की गई। साथ ही थाना की कार्यप्रणाली एवं अभिलेख संधारण का बारीक अवलोकन किया गया।नगर पुलिस अधीक्षक ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को वैज्ञानिक पद्धति से अनुसंधान करने, समय सीमा के भीतर अनुसंधान पूर्ण करने, पारदर्शिता बनाए रखने तथा जनता को त्वरित न्याय दिलाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा अपराध की रोकथाम एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु रात्रि गश्ती एवं वाहन जाँच को और प्रभावशाली बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अलावा थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी को जो रात्रि खासकर रात्री गश्ती करते हैं उन्हें खास निर्देश देते हुए कहा गया कि बढ़ते ठंड में गृहभेदन की घटना बढ़ जाती हैं इसको लेकर पेट्रोलिंग पर ध्यान रखें।

## मसौढ़ी में एसटी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की समीक्षा बैठक

### पीड़ितों को मुआवजा,पेंशन पर हुई चर्चा, अनुपस्थित पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण के आदेश



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल स्तरीय अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक शुक्रवार को एसडीएम अभिषेक कुमार की अध्यक्षता मे आहुत की गई, और यह बैठक कैलेंडर वर्ष 2025 की अंतिम और चतुर्थ बैठक की गई।मौके पर फुलवारी विधायक श्याम रजक,सहायक पुलिस अधीक्षक कोमल मीणा शामिल रहे। जहाँ विधायक श्याम रजक ने बैठक से अनुपस्थित सभी पदाधिकारीयों पर नाराजगी जताते हुए स्पष्टीकरण करने के निर्देश दिए, इसके अलावा लंबित मामलों की समीक्षा की, पुलिस को जांच में तेजी और कार्रवाई में सख्ती एवं पीड़ितों को मुआवजा और न्याय दिलाने पर जोर दिया, तथा जागरूकता अभियान चलाने की बात कही गई, ताकि अत्याचारों को रोका जा सके और त्वरित न्याय सुनिश्चित हो सके।एसडीएम ने बताया कि अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पीड़ितों को मुआवजा चरणबद्ध रूप से भुगतान किया जाता है। प्राथमिकी दर्ज होने पर संबंधित धाराओं के अनुसार 25 प्रतिशत मुआवजा, आरोप पत्र समर्पण पर 50 प्रतिशत मुआवजा तथा आरोप गठन के पश्चात शेष मुआवजा राशि का भुगतान किया जाता है। बैठक में जानकारी दी गई कि अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न थानों में कुल प्राप्त कांडों की संख्या 54 है वही मुआवजा प्रस्ताव भेजे गए कांडों की कुल संख्या 47 है जिसमें साथ लंबित कांडों की संख्या है इसके अलावा कुल अनुसंधान सपन्न कांडों की संख्या 41 है। जबकि अनुसंधान हेतु लंबित कांडों की संख्या 13 है।इस पर एसडीएम ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इससे पीड़ितों को समय पर न्याय एवं वैधानिक लाभ मिल सकेगा। बैठक में पेंशन मामलों, हत्या के मामलों एवं अन्य गंभीर प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। बैठक में अनुमंडल के सभी थानाध्यक्ष, मसौढ़ी बीडीओ, नगर कार्यपालक पदाधिकारी, कल्याण पदाधिकारी सहित सभी सदस्य भी मौजूद रहे।

## शिव विवाह आदर्श दांपत्य जीवन, त्याग और समर्पण का प्रतीक : ध्रुवजी



**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के करजान दुर्गा स्थान परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा समारोह में मानस मर्मज्ञ श्री ध्रुव जी महाराज द्वारा शिव पार्वती विवाह प्रसंग प्रस्तुत करते ही श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कुछ देर के लिए ऐसा समा बंधा कि मानो सच में आज ही विवाह संपन्न हो रहा है। विवाह की खूबसूरत झांकी प्रस्तुत की गई। जमकर आतिशबाजी के साथ श्रद्धालु गण भक्ति की मस्ती में बाराती बनकर झूमते नाचते देखे गए। श्री ध्रुव जी ने कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन में सबसे पहले विश्वास और श्रद्धा की आवश्यकता है।क्योंकि रामचरितमानस में पूज्य तुलसीदास जी ने भगवान शिव को विश्वास और माता पार्वती को श्रद्धा बताया. उन्होंने कहा कि जब मनुष्य के जीवन में श्रद्धा और विश्वास का मिलन होगा, तभी हमारे हृदय का तारका स्वरूपी मोह का विनाश हो सकता है.जब तक मन में मोह बैठा रहेगा, तब तक भक्ति को हृदय में प्रवेश नहीं करने देगा. इसलिए मनुष्य जीवन पाकर भी जीवन में भक्ति नहीं मिलेगी और तब तक इस शरीर को मुक्ति नहीं मिल सकता है.इसलिए कथा सुनकर सत्संग के माध्यम से ही विवेक और ज्ञान प्राप्त होगा. इसी सत्संग के माध्यम से भक्ति भी मिल सकती है. श्रीराम कथा में कथा वाचक ने शिव और पार्वती के विवाह प्रसंग के माध्यम से ज्ञान वैराग्य और भक्ति की कथा सुनाई. कथा में सभी दर्शकों ने आनंद विभोर होकर कथा का श्रवण किया. उन्होंने कहा कि भगवान शिव का वैराग्य और माता पार्वती की तपस्या धैर्य, संयम और आस्था का संदेश देती है।

## कौशल विकास केंद्र के छात्रों के बीच प्रमाण पत्र व मेडल का हुआ वितरण

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद के बस्ती रोड स्थित पठानटोली मोहल्ले में कुशल युवा केंद्र, आर्यन कम्प्यूटर्स में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 80 बच्चों के बीच प्रमाण पत्र और मेडल का वितरण संस्थान की सचिव लीला चौधरी के द्वारा प्रदान किया गया। आर्यन कम्प्यूटर्स मनेर के केंद्र समन्वयक आशीष कुमार रवि ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए बताया की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा सात निश्चय 1 और सात निश्चय 2 की सफलता के उपरान्त सात निश्चय 3 के जरिये बिहार को देश के सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करने का रोडमैप तैयार किया गया है। सात निश्चय 3 के अंतर्गत पहला निश्चय 'दोगुना रोजगार - दोगुनी आय' रखा गया है और अगले पांच वर्षों में 1 करोड़ युवाओं के लिए नौकरी और रोजगार के अवसर पैदा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## सामाजिक बदलाव से खत्म होगा लिंग भेद,धनरूआ में लैंगिक समानता को लेकर जेंडर फोरम की बैठक



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रखंड स्तर पर जेंडर फोरम की बैठक धनरूआ में आयोजित की गई, कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ सीमा कुमारी ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और पुरुषों के बीच समानता सुनिश्चित करना, महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना और उन्हें स्थानीय निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में सक्रिय रूप से शामिल करना है। दरअसल धनरूआ प्रखंड मुख्यालय में जेंडर फोरम बैठक का आयोजन की गई ,जिसमें लैंगिक समानता बाल विवाह सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में पंचायत के महिलाओं को बताया गया, बैठक में महिलाओं के सामने आने वाली स्थानीय चुनौतियों और समस्याओं, जैसे घरेलू हिंसा, शिक्षा तक पहुंच की कमी और स्वास्थ्य सेवाओं की अनुपलब्धता, पर चर्चा करना और उनके समाधान खोजना है। कार्यक्रम में कमलेश कुमार, बीपीएम अभिषेक राज,प्रियंका कुमारी, नेहा कुमारी, ज्योति कुमारी,सरिता कुमारी अंजनी कुमारी, प्रीति कुमारी,महिला हेल्प डेस्क थाना से प्रियंका कुमारी, दीदी अधिकार केंद्र से आरती कुमारी, जीवका समूह की महिलाएं एवं उउ के प्रखंड समन्वयक अनुज कुमार ने भाग लिया।

## डेयरी प्रसंस्करण व वैल्यू एडिशन पर चार दिवसीय प्रशिक्षण का समापन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के प्रसार शिक्षा निदेशालय एवं बामेती के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित डेयरी प्रसंस्करण, दूध एवं दुग्ध उत्पादों में वैल्यू एडिशन विषय पर आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन आज विश्वविद्यालय परिसर में हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिहार के 10 जिलों से आत्मा से जुड़े 40 किसान, एटीएम एवं बीटीएम ने भाग लिया। समापन समारोह में शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के एडवाइजर बैद्यनाथ यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान जिन विषयों पर वैज्ञानिक जानकारी दी गई है, वे अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यदि इन जानकारियों को जमीनी स्तर पर अपनाया जाए तो इससे किसानों एवं पशुपालकों को प्रत्यक्ष लाभ होगा और उनकी आय में वृद्धि होगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के निदेशक, प्रसार शिक्षा डॉ. निर्मल सिंह दहिया ने कहा कि वर्तमान समय में समेकित कृषि प्रणाली अपनाने की आवश्यकता है, जिसमें कृषि, पशुपालन एवं हॉर्टिकल्चर का समावेश हो। इससे किसानों को वर्षभर आय के स्रोत उपलब्ध होंगे और वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकेंगे।

## दानापुर में अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर को स्वच्छ सुंदर और जाम से निजात दिलाने को लेकर नप प्रशासन ने 17 वें दिन शुक्रवार को सगुना मोड से लेखा नगर मोड तक अतिक्रमण पर बुलडोजर चला. डीएम व एसडीओ आदेश के बाद परिषद प्रशासन की टीम ने पुलिस बलों के सहयोग टाउन क्लिन ऑपरेशन चलाया. जिससे अतिक्रमणाकारियों के बीच हडकंप मच गया . घंटो तक चले व्यापक रूप से अभियान में. बुलडोजर से झोपडियों व गुमटी को ध्वस्त किया गया है प्रशासन ने सडक किनारे रखे बालू-गिट्टी समेत अवैध रूप से लगाये गये ठेले, टेबल, दुकानों के आगे फैले सामान व पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई की गई.अतिक्रमणकारियों से 7 हजार 500 रुपए जुमार्ना वसूला गया है. .परिषद ईओ (व्यवस्था ) रवि कुमार ने बताया कि दंडाधिकारी सह नगर प्रबंधक ब्रजेश कुमार के नेतृत्व में अभियान चलाया गया है. उन्होंने बताया कि सडक किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण कर सडक पर स्थायी - अस्थायी रूप से झोपडी , गुमटी व पक्का ओटा को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया है. उन्होंने बताया कि पूरे परिषद क्षेत्र को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जायेगा और नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाया जायेगा.

**छावनी प्रशासन का चला बुलडोजर**

अतिक्रमण पर 12 वें दिन शुक्रवार को अनुमंडल व छावनी परिषद प्रशासन ने बीबीगंज , मार्शल बाजार व सराय मस्जिद तक सडक के दोनों किनारे अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया गया. बुलडोजर से नाला पर स्थायी ओटा व अस्थायी अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया है और सडक किनारे झोडियों व गुमटी को भी ध्वस्त किया गया है. दुकानों का कहना है कि परिषद प्रशासन के परती जमीन और लीज समाप्त वाले जमीन से अतिक्रमण हटाने के बजाय नाला पर पक्का ओटा को ध्वस्त किया जा रहा है. जिससे भारी परेशानी उठना पड रहा है. दंडाधिकारी सह नप के नगर प्रबंधक अमरेंद्र कुमार ने बताया कि जिला व अनुमंडल प्रशासन के निर्देश पर छावनी परिषद क्षेत्र में अभियान चलाकर नाला पर किये गये अतिक्रमण को हटाया जा रहा है और सडक किनारे बनाये गये झोपडियों को भी ध्वस्त किया गया है. छावनी परिषद प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों से 10 हजार 500 रुपए जुमार्ना वसूला गया है.

# मसौढ़ी में आंगनबाड़ी केंद्र पर सीडीपीओ ने बच्चे को खीर खिला कर मनाया अन्नप्राशन दिवस



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर शुक्रवार को अन्नप्राशन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित धात्री महिलाओं को पोषण युक्त भोजन के बारे में जानकारी दी गई।आंगनबाड़ी केंद्रों में अन्नप्राशन दिवस के मौके पर छह माह पूर्ण कर चुके सभी बच्चों को खीर खिलाकर उनके ऊपरी आहार की शुरूआत की गयी. इस दौरान केंद्रों पर उपस्थित सभी परिजनों को बेहतर पोषण की जानकारी दी गयी.मसौढ़ी सीडीपीओ अनिता कुमारी ने बताया कि महिलाओं और बच्चों को सही पोषण की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा समेकित बाल विकास परियोजना के माध्यम से राष्ट्रीय पोषण अभियान चलाया जाता है. पोषण अभियान के अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर हर माह छह माह पूर्ण कर चुके बच्चों को खीर खिलाते हुए उनके ऊपरी आहार की शुरूआत की जाती है. इस दौरान शिशु के सभी परिजनों को भी पोषण के प्रति जागरूक किया जाता है. सही पोषण व नियमित खान-पान की दी गयी जानकारी अन्नप्राशन दिवस पर आंगनवाड़ी सेविकाओं ने छह माह से दो वर्ष तक के बच्चों की माताओं को बुलाकर बच्चों के लिए छह माह के बाद ऊपरी आहार की जरूरत के विषय में जानकारी दी. शिशुओं को अतिरिक्त आहार के मिलने से उनके शरीर में तंदुरुस्ती आने के साथ ही उनके मष्तिष्क विकास में भी वृद्धि होती है. सही समय पर सही पोषण से ही देश में कुपोषण की समस्या को खत्म किया जा सकता है. उन्होंने अभिभावकों को बच्चों के दैनिक आहार में हरी पत्तीदार सब्जी और पीले नारंगी फल को विशेष रूप से शामिल करने की बात बतायी. महिलाओं को स्तनपान कराने के फायदों की दी जानकारी अन्नप्राशन दिवस पर केंद्र में उपस्थित सभी महिलाओं को स्तनपान के फायदों की जानकारी दी एवं सभी गर्भवती महिलाओं को गर्भ के समय की खान-पान और परहेज पर विशेष ध्यान रखना चाहिए. गर्भवती महिलाओं को बच्चे के जन्म के पूर्व की तैयारी, बच्चे को जन्म के एक घंटे के भीतर मां का गाढा पीला दूध पिलाना आदि महत्वपूर्ण है।

## अनुग्रह नारायण कॉलेज में बिहार राज्य जैव विविधता बोर्ड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुग्रह नारायण कॉलेज, पटना ने अपने शैक्षणिक और शोध क्षेत्र में एक और अहम उपलब्धि दर्ज करते हुए बिहार राज्य जैव विविधता बोर्ड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता शहरी जैव विविधता के शासन और प्रबंधन के क्षेत्र में संयुक्त रूप से कार्य करने के उद्देश्य से किया गया है, जिससे अकादमिक अध्ययन को व्यवहारिक अनुभव से जोड़ा जा सके। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रेखा रानी तथा बिहार राज्य जैव विविधता बोर्ड के अध्यक्ष श्री भारत ज्योति, आईएफएस एवं उप निदेशक मिहिर झा की सक्रिय भूमिका और मार्गदर्शन उल्लेखनीय रहा। इस सहयोग के तहत अनुग्रह नारायण कॉलेज की एक विशेष परियोजना टीम गठित की गई है, जिसमें भूगोल विभाग से डॉ. गौरव सिक्का (प्रधान अन्वेषक), डॉ. भावना निगम (सह-प्रधान अन्वेषक) तथा अर्थशास्त्र विभाग से डॉ. विकाश कुमार (सह-प्रधान अन्वेषक) शामिल हैं। परियोजना साझा लागत के आधार पर संचालित की जाएगी। परियोजना का कार्य चरणबद्ध रूप से किया जाएगा। प्रथम चरण में टीम आरा-बक्सर क्षेत्र में शहरी जैव विविधता के शासन और प्रबंधन से जुड़े विषयों पर अध्ययन और कार्य करेगी। इसके बाद द्वितीय चरण में यह कार्य दरभंगा क्षेत्र में विस्तारित किया जाएगा। यह सहयोग अकादमिक संस्थान और सरकारी बोर्ड के बीच प्रभावी समन्वय का उदाहरण है, जो शोध को जमीनी स्तर पर लागू करने, बेहतर योजना और सुदृढ़ प्रबंधन प्रणाली विकसित करने में सहायक होगा। यह समझौता अनुग्रह नारायण कॉलेज, पटना की निरंतर प्रगति और सामाजिक दायित्व के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है और कॉलेज की उपलब्धियों में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ता है।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### डीआरसीसी ने की संचालित योजनाओं की समीक्षा



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला नियोजन पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा DRCC ऑफिस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तीनों योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई एवं लक्ष्य प्राप्ति हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए । निरीक्षण के वक्त ऊरुछउ के सभी कर्मी उपस्थित पाए गए । समीक्षा के दौरान कुशल युवा कार्यक्रम में 67% की उपलब्धि पाई गई। स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना में 110% और स्वयं सहायता भत्ता योजना में 63% उपलब्धि प्राप्त की गई है। जिला योजना पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी स्वयं सहायता भत्ता योजना के लाभार्थियों का निबंधन कुशल युवा कार्यक्रम में भी करवाया जाए जिससे दोनों योजनाओं की लक्ष्य प्राप्ति हो सके । जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि आने वाले कुछ दिनों में शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित करके सभी हाई स्कूल के प्रधानाध्यापकों के साथ कुशल युवा कार्यक्रम के लक्ष्य प्राप्ति हेतु बैठक रखी जाएगी । इस कार्य हेतु 2 शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति ऊरुछउ में कराने का निर्णय लिया गया।

### जनता दरबार में 55 आवेदनकर्ताओं की हुई सुनवाई



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डॉ. राधाकृष्णन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 55 आवेदनकताओं की समस्याओं पर जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर समाहर्ता (लोक शिकायत)एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी गण के द्वारा सुनवाई की गई ।प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए एडीएम पीजी आर ओ शैलेंद्र कुमार भारती ने कहा कि आज जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मत निदान सुनिश्चित किया जाएगा । भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया। जिला जनता दरबार में अपर समाहर्ता (लोक शिकायत) के साथ-साथ वरीय उप समाहर्ता श्री विकास कुमार ने प्राप्त आवेदनों का निष्पादन किया गया।

### 21 दिसम्बर तक सभी शैक्षणिक संस्थान रहेंगे बंद

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला में लगातार बढ़ रही ठंड एवं शीत लहर के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के हित में जिला प्रशासन, पूर्वी चंपारण द्वारा एहतियातन यह निर्णय लिया गया है कि जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा कोचिंग संस्थानों में संचालित शैक्षणिक गतिविधियां 21.12.2025 तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। ठंड एवं मौसम की स्थिति की निरंतर समीक्षा की जा रही है तथा परिस्थितियों के अनुरूप इसके पश्चात आगे का निर्णय लिया जाएगा। आमजन से अपील है कि बच्चों/बुजुर्गों को अनावश्यक रूप से ठंड के संपर्क में आने से बचाएं एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।

### रेलवे ट्रैक पर मिली महिला की लाश

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल सितामढी रेल खण्ड के आदापुर के पूर्वी रेलवे ढाला के पास ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई, स्थानीय थाना प्रभारी पप्पु पासवान ने अपने जवानों के साथ धटना स्थल पर पहुंच कर तहकीकात की लेकिन उक्त महिला की नाम पता नहीं मिल सका , ट्रेन के चपेट में आने के बाद बगल के गांव मूर्तियां, शामपुर,से हजारों की तादाद में लोग को देखने पहुंचे थे, थाना अध्यक्ष ने बताया कि महिला किसी साधारण परिवार की है जो लाल रंग का सलवार सूट पहनी हुई है, इनके बारे हाथ की हथेली में अंग्रेजी में लिखा हुआ है प्रशासन के द्वारा लोगों से अपील की गई की पहचान करने में मदद करें।



### पूर्व विधायक की पत्नी के निधन पर शोक



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला जदयू अध्यक्ष सह जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति 20 सूत्री की उपाध्यक्ष मंजू देवी ने चिरैया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अवनीश सिंह की धर्मपत्नी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। कहा कि उनके निधन से परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है। ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस कठिन घड़ी में मेरी संवेदनाएँ शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं।

### 72 लीटर नेपाली शराब के साथ महिला-पुरुष गिरफ्तार



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हरैया थाना क्षेत्र के सीवान टोला बॉर्डर पर सशस्त्र सीमा बल और हरैया पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए शराब तस्करी के प्रयास को नाकाम कर दिया। कार्रवाई के दौरान दो कचरा ढोने वाली गाड़ियों से 300 एमएल की 240 बोतल नेपाली शराब, कुल 72 लीटर, बरामद की गई। मौके से गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चुन्नी खातून (45 वर्ष), पति स्व. हदीश देवान, निवासी धरहरवा, थाना घोड़ासहन, जिला पूर्वी चंपारण तथा मनीष कुमार पाठक (35 वर्ष), पिता बृज किशोर पाठक, निवासी तुमडीयाटोला, थाना हरैया रक्सौल, जिला पूर्वी चंपारण के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार सीमा क्षेत्र में सघन चेकिंग के दौरान संदिग्ध गतिविधि के आधार पर दोनों कचरा गाड़ियों को रोका गया, जहां तलाशी में शराब की खेप बरामद हुई। दोनों आरोपियों को जब्त शराब व वाहनों के साथ हिरासत में लेकर उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने कहा है कि सीमा क्षेत्र में शराब तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

### अधिवक्ताओं ने की दो दिवसीय हड़ताल

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अपनी लंबित मांगो को लेकर विधिज्ञ संघ ने दो दिवसीय कलमबद्ध हड़ताल शुरू कर दिया है।अधिवक्ताओं के हड़ताल पर चले जाने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष राजीव वर्मा और संघ के महासचिव लक्ष्मण प्रसाद ने बताया कि वर्ष 2015 में व्यवहार न्यायालय की स्थापना की गई थी इसके बाद प्रशासन द्वारा भवन निर्माण के लिए भूमि चिन्हित किया गया भवन निर्माण के लिए 38 करोड़ की राशि विमुक्त कर दिया गया लेकिन भवन निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं किया गया। जिसके कारण न्यायालय का कार्य बाधित हो रहा है। अगर वरीय न्यायालय और प्रशासन जल्द उनकी मांगों को पूरा नहीं करती है तो इसके बाद चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए संघ बाध्य होगा।अधिवक्ताओं ने सरकार से व्यवहार न्यायालय भवन का निर्माण कराने,अपराधिक मामलों का विचारण प्रारंभ करने और रेल दंडाधिकारी न्यायालय का अपने मूल स्थान पर पुनःचालू कराने की मांग किया है।

### जनता दरबार में सभी हल्का के राजस्व कर्मचारी होंगे उपस्थित

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंचल अंतर्गत प्रत्येक शनिवार को लगने वाले जनता दरबार मे सभी हल्का के राजस्व कर्मचारियो की उपस्थिति अनिवार्य है। ताकि जनता दरबार मे आये वादों का निष्पादन ससमय किया जा सके। इसको लेकर सीओ सुधांशु शेखर ने एक आदेश पत्र जारी किया है। सीओ ने बताया है कि प्रत्येक शनिवार को जनता दरबार में भूमि विवादों का निवारण होता रहा है। इसको और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सभी राजस्व कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की गई है। ताकि मामूली विवादों का भविष्य में जटिल विवाद बनने से पहले त्वरित निपटारा किया जा सके। उन्होंने आमजनों से भी यह अपील की है कि जनता दरबार मामलों का निपटारा कर इसका लाभ उठाएं।

### भालू के हमले में युवती घायल

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुदगुदी पंचायत के बरवा गांव में एक 19 वर्षीय युवती पर भालू ने हमला कर दिया। युवती को हाथ और सिर में गहरे घाव आए। ग्रामीणों की मदद से उसे रामनगर सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए बेतिया भेजा गया। इस घटना से जंगल के आसपास के ग्रामीणों में डर का माहौल है।

# लोक कलाकार भिखारी ठाकुर को भारत रत्न देने की उठी मांग

## राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने दिया पुरजोर समर्थन

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भोजपुरी के शेक्सपीयर कहे जाने वाले महान लोक कलाकार भिखारी ठाकुर की 138वीं जयंती समारोह-2025 का आयोजन उनके पैतृक गांव सदर प्रखंड अंतर्गत कुतुबपुर दियारा स्थित भिखारी ठाकुर आश्रम में राजकीय सम्मान के साथ किया गया। घने कुहासे के बावजूद बिहार के महामहिम राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान निर्धारित समय पर कार्यक्रम स्थल पहुंचे और भिखारी ठाकुर को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के शुभारंभ में राज्यपाल ने गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी ली, इसके उपरांत भिखारी ठाकुर के प्रपौत्र सुशील कुमार ठाकुर के साथ उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद राजकीय जयंती समारोह-2025 का विधिवत उद्घाटन राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद प्रो. (डॉ.) वीरेंद्र नारायण यादव, जिला परिषद अध्यक्ष जयमित्रा देवी, स्थानीय विधायक सुरेंद्र राम तथा सुशील कुमार ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान से हुआ। इस अवसर पर भिखारी ठाकुर नाट्य मंडली द्वारा उनके प्रसिद्ध नाटक 'गबर घीचोर' का मंचन किया गया, जिसे दर्शकों ने सराहा।





**लोकजीवन के सच्चे प्रतिनिधि व समाज सुधार के प्रबल संवाहक थे भिखारी ठाकुरः राज्यपाल**

अपने संबोधन में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि भिखारी ठाकुर केवल एक नाटककार या कलाकार नहीं थे, बल्कि वे लोकजीवन के सच्चे प्रतिनिधि और समाज सुधार के प्रबल संवाहक थे। उन्होंने अपनी कला के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों, असमानता, शोषण और अन्याय के विरुद्ध आवाज बुलंद की। उनके नाटक और गीत आम जनमानस की पीड़ा, संघर्ष और आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करते हैं। नारी सम्मान, सामाजिक न्याय और मानवीय मूल्यों को उन्होंने अपनी रचनाओं का केंद्र बनाया।

**लोक कलाकारों की विरासत को संरक्षित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारीः राज्यपाल**

राज्यपाल ने कहा कि भिखारी ठाकुर ने भोजपुरी भाषा और लोक संस्कृति को राष्ट्रीय पहचान दिलाई। उनकी रचनाएं आज भी प्रासंगिक हैं और समाज को आत्ममंथन के लिए प्रेरित करती हैं। नई पीढ़ी को उनके जीवन, संघर्ष और विचारों से प्रेरणा लेनी चाहिए। ऐसे महान लोक कलाकारों की विरासत को संरक्षित करना और आगे बढ़ाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस दौरान लौंडा नाच को पहचान दिलाने वाले लोक कलाकार भिखारी ठाकुर को भारत रत्न देने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ती नजर आई। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने इस मांग का पुरजोर समर्थन करते हुए संबंधित स्तर पर पत्राचार कर इसे आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमेंद्र कुमार बाजपेई, सारण प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक नीलेश कुमार, प्रभारी जिलाधिकारी सह नगर आयुक्त सुनील कुमार पांडेय, वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष, सदर अनुमंडल पदाधिकारी नितेश कुमार, सदर बीडीओ विनोद आनंद सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दलों के नेता एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## निपुण विद्यालय सम्मान समारोह में बच्चों को मिला मेडल व प्रशस्ति पत्र

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** मशरक प्रखंड के एकावना गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में निपुण विद्यालय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी आफताब आलम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें बच्चों ने विभिन्न गीतों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर उपस्थित अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस



अवसर पर बीडीओ पंकज कुमार ने कहा कि शिक्षा विभाग, बिहार द्वारा निपुण भारत मिशन के अंतर्गत मिशन निपुण बिहार कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य वर्ष 2026-27 तक कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं गणना कौशल का समझ के साथ विकास सुनिश्चित करना है।

## योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल अनुमंडल सभागार में जिलाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, श्री सौरभ जोरवाल के द्वारा राज्य सरकार द्वारा प्रखंड/अंचल स्तर पर संचालित विभिन्न विभागों- ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा एवं उप विकास आयुक्त डॉ प्रदीप कुमार भी उपस्थित थे। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण वित्तीय वर्ष 2024-25, 2025-26 की आवास स्वीकृति, आवास पूर्णता, एङउ, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना में लंबित आवास पूर्णता की समीक्षा की गई। साथ ही कार्यों में एक सप्ताह में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया गया। आवास प्लस, 2024 के माध्यम से सर्वेक्षित नए लाभुकों का सत्यापन कराने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत, अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई के निर्माण, व्यक्तिगत/सामुदायिक शौचालय का निर्माण, संबंधी उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने, डऊफ्लस मॉडल एवं मॉडल गांव का सत्यापन करने के संदर्भ में प्रखंडवार समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में सभी कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने



एवं ससमय कार्य कराने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड समन्वयक, स्ट को निदेशित किया गया। मनरेगा अंतर्गत लाभुकों का एङउ की समीक्षा के क्रम में कार्यक्रम पदाधिकारियों को कार्य में तेजी लाने का निदेश दिया गया। आवास सहायकों/पंचायत रोजगार सेवक द्वारा किए गए कार्यों की दैनिक समीक्षा करने हेतु कहा गया। उक्त कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। मनरेगा अंतर्गत वृक्षारोपण, खेल मैदान, मानव दिवस सृजन, भुगतान, जियो टैगिंग, एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से निरीक्षण आदि कार्यों की प्रखंडवार समीक्षा की गई तथा अपेक्षित प्रगति लाने हेतु निदेशित किया गया। पंचायती राज योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री सोलर लाइट स्ट्रीट योजना के क्रियान्वयन एवं सोलर लाइट संबंधी भुगतान की समीक्षा की गई।

## धावा दल की टीम द्वारा 4 बाल श्रमिकों को कराया गया विमुक्त

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्रम संसाधन विभाग बिहार के निर्देश के आलोक में एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, संग्रामपुर के नेतृत्व में संग्रामपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विशेष धावा दल के द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जाँच अभियान चलाया गया। जाँच के क्रम में संग्रामपुर प्रखंड के कुल-04 प्रतिष्ठानो पवन होटल, लक्ष्मी मिष्ठान भंडार, संतोष स्वीट्स एवं लोहा स्टील हाउस से 01-01 बाल श्रमिक को अर्थात कुल-04 बाल श्रमिकों को धावा दल की टीम के द्वारा विमुक्त कराया गया। साथ ही श्रम अधीक्षक रमाकांत द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि यह अभियान पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत लगातार क्रियाशील रहेगा। बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम,



1986 के तहत सभी नियोजकों के विरूद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है जबकि सभी विमुक्त बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के समक्ष उपस्थापित कर उन्हें बाल गृह में रखा गया है। श्रम अधीक्षक रमाकांत द्वारा बताया कि बच्चों से प्रतिष्ठान में कार्य कराना बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन के अंतर्गत गैर कानूनी है। बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अतर्गत बाल श्रमिकों से कार्य कराने वाले व्यक्तियों को 20 हजार रुपए से 50 हजार रुपए तक का जुमार्ना और 2 वर्षो तक का कारावास का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निदेश के आलोक में सभी नियोजकों से 20,000/- (बीस हजार रू.) प्रति बाल श्रमिक की दर से राशि की वसूली की जाएगी। इस विशेष धावा दल की टीम में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, संग्रामपुर, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, अरेराज, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, पहाड़पुर, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, पिपराकोठी , प्रथम संस्था के प्रतिनिधि एवं संग्रामपुर थाना से 04 पुलिस कर्मी एवं एंटी ह्यूमन टैफिकिंग यूनिट की टीम शामिल थी।

## टीएलएम मेला का हुआ आयोजन 1 से 5 तक शिक्षकों ने लिया भाग



**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के जगन्नाथ उच्च माध्यमिक विद्यालय चिरैया में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय निपुण टीएलएम मेले का आयोजन किया गया। जिसमें संकुल स्तर पर चयनित वर्ग एक से पांच तक के शिक्षकों ने भाग लिया। मेला का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सरोज कुमार सिंह ने किया। मेले में शिक्षकों ने एक से बढ़कर एक टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मैटेरियल) का प्रदर्शन किया। अंतिम रूप से चार शिक्षकों का चयन जिला स्तरीय निपुण टीएलएम प्रतियोगिता के लिए किया गया। जिसमें सीआरसी कपूरपकड़ी अंतर्गत जीपीएस चमही की शिक्षिका मोनिका कुमारी ने प्रथम स्थान, यूएमएस खैरवा के शिक्षक संजीव कुमार ने द्वितीय स्थान, एनपीएस मंगुराहा की शिक्षिका सुप्रिया कुमारी ने तीसरा स्थान व शिक्षक बलिराम कांत ने चौथा स्थान प्राप्त किया। मेला के सफल आयोजन को लेकर प्रधानाध्यापक अरुण कुमार, उपेंद्र सहनी एवं पीबीएल के तकनीकी सदस्य प्रधान शिक्षक कार्तिक कुमार, शिक्षक अशोक कुमार पटेल, रणजीत कुमार व शंभू शंकर गोस्वामी को निर्णायक मंडल का सदस्य बनाया गया था। वहीं कार्यक्रम का संचालन जगन्नाथ उच्च विद्यालय के शिक्षक रवि कुमार ने किया। इस अवसर पर बीईओ श्री सिंह ने प्रतिभागी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप टीएलएम(शिक्षण- अधिगम सामग्री) का उपयोग छोटे- छोटे बच्चों को बेहतर और प्रभावी ढंग से सिखाने के लिए कर सकते है। उन्होंने कहा कि चार्ट, मॉडल, फ्लैशकार्ड, वीडियो, खेल, और डिजिटल संसाधन आदि सामग्री जो छात्रों में सीखने की क्षमता को दिलचस्प और आसान बनाते हैं।

### अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत तीन दंपतियों को मिला एक-एक लाख का अनुदान

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह ने आज अंतजार्तीय विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत तीन लाभुक दंपतियों को एक-एक लाख रुपये का सावधि जमा पत्र (एफडी) प्रदान किया। यह वितरण कार्यक्रम समाहरणालय के कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित किया गया। इस मौके पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार की यह योजना जातिगत भेदभाव को कम करने और समाज में समानता व समरसता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने लाभुक दंपतियों को शुभकामनाएं दी और आशा जताई कि वे आपसी प्रेम और सम्मान के साथ अपने जीवन को सफल बनाएं, साथ ही समाज के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत बने।

## बैरिया के अंचलाधिकारी से स्पष्टीकरण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह ने कहा है कि भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग में विभिन्न माध्यमों से प्राप्त आवेदनों को हर हाल में 31 दिसंबर तक निष्पादित करें। जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह और अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी लंबित राजस्व कार्यों का निष्पादन हर हाल में 31 दिसंबर तक किया जाऐप जिला प्रशासन ने सभी अंचलाधिकारियों को यह आदेश दिया है कि परिमार्जन, म्यूटेशन, ई-मापी, सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने, भूमि सत्यापन, और जन शिकायतों से संबंधित सभी लंबित मामलों का निष्पादन तेजी से और पारदर्शिता के साथ किया जाए। 31 दिसंबर तक अगर इन कार्यों में कोई संतोषजनक प्रगति नहीं दिखी, तो संबंधित अंचलाधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा, और आवश्यकता पड़ने पर विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी। इस दिशा में जिला प्रशासन ने यह भी निर्णय लिया है कि सभी अंचलाधिकारियों की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी गई हैं। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि जनता से जुड़े भूमि और राजस्व संबंधी मामलों का समयबद्ध और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जा सके, ताकि आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा ने निर्देशित किया है कि प्रतिदिन शाम 5 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी अंचलों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। साथ ही, डीसीएलआर को भी अपने अनुमंडल के अंतर्गत लंबित मामलों की दैनिक समीक्षा करने और निष्पादन सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है। इस दौरान बैरिया के अंचलाधिकारी की कार्यशैली को लेकर भी सवाल उठे हैं। प्रशासन ने कर्तव्य में लापरवाही और शिथिलता के आरोपों के मद्देनजर बैरिया के अंचलाधिकारी से स्पष्टीकरण की मांग की है। अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिंहा ने स्पष्ट किया है कि किसी भी अंचलाधिकारी के द्वारा कार्यों में ढिलाई बरतने पर सख्त कदम उठाए जाएंगे। विदित हो कि गुरूवार को राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक में भूमि सुधार एवं राजस्व मामले में प.चंपारण की किरकिरी हुयी है। भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री सह उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिंहा ने भी चेतावनी देते हुए सभी अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया है।

### कड़ाके की ठंड में भी नहीं थमी पढ़ाई

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले मासूम बच्चे कड़ाके की ठंड के बीच भी पढ़ाई करने को मजबूर हैं। ठंड से बचाव के समुचित इंतजाम नहीं होने के बावजूद सेविका, सहायिका और बच्चे नियमित रूप से समय पर केंद्र पहुंच रहे हैं। केंद्रों पर तय व्यवस्था के तहत बच्चों को पोषाहार तो दिया जा रहा है, लेकिन उनके पहनावे की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।शुक्रवार को की गई पड़ताल में सामने आया कि आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 188 की सेविका सरिता श्रीवास्तव के अनुसार पिछले तीन वर्षों से बच्चों को पोशाक की राशि नहीं मिली है।

## जी के मेमोरियल स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता आयोजित






**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के सुगौली प्रखंड के छपरा बहास स्थित जीके मेमोरियल विद्यालय में तीन दिवसीय ऐनुअल स्पोर्ट्स का भव्य आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय विधायक राजेश कुमार उर्फ बबलू गुप्ता तथा विधालय के मुख्य ट्रस्टी रामगोपाल खंडेलवाल ने विधायक बबलू गुप्ता ने अपने संबोधन में विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि जीके मेमोरियल विद्यालय सीबीएसई मानकों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है और जिले में सीबीएसई पाठ्यक्रम की दिशा में एक मजबूत उदाहरण पेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे शैक्षणिक संस्थान न सिर्फ शिक्षा बल्कि खेल के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। कार्यक्रम में विद्यालय संस्थापक रामगोपाल खंडेलवाल, दीपक खंडेलवाल, कुलदीप खंडेलवाल, सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सर्राफ, संजय संजू विद्यालय के शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र और अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम स्थल उत्साह, ऊर्जा और खेल भावना से भरपूर दिखाई दिया।

**कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक बब्लु गुप्ता उर्फ राजेश कुमार द्वारा किया गया**

## रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में अंतर महाविद्यालय शिक्षक-प्रशिक्षु विनिमय गतिविधियों का आयोजन

**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, आमडाढ़ी-एकमा के डॉ राजेंद्र प्रसाद सभागार में अंतर महाविद्यालय शिक्षक एवं छात्र विनिमय गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के साथ-साथ राजेंद्र किशोरी बीएड कॉलेज, सुघरी (सिवान) के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं प्रशिक्षुओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर राजेंद्र किशोरी बीएड कॉलेज, सुघरी (सिवान) के प्राचार्य रमेश कुमार ने शिक्षक एवं छात्र गतिविधियों के महत्व पर विस्तार से व्याख्यान प्रस्तुत किया। वहीं रमेश झा महिला कॉलेज, सहरसा के सहायक प्राध्यापक मृगेंद्र कुमार ने क्रियात्मक अनुसंधान विषय पर एकल व्याख्यान देकर उपस्थित शिक्षकों व प्रशिक्षुओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी। उद्घाटन सत्र में कॉलेज के सचिव इंजीनियर जयप्रकाश सिंह ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं, जो शिक्षकों को अधिक दक्ष, नवाचारी व उत्कृष्ट बनाने में सहायक होते हैं। उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों की निरंतरता पर बल दिया। रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य मृत्युंजय कुमार मिश्रा ने पूरे कार्यक्रम की सुव्यवस्थित देखरेख करते हुए अपने संबोधन में कहा कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत शिक्षक-छात्र विनिमय कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं और इनके माध्यम से शिक्षण-प्रशिक्षण की गुणवत्ता में निरंतर सुधार संभव है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।



**Affidavit**

I NESAR AHMAD S/O Seajoddin Ahmad, R/o+Vill-ward 4, Ujranarayanpur Belsara District-Gopalganj, P.o-Mirganj Bihar-841438 hereby affirm and declare as follows as Affidavit No. 13, Date: 16.12.2025 That ZAINAB SERAJ is my daughter. That in ZAINAB SERAJ 10th all educational certificate my name mistakenly mentioned as NESHAR AHMAD. That in my Aadhar card my name mentioned as NESAR AHMAD. That I shall be known as NESAR AHMAD for all purposes.

## एक नजर

### जीटी रोड के किनारे खड़े हो रहे वाहन, कभी भी घट सकती घटना

**औरंगाबाद**। जीटी रोड के किनारे टेंपो चालक मनमानी तरीके से टेंपो खड़ी करते हैं जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। वहीं तेजी के साथ दौड़ रहे ओवरलोड टेंपो के परिचालन से टेंपो चालकों के द्वारा थोड़ी सी लापरवाही के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। बता दें कि पिछले एक माह में टेंपो की टक्कर और अन्य सड़क दुर्घटनाओं में छह लोगों ने अपनी जान गंवा दी है। जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना का कारण टेंपो चालकों की लापरवाही और यातायात नियमों का पालन नहीं करना ही है। यहां तक की कई टेंपो चालक बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन दौड़ा रहे हैं। इसके अलावा टेंपो चालक क्षमता से अधिक यात्रियों को ठुंसकर टेंपो को जीटी रोड से लेकर ग्रामीण सड़कों पर दौड़ाते हैं। यहां तक की कई बार चालक अपनी सीट पर दोनों और यात्रियों को बैठा लेते हैं और खुद तिरछा होकर वाहन चलाते हैं जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ने पर दुर्घटना हो जाती है। शिवगंज के विवेक सिंह, प्रदीप कुमार ने बताया कि अधिकांश टेंपो चालक तेज गति से चलते हैं और यातायात नियमों का पालन नहीं करते हैं। टेंपो चालकों की नियमित जांच, सड़क पर सख्त निगरानी और बिना परमिट या बिना लाइसेंस वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई ही इन दुर्घटनाओं पर अंकुश लगा सकती है। बता दें कि 26 अगस्त को जम्होर थाना क्षेत्र के औरंगाबाद-पटना मुख्य पथ के देवकली मंदिर के समीप भी एक युवक ने अपने जान से हाथ गंवा दिया था। इसके बावजूद भी यातायात पुलिस व परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा इस मामले में गंभीर नहीं हो रहे हैं और लगातार टेंपो चालकों का मनोबल बढ़ता जा रहा है और कभी भी दुर्घटना हो सकती है।

### मोती बिगहा पथ अधूरा रहने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी

**औरंगाबाद**। जिले के मदनपुर प्रखंड के बनिया पंचायत में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित अंबेडकर नगर तक सड़क की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। सड़क पर उभरे पत्थर गिट्टी के टुकड़े एवं गड्ढे में आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस सड़क से होकर आने जाने वाले राहगीर गिरकर घायल होते रहते हैं। बता दें कि यह ग्रामीण सड़क बनिया सहित चट्टी, बरडीह, अंबेडकर नगर, सैलवां, कोइरी बिगहा, केलहर, महुआवां, भईया राम बिगहा, गोगाडी, थवई, जमुआईन समेत दर्जनों गांवों को जोड़ते हुए प्राणपुर खिरियावां पथ को जोड़ता है। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित परियोजना के तहत दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली निर्मित करीब दो किलोमीटर बना यह महत्वपूर्ण सड़क अपनी बदहाली पर आंसू बहाने को विवश है। इसी पथ में बसावट का बहाना बनाकर विभाग द्वारा जीटी रोड मोती बिगहा पथ से एक किलोमीटर अधूरा छोड़ दिया गया है जिससे काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर उभरे गिट्टें से होकर आने जाने में गिरकर घायल होने की संभावना रहती है। सड़क को बहुत जल्दी बनाने की जरुरत है। बरसात के समय तो और परेशानी होती है। बावजूद भी अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस सड़क की बदहाली पर नहीं जा रहा है।

### जिलाधिकारी ने किया बस स्टैंड व रैन बसेरा का निरीक्षण



**जहानाबाद**। जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के द्वारा जहानाबाद शहर के अंतर जिला बस स्टैंड एवं इस परिसर में अवस्थित रैन बसेरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी ,नगर परिषद जहानाबाद एवं रैन बसेरा के संचालक कर्मी उपस्थित थे। जिलाधिकारी के द्वारा सर्वप्रथम रैन बसेरा का निरीक्षण किया गया,जहां साफ सफाई का स्तर संतोषजनक पाया गया। 50 बेड की क्षमता वाले रैन बसेरा में पर्याप्त संख्या में बेड, ठंड से बचाव के लिए कंबल उपलब्ध पाए गए। साथ ही पेयजल हेतु आर.ओ. मशीन अधिष्ठापित एवं चालू स्थिति में पाई गई। तथापि जिला पदाधिकारी के द्वारा रैन बसेरा की सेवा प्राप्त करने वाले आगंतुकों की कम संख्या पर रोष जताया गया एवं संचालक अर्बन लेवल फेडरेशन, उजाला के कर्मियों को निर्देश दिया गया कि रैन बसेरा के पता एवं दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में प्रचार प्रसार करें। उन्होंने इसके लिए निर्देश दिया कि रेलवे स्टेशन पर भी इससे संबंधित फ्लेक्स-बैनर अधिष्ठापित करें ,जिससे कि यात्रियों को रैन बसेरा एवं इसमें उपलब्ध सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त हो और वे इसका उपभोग कर सके। जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने जहानाबाद शहर के अंतर जिला बस स्टैंड परिसर के निरीक्षण के क्रम में कई आवश्यक निर्देश संबंधित उपस्थित अधिकारियों को दिए। सबसे पहले उन्होंने बस स्टैंड में साफ सफाई का स्तर ठीक करने का निर्देश जहानाबाद नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को दिया। इस दौरान उन्होंने बस स्टैंड परिसर में अनाधिकृत रूप से संचालित गैरेज एवं अतिक्रमण को हटाने के लिए त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश भी अधिकारियों को दिया। साथ ही जिलाधिकारी ने जहानाबाद नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को पूरे बस स्टैंड परिसर में प्रकाश की बेहतर व्यवस्था एवं सौंदर्यीकरण करने के निर्देश भी दिए।

### जनता दरबार में सुनी गईं 34 जन समस्याएं



**जहानाबाद**। जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के निर्देश पर समाहरणालय परिसर में वरीय पदाधिकारियों द्वारा सभाकक्ष मे जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं आवेदन प्रस्तुत किए। इस दौरान कुल 34 मामलों की सुनवाई की गई। वरीय पदाधिकारियों द्वारा प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से सुना गया एवं संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त सभी मामलों को विधिवत पंजीकृत किया गया, जबकि अधिनियम के बाहर के मामलों को भी शीघ्र निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया। जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से सुनकर, शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना होता है।

### हसपुरा में 22 दिसंबर को होगी बीडीसी की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा**। प्रखंड विकास समिति (बीडीसी) की बैठक आगामी 22 दिसंबर को हसपुरा प्रखंड परिसर स्थित सभाकक्ष में पूर्वाह्न 11:30 बजे आयोजित की जाएगी। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार चौधरी ने पत्र जारी कर जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि बैठक में पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि के साथ-साथ विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा जीपीडीपी (ग्राम पंचायत विकास योजना) के प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। वहीं 15वें वित्त आयोग, षष्ठम राज्य वित्त आयोग तथा मनरेगा से संबंधित योजनाओं के प्रस्तावों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में विकास कार्यों की गति और प्रभावशीलता को लेकर सदस्यों से सुझाव लिए जाएंगे, ताकि प्रखंड क्षेत्र में योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। इसके साथ ही अन्य आवश्यक विषयों पर भी चर्चा प्रस्तावित है।

# प्रयत्न नारी शक्ति महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति ने मनाया स्थापना दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**जहानाबाद**। जिले के प्रयत्न नारी शक्ति महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, द्वारा 19 दिसंबर को अपना तेरहवां स्थापना दिवस भव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय बहु खांडी धर्मशाला भवन में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी उपस्थित रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में घोषी विधानसभा के विधायक श्री ऋतुराज कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि, विधायक तथा अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि प्रयत्न नारी शक्ति समिति महिला सशक्तिकरण की दिशा में सराहनीय कार्य कर रही है। महिलाओं को बचत की आदत डालकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि इस तरह की समितियां ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वहीं घोसी विधायक ऋतुराज कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2005 में जब वे उत्तराखंड के दौरे पर थे, तब वहाँ की महिला स्वावलंबी समितियों को देखकर उन्होंने सोचा था कि बिहार में भी इस तरह के महिला समूह बनने चाहिए। उन्होंने कहा कि यह जानकर गर्व होता है कि जहानाबाद में प्रयत्न नारी शक्ति समिति वर्ष 2005 से ही सक्रिय है और महिलाओं को संगठित कर उन्हें सशक्त बना रही है। यह समिति बिहार के लिए एक आदर्श मॉडल है। कार्यक्रम में महिला विकास निगम, समाज कल्याण विभाग, नाबार्ड तथा सर्व सेवा समिति संस्था से जुड़े पदाधिकारी, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में समिति के सदस्यों द्वारा भविष्य में और अधिक मजबूती से महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# रफीगंज पुलिस ने छात्रों को नए कानून को लेकर किया जागरूक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज पुलिस द्वारा नए कानून को लेकर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है। शुक्रवार को रफीगंज थाना में पदस्थापित एसआई गीतांजलि कुमारी के द्वारा रफीगंज कन्या प्लस टू उच्च विद्यालय, एवं कन्या मध्य विद्यालय एवं प्रशिक्षु डीएसपी सह रफीगंज थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार के द्वारा गुलाब बिगहा विद्यालय में नए कानून को लेकर जागरूक किया गया। एसआई गीतांजलि कुमारी ने छात्रों को साइबर फ्रॉड से बचने के तरीके, महिला हेल्प डेस्क, महिला उत्पीड़न एवं उनसे संबंधित कानून, साइबर फ्रॉड एवं साइबर फ्रॉड से बचने का उपाय बताया गया एवं साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में अवगत कराया गया। तथा डायल 112 से संबंधित जानकारी भी दी गई। तथा विद्यार्थियों को रोड सेफ्टी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दिए गए। प्रशिक्षु डीएसपी ने बताया कि नए अपराधी कानून को लेकर विद्यार्थियों को जागरूक किया जा रहा है महिलाओं और बच्चों से संबंधित कानून के बारे में बताया जा रहा है।

# नगर भवन में 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद**। वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा "आपकी पूंजी, आपका अधिकार" के तहत अक्टूबर माह से दिसम्बर 2025 तक अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत जहानाबाद शहर के अब्दुल बारी नगर भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का संयोजन जिला अग्रणी प्रबन्धक जहानाबाद रवीन्द्र कुमार सिन्हा द्वारा किया गया। इस आयोजन में महाप्रबंधक भारतीय रिजर्व बैंक प्रभात कुमार, उप-महाप्रबंधक पंजाब नैशनल बैंक, अंचल कार्यालय पटना अमित जोशी, अपर समाहर्ता जहानाबाद विनय कुमार सिंह, डी.डी.एम. नाबार्ड रजनीकान्त सिंह, एस.डी. .सी बैंकिंग नेहा कुमारी एवं जिले में अवस्थित सभी बैंकों के समन्वयक उपस्थित थे। इससे पूर्व कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में महाप्रबंधक भारतीय रिजर्व बैंक ने संबोधित करते हुए सभी आगंतुकों को डीईएएफ अकाउंट में पड़े हुए पैसों को किस प्रकार ग्राहक पता कर सकते हैं अथवा वापस अपने खाते में उन पैसों को लिया जा सकता है, इनसे संबन्धित जानकारी दी गई। उन्होने बताया की आरबीआई ने उदगम पोर्टल लांच किया है, जिसमें की ग्राहक अपने मोबाइल नंबर द्वारा रजिस्टर करके अपने केवाईसी के माध्यम से डीईएएफ अकाउंट में पड़े हुए पैसों को वापस लिया जा सकता है। इसके अलावा ग्राहक जिस बैंक या बैंक शाखा में ग्राहक का खाता है, वह भी लिखित एप्लिकेशन और केवाईसी देकर अपना पैसा वापस ले सकते हैं। उप-महाप्रबंधक पंजाब नैशनल बैंक ने संबोधित करते हुए मौजूद सभी बैंक प्रबन्धकों को डीईएएफ खाते से संबन्धित अधिक से अधिक प्रचार कर संबन्धित ग्राहकों के खातों के सेटलमेंट से संबंधित जानकारी दी गई। जिला पदाधिकारी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए इस अभियान को सराहनीय बताते हुए प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने जल्द से जल्द और ज्यादा से ज्यादा इस अभियान के तहत ग्राहकों को लाभ पहुंचाने के लिए निर्देश भी दिए। इस दौरान जिला अग्रणी प्रबन्धक, जहानाबाद ने बताया कि जहानाबाद जिले में "आपकी पूंजी, आपका अधिकार" के तहत डीईएएफ खाते में 30 नवम्बर 2025 तक 84026 खाते के विरुद्ध 25.78 करोड़ जमा है, जिसमें से 105 खाते के विरुद्ध 91 लाख रूपय संबन्धित ग्राहकों के खाते में सेटलमेंट किया जा चुका है। उन्होने सभी को जानकारी दी कि ग्राहक बैंक से पैसा पाने के लिए उदगम पोर्टल, इन्शुरेंस के लिए बीमा भरोसा, म्यूच्युअल फंड के लिए mfcentral.com, शेयर एंड डिवाइडेंट के लिए icpf.gov.in के पोर्टल/साइट से जानकारी के साथ साथ अपने पैसे भी वापस ले सकते हैं।

# डॉक्टरों की कमी से हो रही रफीगंज समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में असुविधा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की भारी कमी एक बार फिर मरीजों के लिए जानलेवा साबित हुई है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह को औरंगाबाद में अतिरिक्त प्रभार मिलने के बाद से यहां स्वास्थ्य सेवाएं चरमराती नजर आ रही हैं। इसी लापरवाही और अव्यवस्था के बीच प्रसव के बाद एक 26 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जिससे पूरे इलाके में आक्रोश फैल गया है। जानकारी के अनुसार लभरी गांव निवासी जितेंद्र कुमार की पत्नी हेमंती कुमारी गुरुवार की अहले सुबह प्रसव पीड़ा के बाद रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई गई थीं। शुक्रवार की सुबह एक बच्ची का जन्म हुआ। परिजनों का कहना है कि डिलीवरी के बाद महिला की हालत सामान्य थी और डॉक्टरों ने भी जच्चा-बच्चा दोनों को स्वस्थ बताया। लेकिन करीब पांच घंटे बाद महिला की तबीयत अचानक बिगड़ गई। इसके बावजूद समय रहते समुचित इलाज की व्यवस्था नहीं की गई और दोपहर करीब 12 बजे रेफर कर दिया गया। रेफर होने के बावजूद परिजन उसे कहीं ले जा पाने की स्थिति में नहीं थे, जिसके कारण महिला की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने अस्पताल में तैनात डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। मृतका के परिजन वीरेंद्र उर्फ विरू ने कहा कि यदि समय पर बेहतर इलाज और विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध होते, तो हेमंती की जान बचाई जा सकती थी। पंचायत समिति प्रतिनिधि इश्तियाक फराहान ने कहा कि रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डेंटल चिकित्सक के अलावा न तो पर्याप्त एमबीबीएस डॉक्टर हैं और न ही महिला चिकित्सक या शिशु रोग विशेषज्ञ। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है।

# पल्स पोलियो अभियान में सभी पर्यवेक्षकों की हुई बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पल्स पोलियो अभियान की प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह और स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिन्हा ने पोलियो पर्यवेक्षक बैठक में फील्ड पोलियो राउंड जायजा लिया इस बैठक में पोलियो पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी एलएस ने अपने-अपने क्षेत्र का जानकारी दिए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि भारत को पोलियो मुक्त बनाने के उद्देश्य से रफीगंज प्रखंड क्षेत्र में 44 पर्यवेक्षक एवं 118 वैक्सीनेशन टीम इस कड़ी कोहरे में भी लग्न के साथ 0 से 5 वर्ष आयु बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने में लगे हुए हैं। इस मौके पर अकाउंटेंट राजेश कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिंहा बीएमसी सुभाष कुमार, बीसीएम सनी कुमार, मोहम्मद मुमताज, एलएस जिज्ञासा कुमारी, सावित्री कुमारी, पर्यवेक्षक मनोज कुमार, मधुकर सुनील कुमार, दीप मनोज कुमार, नीतीश कुमार निर्भय कुमार विकास कुमार सहित उपस्थित रहे।

# निपुण भारत की ओर ठोस कदम : गयाजी जिले में दीक्षा पोर्टल पर एमआईपी लांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद**। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), गया जी ने निपुण भारत मिशन एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के प्रावधानों के आलोक में जिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत गया जिले की शैक्षणिक आवश्यकता पर आधारित डिजिटल माइक्रो इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट (एम.आई.पी.) संख्या ज्ञान समझ एवं व्यावहारिक गणना विकास के लिए दीक्षा पोर्टल के माध्यम से लांच किया गया। इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक पहल का औपचारिक शुभारंभ जिला शिक्षा पदाधिकारी, कृष्ण मुरारी गुप्ता एवं डायट, गयाजी के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार शुक्ला द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के आयोजन के दौरान बताया गया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्यनरत बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के स्तर को सुदृढ़ करना तथा शिक्षकों को नवाचारी, गतिविधि-आधारित एवं जीवन से जुड़े शिक्षण तरीकों से सशक्त बनाना प्रमुख रूप से है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी कृष्ण मुरारी गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि डायट गयाजी के इस उपलब्धि पर पूरे डायट परिवार को बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 का मूल उद्देश्य शिक्षा को जीवनोपयोगी बनाना है। जिस प्रकार विज्ञान को हमारे दैनिक जीवन में होने वाली घटनाओं जैसे दही का जमना (रासायनिक अभिक्रिया), बल और गति की अवधारणाएँ को आसपास की गतिविधियों से जोड़कर सरल बनाया जा सकता है, उसी प्रकार गणित एवं संख्या ज्ञान को भी बच्चों के दैनिक अनुभवों, घरेलू उपयोग की वस्तुओं तथा आसपास के परिवेश से जोड़कर प्रभावी ढंग से सिखाया जा सकता है। उन्होंने विद्यालयों में उपलब्ध एफ.एल.एन. किट के प्रभावी उपयोग पर विशेष बल देते हुए कहा कि इसके माध्यम से बच्चों में संख्या पहचान, गणना कौशल, अनुमान क्षमता तथा समस्या-समाधान की समझ विकसित की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यह डिजिटल माइक्रो इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट गणित की बुनियादी अवधारणाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अत्यंत सराहनीय पहल है, जिससे शिक्षक अपने शिक्षण में नवाचार ला सकेंगे। उन्होंने जिले के सभी शिक्षकों से इस एम.आई.पी को गंभीरता से पूर्ण करने का आह्वान किया। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे डिजिटल कोर्स शिक्षकों को अपनी शिक्षण प्रक्रिया को स्व-गति के अनुरूप अधिक रचनात्मक, गतिविधि-आधारित एवं बाल-केंद्रित बनाने में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि यह एम.आई.पी. शिक्षकों की व्यावसायिक दक्षता को बढ़ाने के साथ-साथ कक्षा-कक्ष में सीखने के अनुभव को रोचक एवं प्रभावी बनाएगा।इस अवसर पर दीक्षा के समन्वयक व्याख्याता बरुण कुमार ने जिले के सभी शिक्षकों से इस डिजिटल कोर्स को 31 जनवरी 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता निधि नैनम ने किया। साथ ही कार्यक्रम में वरीय व्याख्याता डॉ. गणेश प्रसाद साव, रीना कुमारी, संजीत कुमार, गणेश शंकर विद्यार्थी ने सहयोग प्रदान किया। करुणोदय संस्थान के तकनीकी सहायक अजीत कुमार सहित अमित कुमार ने कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार करने में मुख्य भूमिका निभाई।

# अभया ब्रिगेड है सक्रिय, स्कूल आने-जाने वाली बच्चियां रहें बेखौफ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद**। जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बच्चियों एवं महिलाओं के विरुद्ध अपहरण, बलात्कार, छेड़खानी, छींटाकसी, चेन स्नैचिंग आदि अपराधों पर कड़े नकेल कसने हेतु नगर थाने में गठित अभया ब्रिगेड की टीम लीडर सब इंस्पेक्टर मीनाक्षी कुमारी ने बच्चों के साथ एक घंटे का गंभीर सेशन किया। महिला सब इंस्पेक्टर मीनाक्षी ने बच्चियों एवं शिक्षिकाओं को आश्वस्त किया कि वह सदैव निडर एवं अभय रहें। उन्होंने अपना मोबाइल नंबर एवं टॉल फ्री नंबर 112 बच्चियों से साझा कर कहा कि स्कूल आने जाने के रास्ते में किसी चौक चौराहे एवं चाय आदि की दुकानों से यदि मनचले एवं शोहदे छींटाकशी, फब्तियां या छेड़खानी का प्रयास करें तत्काल शिक्षकों की मदद से अभया ब्रिगेड को सूचित करें। इसमें सहयोग करें एवं महिलाओं बच्चियों को समाज में भयमुक्त करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस अपने अनुसंधान में बहुत ही मित्रतापूर्ण दृष्टिकोण रखती हैं। उनसे डरे नहीं सहयोग करें। चौबीस गुना सात पुलिस आवाम की सुरक्षा में तत्पर रहती है। स्कूलों के आसपास मनचलों एवं शोहदों की समस्या रहती है लेकिन अभया ब्रिगेड की सक्रियता से काफी हद तक समस्याएं कम हुई है। आइपीसी 2023 की धाराएं ऐसी हरकतों के लिए दंडात्मक प्रावधान करती है। प्राचार्य ने जिला पुलिस के प्रति आभार जताया और कहा कि विद्यालय परिवार ब्रिगेड को भरपूर सहयोग करेगी।

# साइबर ठगों ने की आभूषण व्यापारी से 45 हजार की ठगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद**। जहानाबाद जिले में साइबर ठगी का एक नया मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार काको बाजार स्थित एक आभूषण व्यापारी से साइबर ठगों ने 45 हजार रुपये की ठगी कर ली है। पीड़ित दुकानदार ने इस संबंध में साइबर थाना जहानाबाद में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार काको बाजार निवासी आभूषण दुकानदार संजय कुमार के मोबाइल फोन पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया, जिसमें कॉल करने वाले व्यक्ति ने तीन चांदी के सिक्के खरीदने की इच्छा जताई। दुकानदार द्वारा एक सिक्के की कीमत 1600 रुपये बताई गई, जिसके बाद कुल 6400 रुपये का सौदा तय हुआ। इसके बाद ठग ने आभूषण व्यापारी को बताया कि उसने गलती से 6400 रुपये की जगह 64,000 रुपये उनके खाते में ट्रांसफर कर दिए हैं। ठग ने इस बात को साबित करने के लिए संजय कुमार के मोबाइल पर 64 हजार रुपये जमा होने का एक फर्जी मैसेज भी भेजा और अतिरिक्त राशि वापस करने का दबाव बनाया। इस दौरान फर्जी मैसेज देखकर व्यापारी भी ठग के झांसे में आ गए और उसके द्वारा बताए गए खाते में 45 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। कुछ समय बाद जब उन्होंने अपना बैंक खाता जांचा, तो पाया कि उनके खाते में कोई भी राशि जमा नहीं हुई थी। इसके बाद उन्हें ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित व्यापारी संजय कुमार ने तत्काल साइबर थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गौरतलब है कि जिले में साइबर ठगी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे आम लोग और व्यापारी दोनों ही परेशान हैं। वहीं साइबर अपराधियों को पकड़ना पुलिस के लिए लगातार एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। इस दौरान साइबर थाने की पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध कॉल या मैसेज पर बिना बैंक खाते की पुष्टि किए लेनदेन न करें।

# छक्कन बिगहा में नाली निर्माण न होने से हो रही परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**औरंगाबाद**। जिले के बारुण प्रखंड के छक्कन बिगहा स्थित वार्ड सं-10 में नाली निर्माण न होने से इन दिनों ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। यहां करीब 90 घर है। गांव की सड़क एवं नाली की स्थिति इन दिनों काफी दयनीय हो गई है। नाली का पानी सड़क पर बहता रहता है। जिससे सड़क पर पैदल चलने में ग्रामीणों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। एक समय यह पक्की सड़क थी परंतु नाली नहीं होने और सड़क पर मिट्टी जमा होने से कीचड़ में तब्दील हो जाता है। पहली नजर में यह पहचान पाना मुश्किल हो जाता है कि सड़क पर कीचड़ है या कीचड़ में सड़क। देखने में सड़क की स्थिति खेत जैसी लगती है। नागरिक रामकेश्वर सिह, यदुनंदन सिह, तपेश्वर सिह ने बताया कि सड़क ग्रामीण गली से बदतर हो चुकी है। इस मार्ग से प्रतिदिन 100 से अधिक परिवार के लोग आवागमन करते हैं। संपर्क पथों को जोड़ने वाली यह सड़क अब गड्ढों और कीचड़ से भर चुकी है। सड़क से आवागमन करने में काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। स्थिति यह है कि लोग घर से निकलते समय जमीन पर पैर रखने के लिए जगह तलाशते नजर आते हैं। खासकर स्कूली बच्चों और महिलाओं को इस सड़क से गुजरने में काफी परेशानियां झेलनी पड़ती है। बता दें कि नगर पंचायत के वार्ड सं-10 के छक्कन बिगहा में रामजी सिह के घर के नल-जल टंकी से वीरेंद्र यादव के घर तक ढ़क्कन युक्त आरसीसी नाली एवं पीसीसी पथ का निर्माण नहीं हो पाया है।

# रेलवे के आश्वासन के बावजूद अबतक नहीं बना अंडरब्रिज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। जिले के बारुण प्रखंड के कई विद्यालयों के छात्र-छात्राएं रेल ट्रैक पार कर विद्यालय जाने को विवश हैं। प्रतिदिन छात्र-छात्राएं जान जोखिम में डालकर में डालकर विद्यालय जाने को मजबूर है। बता दें कि यहां अंडरब्रिज नहीं होने के कारण उन्हें रेल ट्रैक पार होना पड़ता है। बता दें कि मध्य विद्यालय सोननगर के बच्चों की संख्या अधिक है। उच्च विद्यालय एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं भी इसी रास्ते आवागमन करने को विवश है। सोन नदी किनारे है जिस कारण बालू लदे वाहन अधिक पार होते हैं। वाहनों के भय एवं संकीर्ण रास्ता होने के कारण छात्र-छात्राएं रेल ट्रैक पार कर विद्यालय जाते हैं। यहां तक की अंडरब्रिज के समीप पास की समस्या गंभीर है। रास्ते में बरसात के मौसम में जलजमाव बना रहता है। राहगीरों के साथ स्कूली बच्चों को विद्यालय जाने में परेशानी होती है। इस समस्या से निजाम के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के नाम पर अबतक कुछ नहीं किया गया। यह व्यस्ततम रेल ट्रैक है जिस कारण तेज रफ्तार से ट्रेनों की आवाजाही होती रहती है। बच्चों को विद्यालय जाने के लिए दो तीन किमी अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है जिस कारण वे रेल ट्रैक पार कर विद्यालय जाते हैं। अंडरब्रिज से संबंधित शिकायत ग्रामीणों ने रेल अधिकारियों से की है परंतु किसी ने नहीं सुना। बता दें कि रेलवे प्रशासन ने वर्षा पहले आश्वासन दिया था कि अंडरपास का निर्माण कराया जाएगा। वर्षो बीत गए परंतु इस दिशा में अबतक कोई पहल नहीं की गई। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा इस मसले को लेकर कई बार धरना प्रदर्शन भी किया गया है परंतु अबतक इस दिशा में कोई खास पहल नहीं की गई है।

# बरौनी रिफाइनरी ने चार पीआरएसआई राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर रचा कीर्तिमान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** इंडियन ऑयल की बरौनी रिफ़ाइनरी ने देहरादून में आयोजित पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ़ इंडिया (पीआरएसआई) के राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में चार प्रतिष्ठित पुरस्कार जीत कर जनसंपर्क, प्रभावी संवाद और आयोजन प्रबंधनके क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया है। यह राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह 13 से 15 दिसंबर 2025 तकदेहरादून में आयोजित किया गया। बरौनी रिफ़ाइनरी की इस उल्लेखनीय सफलता के साथ ही इंडियन ऑयल ने भी इस प्रतिष्ठित समारोह में कुल 39 राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कररण नीतिक संवाद, जनसंपर्क नेतृत्व, हितधारक सहभागिता तथा सामाजिक रूप से उत्तरदायी पहलों के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया है। बरौनी रिफ़ाइनरी की हीरक जयंती विशेषांक कॉफी टेबल बुक ने विशेष/प्रतिष्ठित प्रकाशन में प्रथम पुरस्कार तथा सर्वश्रेष्ठ जनसंपर्क अभियान (बाह्य जनसमूह) की श्रेणि में भी बरौनी रिफ़ाइनरी ने प्रथम पुरस्कार अर्जित किए। ये उपलब्धियाँ सुव्यवस्थित एवं प्रभावी संवाद तथा विभिन्न हितधारकों से सार्थक जुड़ाव की रिफ़ाइनरी की क्षमता को स्पष्ट रूप से दर्शाती हैं। इसके अतिरिक्त, रिफ़ाइनरी को सर्वश्रेष्ठ एवं प्रभावशाली आयोजन प्रबंधन में द्वितीय पुरस्कार तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सबंधित कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के लिएभी द्वितीय पुरस्कारसे सम्मानित किया गया। ये सम्मान रिफ़ाइनरी की सूक्ष्म योजना, अनुशासित निष्पादन तथा सामुदायिक कल्याण और स्वास्थ्य जागरूकता के प्रति उसकी दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।

ये सभी उपलब्धियाँ बरौनी रिफ़ाइनरी की जनसंपर्क एवं संचार तथा सी एस आर टीम के समर्पण, रचनात्मकता और सशक्त टीम-वर्क को दर्शाती हैं, जो न केवल रिफ़ाइनरी बल्कि पूरे इंडियनऑयल परिवार की प्रतिष्ठा को और अधिक ऊँचाइयों तक ले जाती हैं।

# रिफाइनरी में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** बरौनी रिफाइनरी में गुरुवार को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दूसरी छमाही बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता कार्यकारी निदेशक सत्य प्रकाश एवं रिफाइनरी प्रमुख ने की। इस बैठक में भास्कर हाजरिका, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन), डा. पी के नाथ, महाप्रबंधक (कर्मचारी सेवाएँ, प्रबंधकीय सेवाएँ, अधिगम एवं विकास), आर एस प्रसाद, उप महाप्रबन्धक (कर्मचारी सेवाएँ, प्रबंधकीय सेवाएँ, अधिगम एवं विकास), बरौनी नराकास के सदस्य कार्यालय के सदस्य उपस्थित थे। इस बैठक में पिछले छह माह में किए गए हिदी प्रगति के संबंध में किए गए प्रयासो पर सदस्य सचिव द्वारा संक्षिप्त प्रस्तुतिकरण दिया गया। इस बैठक में राजभाषा हिदी के भावी विकास के लिए बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों से सुझाव भी दिए गए एवं उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नो का उतर अध्यक्ष द्वारा दिया गया। रिफाइनरी प्रमुख ने दैनिक कार्य में हिंदी का प्रयोग, विशेष रूप से ई-ऑफिस, डिजिटल प्लेटफार्म पर हिंदी के उपयोग को बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही तकनीकी शब्दावली का उपयोग, प्रशासनिक और तकनीकी कार्यों में हिंदी की मानक शब्दावली के सही प्रयोग को अपनाने के लिए प्रेरित किया ताकि भाषा समृद्ध और स्पष्ट हो सके। इसके अलावा संस्थानों में राजभाषा हिदी में उत्ष्ट कार्यान्वयन के लिए राजभाषा शील्ड यूको बैंक बेगूसराय, को प्रथम पुरस्कार, जवाहर नवोदय विद्यालय बेगूसराय को द्वितीय पुरस्कार, केंद्रीय विद्यालय आईओसीएल, बरौनी रिफाइनरी को तृतीय पुरस्कार, केनरा बैंक बेगूसराय एवं बेगूसराय रेलवे स्टेशन को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया। हिदी पखवाड़ा में आयोजित निबंध प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को भी पुरस्त किया गया।

## पिस्तौल के साथ युवक गिरफ्तार

**मंसूरचक (नबिटा संवाददाता)।** थानाध्यक्ष ने सोशल मीडिया पर हथियार लहराते युवक को पिस्तौल के साथ गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को सोशल मिडिया पर वायरल वीडियो के आलोक में मंसूरचक थानाध्यक्ष गोविंद कुमार पांडे ने बताया कि 15 दिसंबर को एक वीडियो तेजी से वाइरल हो रहा था। जिसमे एक युवक पिस्तौल लहरा रहा था। सूचना मिलते ही वीडियो की पहचान करने के बाद पुलिस हरकत में आ गई। जिसमें थाना क्षेत्र के बाजोपुर गांव निवासी राम आशीष चौधरी के पुत्र मंतोष कुमार पर शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपित किया था। उसी समय से गिरफ्तारी व हथियार बरामद करने के लिये लगातार छापामारी की जा रही थी इसी दौरान पुलिस बाजोपुर से मंतोष को गिरफ्तार कर लिया।

# भिखारी ठाकुर रंग जलसा 2025 उत्सवी माहौल में संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** पटेल बस पड़ाव आरा स्थित भिखारी ठाकुर मंच पर भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान के बैनर तले भिखारी ठाकुर जयंती पर रंग जलसा 2025 का आयोजन उत्सव भरे माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भिखारी ठाकुर संगीत, गायन वादन, नृत्य, कवि गोष्टी पुस्तक विमोचन के साथ-साथ भव्य नाटक का आयोजन देर शाम तक किया गया। कार्यक्रमों की मनमोहर प्रस्तुति लगातार होती रही। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक दीप प्रज्वलन व भिखारी ठाकुर के मूर्ति पर माल्यार्पण से हुआ। वही लोक गायक कमलेश व्यास के द्वारा मंगलाचरण में भिखारी ठाकुर के गीतों की प्रस्तुति की गई। आगत अतिथियों का स्वागत एसएस कान्वेंट स्कूल आरा एवं सिद्धि विनायक स्कूल चंदवा के छात्राओं के द्वारा नृत्य एवं गीत प्रस्तुत कर किया गया। आरा सांसद



सुदामा प्रसाद ने शुभकामना संदेश पत्र के माध्यम से भेजा जिसे उनके प्रतिनिधि दिलराज प्रीतम ने पढ़कर सुनाया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में बक्शी विकास एवं उनके शिष्यों के द्वारा कथक शैली में नृत्य प्रस्तुती। दूसरे सत्र में सम्मान समारोह कवि गोष्ठी, पुस्तक विमोचन एवं नाटक की प्रस्तुति की गई। कवि सम्मेलन एवं पुस्तक विमोचन समारोह में विनय कुमार सिंह रांची के द्वारा लिखित कविता संग्रह भोजपुरी महक का लोकार्पण सभा अध्यक्ष डा जया जैन ने किया। अतुल प्रकाश के संयोजन में आयोजित कवि गोष्ठी में कविता पाठ करने वालों में नंदकिशोर सिंह कमल, कुमार अजय, जनमेजय ओझा, डॉ वीरेंद्र शर्मा, डॉ. रेणु मिश्रा, डॉ किरण कुमारी, हरेराम सिंह, डॉ आरसी भूषण आदि प्रमुख थे। देर शाम तक आरा रंगमंच एवं उर्वशी के कलाकारों के द्वारा लोक कलाकार भिखारी ठाकुर रचित 'विदेशिया' नाटक की विशेष प्रस्तुति होती रही। हजारों लोगों के भीड़ ने भिखारी ठाकुर रचित विदेशिया नाटक संगीत कार्यक्रम को देखते हुए जमे रहे। ईश्वरी पासवान एवं अशोक पासवान ने जतसर, राह बाबा के पूजा, गोंड नाच की गायकी प्रस्तुत की। आकाशवाणी बनारस की लोक गायिका रंजन राय ने भिखारी ठाकुर के गीतों की प्रस्तुति करके सब का मन मोह लिया। प्रथम सत्र के कार्यक्रम की अध्यक्षता इंजीनियर संजय शुक्ला संजय शुक्ला द्वितीय सत्र की अध्यक्षता शिक्षाविद डा जया जैन ने किया।

मंच का संचालन संचालक नरेंद्र सिंह पत्रकार ने किया। भिखारी ठाकुर स्मृति सम्मान 2025 से वरिष्ठ रंगकर्मी साधना श्रीवास्तव (उर्वशी संस्था), मंच का विशेष सम्मान डा जया जैन को, पद्मश्री बिस्मिल्लाह खां स्मृति सम्मान वरिष्ठ रंग कर्मी एवं बादक बम बम बाबा (वार्ड पार्षद प्रतिनिधि), उर्मिला कॉल स्मृति सम्मान साहित्यकार रेनू मिश्रा, साहित्यकार मधुकर सिंह स्मृति सम्मान लेखक एवं वरिष्ठ रंगकर्मी अंबुजा आकाश, मृदंग वादक बाबू ललन जी स्मृति सम्मान बलिगांव के तबला वादक बृजनाथ सिंह, कवि अजब दयाल सिंह भोजपुरिया स्मृति सम्मान रांची के गीतकार विनय कुमार सिंह, समाजसेवी शशिनाथ त्रिवेदी स्मृति सम्मान (जगदीशपुर) बनारस की लोक गायिका रंजन राय, समाज सेवी शारदा प्रसाद सिंह स्मृति सम्मान (मझौवा) युवा रंगकर्मी धीरज कुमार को दिया गया। इसी तरह पटना से आई गायिका चंद्रप्रभा, मनोज मीत यादव, रांची के मुकेश भास्कर, महालेखाकार विभाग पटना के अरुण सिंह को भोजपुरी सेवक सेविका सम्मान से सम्मानित किया गया। समकालीन तापमान पत्रकारिता सम्मान पत्रकार विजय सिंह को दिया गया।

## रिश्वत मामले में छपी खबर से नहीं है कोई लेना देना : हरिकांत

**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बुधवार को '10 हजार रिश्वत लेते आपूर्ति पदाधिकारी रंगे हाथ गिरफ्तार' शीर्षक से प्रकाशित खबर में राशन आवंटन के लिए विभा देवी से हरिकांत उपाध्याय के माध्यम से रिश्वत मांगने की बात कही गई थी। इस संबंध में हरिकांत उपाध्याय ने स्पष्ट करते हुए कहा कि उनका इस पूरे मामले को कोई लेना देना नहीं है। उनके द्वारा किसी से राशन आवंटन को लेकर राशि की मांग नहीं की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभा देवी उनके खिलाफ ऐसा आरोप नहीं लगा सकती हैं। उन्होंने संभावना जताई है कि खबर के सुनने या लिखने में कोई त्रुटि हो गई हो।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा संख्या: एमसी-कोच-लॉक-एचडब्ल्यूएच-25, तारीख: 18.12.2025।** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (चार्जिंग एंड टी/सेट), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा, पश्चिम बंगाल, पिन-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल, पूर्व रेलवे के हावड़ा प्लेटफॉर्म पर मेल/एक्सप्रेस/पैसेंजर ट्रेनों के कोचों को 3 वर्षों की अवधि के लिए लॉक और अनलॉक करना। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,40,66,317.44। **जमा की जाने वाली बयाना राशि:** ₹ 2,20,300। **अनुबंध की अवधि:** कार्य शुरू होने की तारीख से 36 महीने। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹5,000। **ऑनलाइन निविदा जमा करने के लिए वेबसाइट का विवरण:** www.ireps.gov.in। **बोली बंद होने की तारीख और समय:** 09.01.2026 को दोपहर 1.00 बजे तक।

(HWH-472/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# धान अधिप्राप्ति के लक्ष्य की हुई समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के पैक्स अध्यक्ष एवं प्रबंधक की बैठक वीडियो कंफ्रेंसिंग हाल नावकोठी में गुरुवार को हुई। अध्यक्षता बीसीओ अनिल कुमार चौधरी ने की। उन्होंने पैक्स के माध्यम से प्राप्त वर्तमान लक्ष्य के तहत धान अधिप्राप्ति की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में हसनपुर बागर पैक्स को छोड़कर सभी आठ पैक्स अध्यक्षों ने एक एक लॉट धान का क्रय कर लिया गया है। हसनपुर बागर पैक्स में धान खरीद की गति मंथर रहने से पैक्स अध्यक्ष से स्पष्टीकरण पूछा गया है। पैक्स अध्यक्षों ने बताया कि प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप धान क्रय के बाद भी काफी संख्या में किसान धान बेचने के लिए विभागीय पोर्टल पर निबंधित किसानों का धान क्रय नहीं हो पाया है, क्योंकि इसके लिए विभाग द्वारा कोई स्पष्ट दिशा निर्देश प्राप्त नहीं है। पूर्व के मिलर तथा पैक्स के टैगिंग से पैक्स अध्यक्ष संतुष्ट नहीं है। इसके लिए पुनः टैगिंग करने का प्रस्ताव जिला कार्यालय को भेजा गया है। पैक्स को पूर्णतः कम्प्यूटराइज्ड करने का प्रस्ताव है। इसके लिए प्रतिदिन पैक्स की गतिविधियों को अपलोड करने का प्रस्ताव है। प्रबंधक को दक्ष बनाने के लिए उन्हें ट्रेनिंग भी दी गई। धान बेचने से वंचित नावकोठी के किसान रामाधार सिंह, मुकेश कुमार, अजय सिंह आदि ने बीडीओ राहुल रंजन से मिलकर अपनी समस्या से अवगत कराया। बीडीओ उनकी समस्या तथा पैक्स अध्यक्ष की बाध्यता को सुना। उन्होंने किसानों के धान क्रय के लिए मार्गदर्शन, लक्ष्य तथा सीसी प्राप्त करने के लिए विभागीय पदाधिकारी को लिखित मार्गदर्शन मांगा गया है। 28 फरवरी तक धान क्रय करनी है। लक्ष्य तथा सीसी प्राप्त होते ही किसानों का धान क्रय किया जाएगा। मौके पर पैक्स अध्यक्ष राजेश कुमार, संजीव सिंह, संजय कुमार, देवेंद्र सिंह, अशोक कुमार, मनोहर महतो, राम शंकर सिंह सहित प्रबंधक अरविंद कुमार, किरण कुमारी, ललन कुमार आदि मौजूद थे।

# विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ सात दिवसीय शिविर सम्पन्न

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर में मो मिजान रिजवान को भाषण व व्याख्यान में प्रथम स्थान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** जीडी कॉलेज परिसर में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के सातवें एवं अंतिम दिन भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न शैक्षणिक रचनात्मक एवं कौशल विकास से दूरी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेघा प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर भूपेंद्र नारायण ने कार्यक्रम पदाधिकारी सहित सभी स्वयंसेवकों को निरंतर कार्यक्रम के लिए बधाई दी व आगे के लिए शुभकामनाएं दिया। यूनिट एक की कार्यक्रम पदाधिकारी डा. शहर अफरोज ने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य युवाओं के सर्वांगीण विकास के साथ साथ उन्हें सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। कार्यक्रम में यूनिट दो के पदाधिकारी दिनेश कुमार भी उपस्थित रहें। स्वयंसेवक सुमित कुमार ने कहा यह शिविर शिव सेवकों के लिए यादगार रहा। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने अनुशासन, नेतृत्व और सेवा भाव का उत्कृष्ट परिचय दिया है। यशवीर शरीफ सेवकों के लिए एक यादगार और सीख से भरा अनुभव रहा। शिविर के दौरान भाषण के क्षेत्र में बलिया पोखरिया के मो मिजान रिजवान को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान प्रिंस केसरी तथा तृतीय स्थान संयुक्त रूप से उज्जवल एवं अभिनव को मिला। आशु भाषण में प्रथम निशा कुमारी, फर्स्ट एंड बक्स निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम फलक नसीम, पोस्टर मेकिंग में प्रथम यासमीन, कविता में मनीषा कुमारी, मेंहदी में आसमा खातून, क्विज में प्रथम स्थान टीम ए रहा। विजेता मिजान रिजवान ने कहा सात दिवसीय शिविर में आयोजित प्रतियोगिताओं ने स्वयंसेवकों को रचनात्मक आत्मविश्वास और की भावना को दिखाने का कार्य किया है। सभी विजेताओं को मिडिल और परीक्षा में काम आने वाले पुस्तक से सम्मानित किया गया।

# 'फूड प्लैनेट हेल्थ' विषय पर मुंगेर विश्वविद्यालय ने आयोजित किया वेबिनार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और वीगन आउटरीच संस्था के संयुक्त तत्वाधान में 'फूड प्लैनेट हेल्थ' विषय पर एक वेबिनार का आयोजन आज दोपहर 1:00 बजे से 2:00 बजे जूम एप्लीकेशन के माध्यम से किया गया। इस वेबीनार में मुख्य अतिथि के रूप में मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय प्रो डॉ संजय कुमार, विशिष्ट अतिथि के तौर पर वीगन आउटरेज के समन्वयक अभिषेक दुबे और मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ घनश्याम राय मौजूद थे। वेबीनार का संयोजन एवं संचालन मुंगेर विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक मुनींद्र कुमार सिंह ने किया। वीगन आउटरीच के समन्वयक अभिषेक दुबे ने फूड प्लैनेट हेल्थ विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में वेबिनार में पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से वैश्विक पर्यावरण की स्थिति, हमारे भोजन का हमारे पर्यावरण, हमारे स्वास्थ्य और पशु पक्षियों से संबंध और जलवायु परिवर्तन व जैवविविधता विनाश पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि वैगन का मतलब एनिमल उत्पादों का सेवन न कर सिर्फ पौधे से प्राप्त उत्पादों का ही सेवन करना है जो आज के समय की मांग है। कोविद-19 के दौरान इसे महसूस किया गया मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने कहा कि एनएसएस वैगन आर के माध्यम से एकेडमिक एनवायरमेंट को जीवंत करने का प्रयास कर रहा है मुंगेर विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई का यह प्रयास सराहनीय है। मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय ने अपने अध्यक्ष उद्बोधन में कहा कि समकालीन समय में वीगन को आत्मसात करने के लिए मार्गदर्शन दिया। इस पृथ्वी पर अपने लाइफस्टाइल में परिवर्तन कर हम अपने स्वास्थ्य को बेहतर कर सकते हैं। इस वेबीनार में कुल 500 स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। वेगनर के अंत में स्वयंसेवकों के लिए प्रश्नोत्तरी सेशन भी आयोजित किया गया। इस वेबिनार का आशय एक अच्छी जागरूकता लाकर व्यक्तिगत प्रयासों के माध्यम से अपने पर्यावरण, स्वास्थ्य व प्राणियों को बचाना है। ईमेल के माध्यम से फीडबैक फॉर्म भरने के बाद सभी प्रतिभागियों को एक प्रतिभाग प्रमाण पत्र भी दिया गया। वेबिनार में, बहुत ही रोचक और महत्वपूर्ण जानकारियों व अपनी धरती व स्वास्थ्य को बचाने वाले तरीकों को बताया गया।

# भगत सिंह मेमोरियल कमेटी ने मनाया शहादत दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखण्ड के समसा में शहीद भगत सिंह मेमोरियल कमेटी समसा के बैनर तले क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, राजेंद्रनाथ लाहिड़ी, रौशन सिंह की 98 वीं शहादत दिवस समारोह मनाया गया। समसा पंचायत भवन में धर्मेंद्र कुमार की अध्यक्षता में इस अवसर पर ए आई डी एस ओ के राज्य अध्यक्ष विजय कुमार एवं एसएफआई के बेगूसराय जिला कार्यकारी अध्यक्ष मजहर ने चारों शहीदों को याद करते हुए कहा कि आज छात्र नौजवानों के साथ साथ आम जन मानस महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टचार से जूझ रहा है। देश के उस समय के छात्र नौजवान अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष करते हुए देश के लिए फांसी पर चढ़ गए। वहीं आज के नौजवान समाज की मुख्य धारा से अलग होकर नशा, अश्लीलता के शिकार हो रहे हैं। इससे समाज में सामाजिक एवं जनतांत्रिक आंदोलन कमजोर हो रहा है। केंद एवं राज्य सरकार की ताना शाही रवैया के खिलाफ आंदोलन की जरूरत है तभी शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। समारोह को डी वाय एफ आई के नावकोठी अंचल संयोजक संतोष कुमार साह,जनवादी महिला समिति की सदस्या लक्ष्मी देवी, अर्जक संघ जिला समिति सदस्य श्रवण कुमार, राहुल कुमार, अमित कुमार, रामानंद चौधरी, ए आई डी एस ओ के जिला संयोजक गौतम कुमार आदि ने विचार रखे। समारोह के अंत में शहीद भगत सिंह चौक समसा पर शहीदे आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समारोह सम्पन्न हुआ।

# 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान का शुभारम्भ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिले में भारत सरकार के निर्देश पर सुशासन सप्ताह द्द प्रशासन गाँव की ओर अभियान का शुक्रवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। यह अभियान शुक्रवार से 25 दिसंबर तक संचालित किया जाएगा। अभियान की विधिवत शुरुआत आज कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा की गई। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, निदेशक डीआरडीए सहित अन्य पदाधिकारी ने वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता की। जिला पदाधिकारी ने बताया कि जिले के सभी अनुमंडल एवं प्रखंड कार्यालयों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिसका मुख्य उद्देश्य आमजन की लोक शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण करना तथा सरकारी सेवाओं को सीधे ग्रामीण स्तर तक पहुँचाना है।उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान विशेष शिविरों में प्राप्त शिकायतों का मौके पर निष्पादन किया जाएगा। साथ ही केंद्रीय लोक शिकायत पोर्टल एवं राज्य सरकार के पोर्टल पर लंबित शिकायतों का निस्तारण, अनलाइन सेवाओं से संबंधित आवेदनों का निष्पादन तथा नए आवेदनों की प्रक्रिया भी सुनिश्चित की जाएगी। सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन की गई सभी गतिविधियों की रिपोर्ट 'प्रशासन गाँव की ओर पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान का गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ संचालन सुनिश्चित करें। ताकि आम जनता को शासन एवं प्रशासन की सक्रियता का प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021 में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिवस के अवसर पर 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया था। इस वर्ष सुशासन सप्ताह का आयोजन इस पहल की 5वीं वर्षगांठ के रूप में किया जा रहा है। जो पारदर्शी, जवाबदेह एवं जनोन्मुखी प्रशासन के संकल्प को और अधिक सुदृढ़ करता है।


**GOVT. OF BIHAR**

**BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD**

**I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.**

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**UNDER GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING (UGMAC)-2025 for MBBS/ BDS/ B.V.Sc. & A.H. in Govt. Medical / Dental / Veterinary Colleges and Private Medical / Dental Colleges of Bihar**

**Adv. No.- BCECEB(UGMAC)-2025/29 Dated 19.12.2025**

**Notice regarding Online Application & Choice Filling for Online Special Stray Vacancy Round Counselling**

In continuation to Adv. No. BCECEB(UGMAC)-2025/27 & 2025/28 dated 11.12.2025, this is to inform all concerned NEET (UG)-2025 Candidates / Institutions that as per schedule published by MCC dated 08.12.2025, fresh application or consent / willingness has been invited for admission to only BDS / B.V.Sc. & A.H. / Poultry Production Courses. But as per revised schedule published by MCC dated 17.12.2025, admission on vacant seats of MBBS Courses is also to be conducted.

**In the light of above revised schedule of MCC, Online Special Stray Vacancy Round Counselling for admission to MBBS / BDS / B.V.Sc. & A.H. / Poultry Production Courses will be conducted as per scheduled mentioned below on vacant seats of MBBS / BDS Courses of Government / Private Medical / Dental Colleges and B.V.Sc. & A.H. / Poultry Production Courses of Veterinary Colleges.**

1. In the light of above facts, such candidates who have given consent / willingness or submitted fresh application against Adv. No. BCECEB(UGMAC)-2025/27 dated 11.12.2025 are also eligible for this Special Stray Vacancy Round Counselling. Such candidates need not to give consent / willingness or submit fresh application. They shall have the facility to fill fresh choices / edit their filled up choices to include MBBS Courses.
2. Seat Matrix of vacancies after completion of Stray Vacancy Round Counselling is available on Board's website. If any further vacancies arises, the Seat Matrix will be updated further and updated vacancies shall be uploaded on the Board's website before start of Special Stray Vacancy Round Counselling. The candidate must see it before filling up of their Choices for Online Counselling.
3. Hence, Adv. No. BCECEB(UGMAC)-2025/27 dated 11.12.2025, Stray Vacancy Round-2 Counselling should be read and treated as Special Stray Vacancy Round Counselling.
4. Such candidates who have not given consent / willingness or fresh application as per Adv. No. BCECEB(UGMAC)-2025/27 dated 11.12.2025 may give their consent / willingness or submit fresh application and fill their choices as per programme given below;
5. **Important dates for UGMAC-2025 (Special Stray Vacancy Round) :**

i. **Seat matrix** posting on Board's website ........ : **19.12.2025**
ii. **Starting date** of online Registration & submission of Application-cum-Choice Filling / Editing of Application Form data (Special Stray Vacancy Round) : **20.12.2025**
iii. **Last date** of online Registration & submission of Application with payment through Debit Card/ Credit Card/ Net Banking/ UPI by Registered candidate / Editing of Application Form data (Special Stray Vacancy Round) ........ : **23.12.2025** (10.00 pm)
iv. **Consent / Willingness** for Special Stray Vacancy Round with Payment (if any) from such candidates who have already duly submitted the Application Form earlier ...... : **20.12.2025** to **23.12.2025** (10.00 pm)
v Last date of Choice Filling and Locking (Special Stray Vacancy Round) .............. : **23.12.2025** (11.59 pm)
vi. **Publication of Rank Card** ........ : **25.12.2025**
vii. Special Stray Vacancy Round Provisional Seat Allotment Result publication date . : **28.12.2025**
viii. **Downloading of Allotment order** (Special Stray Vacancy Round) ........ : **28.12.2025** to **30.12.2025**
ix. **Documents Verification and Admission** (Special Stray Vacancy Round) ........ : **29.12.2025** to **30.12.2025**

6. All terms and conditions including eligibility criteria, Fee payment procedure / Willingness, instructions like Editing / Correction of Application Form Data and other details mentioned in Advertisement No. BCECEB(UGMAC)-2025/27 Dated 11.12.2025 will remain same for this Special Stray Vacancy Round Counselling which can be downloaded from the Board's website : bceceboard.bihar.gov.in.

**Controller of Examination**



# भारतीय टीम के कोच नहीं मैनेजर हैं गौतम गंभीर

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने कहा कि आजकल हेड को का काम खिलाड़ियों को कोचिंग देने के बजाय उन्हें मैनेज करना ज्यादा होता है।

भारत को नवंबर में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 0-2 से हार मिली थी और इससे पहले भारत को न्यूजीलैंड ने साल 2024 में 0-3 से हराया था। टेस्ट सीरीज में इस तरह की हार के बाद गंभीर के ऊपर काफी दवाब है। कपिल देव ने इंडियन चैंबर ऑफ

## कपिल देव ने हेड कोच पर की तीखी टप्पणी

कॉमर्स आईसीसी शताब्दी सेशन में कहा कि आज कोच नाम का जो शब्द है...कोच आज बहुत आम शब्द है। गौतम गंभीर कोच नहीं हो सकते वो टीम के मैनेजर हो सकते हैं। कोच वो होते हैं जिनसे हम स्कूल या कॉलेज में सीखते हैं। वो लोग मेरे कोच थे क्योंकि वो मुझे मैनेज कर सकते थे।

**लेग-स्पिनर या विकेटकीपर के कोच कैसे हो सकते हैं गंभीर**-कपिल देव ने आगे कहा कि आप कोच कैसे हो सकते हैं जब उन्होंने किसी को मान लीजिए लेग स्पिनर का नाम दिया है। गौतम एक लेग स्पिनर या विकेटकीपर के कोच कैसे हो सकते हैं। मुझे लगता है कि आपको मैनेज करना होगा और ये ज्यादा जरूरी है। एक मैनेजर के तौर पर आप उन्हें हिम्मत देते हैं कि आप यह कर सकते हैं क्योंकि जब आप मैनेजर बनते हैं तो युवा लड़के आपकी तरफ देखते हैं।

- **जो अच्छा नहीं खेल रहे उनका आत्मविश्वास बढ़ाएं**- कपिल ने कहा कि कप्तान के तौर पर उनकी अपनी फिलॉसफी यह थी कि खराब दौर से गुजर रहे खिलाड़ियों को सपोर्ट किया जाए। मुझे लगता है कि जो लोग अच्छा नहीं खेल रहे हैं, उन्हें आपको दिलासा देना चाहिए। अगर किसी ने सेंचुरी बनाई है तो मैं उसके साथ ड्रिंक और डिनर नहीं करना चाहता। वहां बहुत सारे लोग हैं, लेकिन एक कप्तान के तौर पर मैं उन लोगों के साथ ड्रिंक करना चाहूंगा या उन लोगों के साथ डिनर करना चाहूंगा जो अच्छा परफॉर्म नहीं कर रहे हैं। आपको उन्हें कॉन्फिडेंस देना होता है और यही होता है।



# रेसिंग जगत में शोक की लहर

- विमान हादसे में दिग्गज NASCAR ड्राइवर और उनके परिवार का दुखद निधन

नई दिल्ली, एजेंसी। उत्तरी कैरोलिना के स्टेट्सविले रीजनल एयरपोर्ट के पास गुरुवार सुबह एक हृदयविदारक विमान हादसा हुआ, जिसने न केवल रेसिंग की दुनिया बल्कि पूरे अमेरिका को स्तब्ध कर दिया है। रिटायर्ड ह्वस्ष्क्र ड्राइवर ग्रेग बिफल, उनकी पत्नी और दो बच्चों सहित कुल सात लोगों की इस भीषण दुर्घटना में मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ जब उनका निजी बिजनेस जेट उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद वापस एयरपोर्ट की ओर लौट रहा था और अचानक जमीन से टकराकर आग की लपटों में घिर गया।



## एक हंसता-खेलता परिवार और दोस्तों का अंत

इस त्रासदी में 55 साल ग्रेग बिफल के साथ उनकी पत्नी क्रिस्टीना, उनके 5 साल के बेटे राइडर और 14 साल की बेटी एम्मा ने अपनी जान गंवाई। उनके साथ विमान में डेनिस डटन, उनके बेटे जैक और बिफल के करीबी दोस्त क्रेज वाड्सवर्थ भी सवार थे। परिवार की ओर से जारी एक अत्यंत भावुक संयुक्त बयान में कहा गया कि ये सभी उनके लिए पूरी दुनिया थे और उनकी अनुपस्थिति ने जीवन में एक ऐसा खालीपन पैदा कर दिया है जिसे कभी भरा नहीं जा सकेगा। बिफल का परिवार न केवल अपनी खुशहाली बल्कि अपने परोपकारी कार्यों के लिए भी जाना जाता था।

# भारतीय कुश्ती महासंघ ने राष्ट्रीय शिविर में भागीदारी अनिवार्य की

- इन पहलवानों को अब भी मिलेगी छूट

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय कुश्ती महासंघ ने नई चयन नीति बनाई है जिसके तहत सभी पहलवानों को राष्ट्रीय शिविर में शामिल होना होगा। हालांकि, महासंघ ने कुछ छूट भी दी है। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने नई चयन नीति लागू की है जिसके तहत अब सभी के लिए राष्ट्रीय शिविर में शामिल होना अनिवार्य है। व्यक्तिगत अभ्यास कर रहे पहलवानों को इससे छूट रहेगी। इसके साथ ही ओलंपिक खेलों में कोटा जीतने वाले पहलवानों को एक दौर के



अंतिम चयन ट्रायल में भाग लेना होगा। डब्ल्यूएफआई की आम परिषद की हाल ही में अहमदाबाद में हुई बैठक में इस नीति को मंजूरी दी गई। इसे फीडबैक और समीक्षा लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) को भी दिया गया है। नीति में कहा गया, राष्ट्रीय कोचिंग शिविरों में भागीदारी सभी पहलवानों के लिए अनिवार्य होगी जिसमे एलीट और दिग्गज पहलवान शामिल हैं। शिविर में भाग लेने के लिए राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक जीतना जरूरी है। एक बार चुने जाने पर पहलवानों को राष्ट्रीय शिविर में अभ्यास करना होगा। किसी को दूसरे किसी स्थान पर व्यक्तिगत अभ्यास की अनुमति नहीं होगी।

## विनेश को घरेलू स्तर पर करना होगा अच्छा प्रदर्शन

इसके मायने हैं कि हाल ही में संन्यास से वापसी का फैसला लेने वाली विनेश फोगाट को राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिए घरेलू स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करना होगा। नीति में स्पष्ट है कि शिविर में भाग नहीं लेने पर पहलवान चयन ट्रायल में भाग नहीं ले सकेंगे।

कबड्डी

# भारत से ऐसी नफरत!

- पड़ोसी देश की टीम के लिए खेलने पर पाकिस्तान करेगा अपने ही खिलाड़ी पर कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी। पाकिस्तान कबड्डी महासंघ के सचिव राना सरवर ने बताया कि 27 दिसंबर को आपात बैठक बुलाई गई है, जिसमें उबैदुल्लाह राजपूत और कुछ अन्य खिलाड़ियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई पर फैसला लिया जाएगा।

पाकिस्तानी अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी उबैदुल्लाह राजपूत मुश्किल में फंस गए हैं। भारत की निजी टीम की ओर से खेलने के कारण उनके खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। यह मामला 16 दिसंबर को बहरीन में आयोजित जीसीसी कप से जुड़ा है।




## भारतीय टीम से खेलने पर अपने ही खिलाड़ी पर कार्रवाई करेगा पाकिस्तान

दरअसल, सोशल मीडिया पर उबैदुल्लाह के कुछ वीडियो और तस्वीरें वायरल हुई थीं, जिनमें वह भारतीय जर्सी पहने और भारतीय झंडा लहराते हुए नजर आए थे। इसके बाद पाकिस्तान कबड्डी महासंघ (पीकेएफ) ने मामले को गंभीरता से लिया है। पाकिस्तान कबड्डी महासंघ के सचिव राना सरवर ने बताया कि इस मुद्दे पर 27 दिसंबर को आपात बैठक बुलाई गई है, जिसमें उबैदुल्लाह राजपूत और कुछ अन्य खिलाड़ियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई पर फैसला लिया जाएगा। राना सरवर ने कहा, 'मैं पुष्टि करता हूं कि यह एक निजी टूर्नामेंट था, जिसमें आयोजकों ने टीमों के नाम भारत, पाकिस्तान, कनाडा, ईरान आदि रखे थे। लेकिन सभी टीमों में अपने-अपने देशों के खिलाड़ी थे। भारतीय निजी टीम में भारतीय खिलाड़ी खेले, लेकिन उबैदुल्लाह का उनके लिए खेलना मौजूदा परिस्थितियों में स्वीकार्य नहीं है।

## उबैदुल्लाह ने दी सफाई

वहीं, उबैदुल्लाह राजपूत ने इस मामले में माफी मांगते हुए सफाई दी है। उन्होंने कहा कि उन्हें बहरीन में खेलने का निमंत्रण मिला था और उन्हें एक निजी टीम में शामिल किया गया था। उबैदुल्लाह ने कहा, 'मुझे बाद में पता चला कि टीम का नाम भारतीय टीम रखा गया है। मैंने आयोजकों से भारत और पाकिस्तान के नाम इस्तेमाल न करने को कहा था। इससे पहले भी निजी प्रतियोगिताओं में भारतीय और पाकिस्तानी खिलाड़ी एक साथ खेले हैं, लेकिन कभी भारत या पाकिस्तान के नाम से नहीं।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे शुरू में यह एहसास नहीं था कि मुझे भारतीय टीम के खिलाड़ी के रूप में दिखाया जाएगा। मौजूदा हालात में मैं ऐसा करने के बारे में सोच भी नहीं सकता।'

# जोश इंग्लिस ने पंजाब को दिया धोखा!

- शादी के बहाने रिलीज, 8.6 करोड़ में बिकते ही हनीमून टाला

नई दिल्ली, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के लिए जोश इंग्लिस की उपलब्धता को लेकर विवाद पैदा हो गया है। मिनी ऑक्शन से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने जानकारी दी थी कि ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर अगले सीजन में सिर्फ चार मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। इंग्लिस अप्रैल 2026 में शादी करने वाले हैं और इसके बाद उनके हनीमून पर जाने की योजना थी। लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ 8.6 करोड़ रुपये में जुड़ते ही खबर आई कि इंग्लिस हनीमून टाल सकते हैं।



इसके बाद से यह सवाल उठ रहा है कि क्या इंग्लिस की उपलब्धता को लेकर कोई गलतफहमी हुई या उन्होंने आखिरी मिनट में अपनी योजनाएं बदल दीं। इंग्लिस की पुरानी फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स ठगा हुआ महसूस कर रही है।

## बीसीसीआई से संपर्क करेगी पंजाब किंग्स

सूत्रों के हवाले से बताया कि इंग्लिस ने पंजाब को बताया कि उनकी शादी हो रही है और इसलिए अगले सीजन में उनकी उपलब्धता सीमित रहेगी। खास तौर पर उन्होंने संबंधित पंजाब किंग्स के अधिकारियों को बताया था कि उनकी शादी 18 अप्रैल को है और वह उसके तुरंत बाद हनीमून पर जाएंगे। वह मई के आखिर में सिर्फ 10-14 दिनों के लिए ही उपलब्ध रहेंगे। इस बातचीत के आधार पर पंजाब के अधिकारियों ने उन्हें रिलीज कर दिया।

न्यूजीलैंड- वेस्टइंडीज टेस्ट

# कॉनवे ने ठोका दोहरा शतक



- करियर का सबसे बड़ा स्कोर बनाया, डेब्यू के बाद पहली बार किया...

नई दिल्ली, एजेंसी। न्यूजीलैंड के ओपनर डेवन कॉनवे ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टेस्ट की पहली पारी में दोहरा शतक जड़ा है. ऐसा करते हुए उन्होंने अपने करियर का सबसे बड़ा स्कोर भी बनाया है. डेवन कॉनवे ने वेस्टइंडीज के गेंदबाजों की जमकर पिटाई की. पहले दिन के खेल में तो वो आउट ही नहीं हुए और फिर दूसरे दिन उन्होंने कुछ ऐसा किया, जैसा 4 साल पहले खेली अपनी डेब्यू इनिंग पर किया था. डेवन कॉनवे ने टेस्ट डेब्यू पर जमाए दोहरे शतक के बाद पहली बार डबल सेंचुरी जड़ी. मतलब, उन्होंने अपने टेस्ट करियर का दूसरा दोहरा शतक जड़ा. डेवन कॉनवे ने अपने टेस्ट करियर का दूसरा दोहरा शतक 318 गेंदों पर पूरा किया, जिसमें बाउंड्रीज के नाम पर 28 चौके शामिल रहे. वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टेस्ट में खेली इनिंग के दौरान उन्होंने 319वीं गेंद पर सिंगल लेते ही, अपने टेस्ट करियर का सबसे बड़ा स्कोर भी हासिल कर लिया. कॉनवे ने साल 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ डेब्यू करते हुए पूरे 200 रन की पारी खेली थी, जो कि टेस्ट में उनका पहला दोहरा शतक था. वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले जा रहे तीसरे टेस्ट में डेवन कॉनवे की कुल इनिंग 227 रन की रही.

टी20 वर्ल्ड कप 2026

## इस दिन होगा टीम इंडिया का ऐलान, न्यूजीलैंड सीरीज के लिए भी सेलेक्श

नई दिल्ली, एजेंसी। अगले साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप और न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए भारतीय खिलाड़ियों का सेलेक्शन 20 दिसंबर को होगा. खिलाड़ियों का सेलेक्शन मुंबई में बीसीसीआई हेडक्वार्टर में किया जाएगा.



टी20 वर्ल्ड कप 2026 और न्यूजीलैंड सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान 20 दिसंबर को होगा, इसे लेकर रिपोर्ट्स पहले से थी. लेकिन, अब बीसीसीआई ने उस खबर पर अपनी आधिकारिक मुहर लगा दी है. भारतीय टीम का सेलेक्शन दोपहर डेढ़ बजे होगा, जिसके बाद टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव और चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर प्रेस कॉन्फ्रेंस भी करेंगे. न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत को घरेलू व्हाइट बॉल सीरीज खेलनी है. ये सीरीज टी20 वर्ल्ड कप 2026 के शुरू होने से पहले होगी. इस सीरीज में कुल 8 मैच होंगे, जिसमें 3 वनडे और 5 टी20 शामिल हैं. पहले वनडे सीरीज खेली जाएगी, जिसके मुकाबले 11 जनवरी, 14 जनवरी और 18 जनवरी को वडोदरा, राजकोट और इंदौर में खेले जाएंगे

# सौरव गांगुली ने दर्ज कराया? 50 करोड़ का मानहानि केस...

- लियोनेल मेसी के इवेंट से है कनेक्शन





नई दिल्ली, एजेंसी। लियोनेल मेसी के कोलकाता वाले इवेंट में सौरव गांगुली भी शरीक हुए थे. गांगुली का नाम सॉल्ट लेक स्टेडियम में हुई घटना में घसीटा गया, जिसके बाद टीम इंडिया के पूर्व कप्तान ने एक्शन लेते हुए उत्तम साहा के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है. टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल के मौजूदा अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कोलकाता के लालबाजार में उत्तम साहा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है. गांगुली का आरोप है कि साहा ने उन्हें युवा भारती स्टेडियम (सॉल्ट लेक स्टेडियम) घटना में जानबूझकर फंसाया और उनके खिलाफ झूठे, दुर्भावनापूर्ण और अपमानजनक बयान देकर उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाया. साहा अर्जेंटीना फैन क्लब के अध्यक्ष हैं. बता दें कि दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी के इवेंट के दौरान सॉल्ट लेक स्टेडियम में अफरातफरी मच गई थी. गांगुली ने अपनी शिकायत में कहा कि उत्तम साहा ने उनके बारे में लगातार झूठे और मानहानिक आरोप लगाए, जो न केवल उनके व्यक्तिगत सम्मान को ठेस पहुँचाते हैं, बल्कि सार्वजनिक रूप से भी उनके किरदार और प्रतिष्ठा को बदनाम करते हैं.

सौरव गांगुली ने कहा कि उत्तम साहा ने यह सब जानबूझकर और उद्देश्यपूर्वक किया है. पूर्व भारतीय कप्तान ने साहा को कानूनी नोटिस भेजा और अब उन्होंने ?50 करोड़ की मानहानि का मुकदमा दायर किया है. गांगुली का कहना है कि इन आरोपों का कोई भी वास्तविक आधार नहीं है और उन्हें गलत तरीके से सार्वजनिक किया गया है.

टाटा स्टील वर्ल्ड 25के:

# ओलंपिक पदक विजेता बेनडनरेक भारत की रनिंग संस्कृति से प्रभावित, रेस के लिए उत्साहित

कोलकाता, एजेंसी। ओलंपिक पदक विजेता स्प्रिंटर केनी बेडनरेक टाटा स्टील वर्ल्ड 25के कोलकाता के इंटरनेशनल इवेंट एम्बेसडर के रूप में जुड़े हैं और वह इस रेस के लिए काफी उत्साहित हैं। ओलंपिक रजत पदक विजेता और अमेरिका के स्टार स्प्रिंटर केनी बेडनरेक ने टाटा स्टील वर्ल्ड 25के कोलकाता के इंटरनेशनल इवेंट एम्बेसडर के रूप में जुड़ने पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि इस तरह की वैश्विक स्तर की दौड़ प्रतियोगिताएं लोगों को फिटनेस को जीवनशैली के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि भारत में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है और अगर सही कोचिंग, ट्रेनिंग स्ट्रक्चर और रिकवरी सिस्टम मिले, तो भारतीय खिलाड़ी वैश्विक मंच पर बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं।

उन्होंने युवा खिलाड़ियों से अपने लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहने की अपील की। एलीट स्तर पर प्रदर्शन को लेकर बात करते हुए बेडनरेक ने मानसिक मजबूती को सबसे अहम बताया। उन्होंने कहा कि शारीरिक तैयारी और प्रतिभा के बावजूद अगर रेस के दिन मानसिक रूप से मजबूत नहीं हैं, तो कुछ भी मायने नहीं रखता। उनके अनुसार स्प्रिंटिंग लगभग 90 प्रतिशत मानसिक खेल है, जिसमें अनुशासन, जिम्मेदारी, आत्मविश्वास और



रिकवरी की अहम भूमिका होती है। अपने करियर के अनुभव साझा करते हुए बेडनरेक ने निरंतर सीखने और सुधार पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वह हर साल खुद को बेहतर बनाने की कोशिश करते हैं और जीत के बाद भी अपनी टीम के साथ यह सोचते हैं कि आगे क्या सुधार किया जा सकता है। उनके मुताबिक पूर्णता जैसी कोई चीज नहीं होती, केवल निरंतर प्रगति ही मायने रखती है। यह बातें उन्होंने जीडी बिड़ला सेंटर फॉर एजुकेशन के छात्रों से बातचीत के दौरान कहीं।

## भारत में प्रतिभा की कोई कमी नहीं

भारतीय एथलेटिक्स को लेकर बेडनरेक ने सकारात्मक रुख जताया। उन्होंने कहा कि भारत में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है और अगर सही कोचिंग, ट्रेनिंग स्ट्रक्चर और रिकवरी सिस्टम मिले तो भारतीय खिलाड़ी वैश्विक मंच पर बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। उन्होंने युवा खिलाड़ियों से अपने लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहने की अपील की। भारत के खेल जगत से लंबे समय तक जुड़ाव को लेकर बेडनरेक ने कहा कि वह इंटरैक्शन, मेंटरशिप और अनुभव साझा करने के जरिए सार्थक योगदान देने के लिए हमेशा तैयार हैं।

## कोलकाता 25के केवल रन नहीं, उत्सव है

टाटा स्टील वर्ल्ड 25के कोलकाता को लेकर बेडनरेक ने कहा कि यह सिर्फ एक रेस नहीं, बल्कि उत्सव है। उन्होंने कहा कि एक ही सड़क पर एलीट एथलीट्स, शौकिया धावकों और पहली बार दौड़ने वालों को साथ देखना प्रेरणादायक है और वह रविवार को होने वाली रेस को करीब से देखने और धावकों का उत्साह बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं।

## टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में जीते हैं पदक

केनी बेडनरेक दुनिया के शीर्ष स्प्रिंटर्स में गिने जाते हैं। उन्होंने पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में टोक्यो ओलंपिक 2020 और पेरिस ओलंपिक 2024 में रजत पदक जीता है। इसके अलावा वह विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के भी रजत पदक विजेता हैं।

# गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा को समर्पित रहा किशोरी सिन्हा का जीवन : निखिल कुमार

## महिला महाविद्यालय परिसर में पूर्व सांसद किशोरी सिन्हा की प्रतिमा का हुआ अनावरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित किशोरी सिन्हा महिला महाविद्यालय परिसर में शुक्रवार को पूर्व सांसद स्व. किशोरी सिन्हा की प्रतिमा का अनावरण किया गया। प्रतिमा का अनावरण केरल और नागालैंड के पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार, बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह तथा मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कुलपति प्रोफ़ेसर (डॉक्टर) शशि प्रताप शाही द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर निखिल कुमार ने कहा कि किशोरी सिन्हा उनकी माता थीं लेकिन उनका पूरा जीवन गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा में समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि किशोरी सिन्हा बालिका शिक्षा के प्रति अत्यंत जागरूक थीं और





बालिकाओं तथा महिलाओं को शिक्षा के लिए लगातार प्रेरित करती रहती थीं। निखिल कुमार ने बताया कि किशोरी सिन्हा वर्ष 1980 में वैशाली निर्वाचन क्षेत्र से संसद सदस्य चुनी गईं और वह इस क्षेत्र से चुनी जाने वाली पहली महिला बनीं। वर्ष 1984 में वे पुनः निर्वाचित हुईं। उन्हें महिलाओं, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अल्पसंख्यक समुदाय के उत्थान में विशेष रुचि थी। उन्होंने यह भी बताया कि स्व. किशोरी सिन्हा बिहार विभूति अनुग्रह नारायण सिन्हा की पुत्रवधू और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सत्येंद्र नारायण सिंह की धर्मपत्नी थीं। बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने कहा कि किशोरी सिन्हा की प्रतिमा बालिकाओं और महिलाओं को निरंतर प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने कहा कि राजनीतिक जीवन में सक्रिय रहने के बावजूद किशोरी सिन्हा ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए, यही कारण है कि लोग आज भी उन्हें सम्मान के साथ याद करते हैं। मगध विश्वविद्यालय बोधगया के कुलपति प्रोफ़ेसर (डॉक्टर) शशि प्रताप शाही ने कहा कि जिनके नाम पर महाविद्यालय स्थापित है, उनकी प्रतिमा का अनावरण होना अत्यंत गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व प्रतिमा स्थापना का प्रस्ताव उनके पास आया था, जिसे स्वीकृति दी गई और आज यह समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य दिलीप कुमार सिंह, सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, प्रभारी प्राचार्य डॉ. अरुणजय कुमार सिंह, सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा, डॉ. राहुल तिवारी, डॉ. कुंदन कुमार पासवान, डॉ. प्रभात कुमार, अनुराग सिंह, प्रो. अखिलेश सिंह, डॉ. अमित राहुल, डॉ. अभिजीत घोष सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी और छात्राएं उपस्थित रहीं।

# जिला अतिथि गृह में अतिथियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता : डीएम



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने शुक्रवार को जिला अतिथि गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला अतिथि गृह में उपलब्ध आवासीय कक्षों, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, सुरक्षा एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा अतिथि गृह की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़, सुव्यवस्थित एवं अतिथियों के लिए सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से जिला नजारत उपसमाहर्ता को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने, आवश्यक मरम्मत कार्यों का शीघ्र निष्पादन तथा सभी सुविधाओं के सुचारु संचालन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला अतिथि गृह में आने वाले अतिथियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित पदाधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें। इस दौरान वरीय उप उपसमाहर्ता रितेश यादव मौजूद रहे।

# मारपीट में चार महिलाएं सहित आठ लोग घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भलुहारा गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पाटीदारों के बीच हुई हिंसक झड़प में एक पक्ष से चार महिलाओं सहित आठ लोग घायल हो गये। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में उस गांव निवासी सुरजपत यादव, सुभाष यादव, गौतम यादव, सीटू कुमारी, मानपति देवी, कंचन कुमारी, निक्की कुमारी व अविनाश कुमार शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल सुरजपत यादव ने बताया कि पटीदार से 10 डिसमिल जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। प्लॉट 31 डिसमिल का है, जिसमें तीन लोगों का हिस्सा है। 31 डिसमिल वाली जमीन में उनका लगभग 10 डिसमिल जमीन पड़ता है, लेकिन पाटीदार जमीन नहीं दे रहा है। उन्होंने बताया कि उस जमीन का कागजात भी है और रसीद भी कटता है। बावजूद उन लोगों द्वारा हिस्से की जमीन नही दी जा रही। पूर्व में भी उसी जमीन को लेकर कई बार मारपीट हुई थी। मामले में समझौता भी हुआ था लेकिन उन लोगों द्वारा पंचों की भी बात नही मानी जाती है। गुरुवार की शाम जमीनी विवाद को लेकर ही पटीदारों से विवाद हुआ था। पटीदारों ने घर में घुसकर हमला किया लेकिन ग्रामीणों ने मामले को सुलझा दिया। बावजूद उन लोगों ने सभी को घर में बंद कर दिया। बाहर निकलने पर जान मारने की धमकी दी। जब शुक्रवार की सुबह घर से निकला तो उक्त लोगों द्वारा लाठी-डंडे व धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। जख्मी सीटू कुमारी ने बताया कि कि जब उसने अपने परिजनों को पीटते देखा तो दौड़ते हुए बचाने पहुंची लेकिन उसकी भी जमकर पिटाई कर दी गयी। घटना के बाद परिजनों ने सभी जख्मियों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उपचार किया। हालांकि दूसरे पक्ष से भी कुछ लोग जख्मी हुए है, लेकिन उनलोगों से संपर्क न होने के कारण उन का पक्ष नही रखा जा सका। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि मारपीट की सूचना मिली है। आवेदन मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कारवाई की जाएगी।

# जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना प्रशासन का कर्तव्य : डीडीसी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सरकार द्वारा चलाये जा रहे विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शी लाने एवं उसका सही रूप से क्रियान्वयन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा बेहतर पहल की जा रही है। इसी के मद्देनजर शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह की अध्यक्षता में प्रशासन गांव की ओर अभियान कार्यक्रम का आयोजन कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत पंचायत सरकार भवन रिसियप के मैदान में किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह द्वारा कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा क्रियान्वित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आम नागरिकों को किस प्रकार



लाभ पहुंच रहा है तथा इन योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। उप विकास आयुक्त ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य प्रशासन को जनता के द्वार तक पहुंचाना है ताकि सभी विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाएं आमजनों को सीधे उनके गांव एवं चौपाल पर उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने बताया कि कुटुंबा एक आकांक्षी प्रखंड है, इसलिए जिला मुख्यालय से हटकर कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत रिसियप पंचायत में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से अपील की कि इस शिविर की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं, ताकि ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण इस शिविर का लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि इस शिविर में कुल 17 विभागों के 25 स्टॉल लगाए गए हैं जिनमें स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग सहित अन्य महत्वपूर्ण विभाग शामिल हैं। उप विकास आयुक्त ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना प्रशासन का कर्तव्य है। सरकार इस दिशा में दृढ़ संकल्पित है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सभी योजनाओं का लाभ मिल सके। इसी उद्देश्य से सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए हैं ताकि लोग योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकें एवं उनका लाभ उठा सकें। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के तहत सामाजिक पेंशन योजना, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, निःशक्तता पेंशन योजना आदि का पंजीकरण किया गया। इस क्रम में मनरेगा जॉब कार्ड धारकों का पंजीकरण, राशन कार्ड से संबंधित सेवाएँ, सात निश्चयऽ2 अंतर्गत नल-जल योजना, कौशल विकास योजना, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता पंजीकरण आदि की सुविधा उपलब्ध कराई गई। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा सैकड़ों आवेदनों का निष्पादन किया गया। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, सिविल सर्जन लालसा सिंह, डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार, जिला परिषद उपाध्यक्ष किरण सिंह, रिसियप पंचायत की मुखिया सहित अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण नागरिकों की उपस्थिति रही।

# 15 लाख की संपत्ति पर चोरों ने किया हाथ साफ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अंबा थाना क्षेत्र के हरदता गांव में अज्ञात चोरों ने भीषण चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने क़रीब 15 लाख रूपये की संपत्ति पर हाथ साफ किया है। बताया जाता है कि जिस कमरे में परिवार के सदस्य सो रहे थे उसमें दरवाजे पर बाहर से चोरों ने कुंडी लगा दिया। इसके बाद दूसरे कमरे में रखे जेवरात और कीमती सामान ले भागे। चोरों ने घर में एंट्री से पहले पड़ोसियों के भी दरवाजे की कुंडी लगा दिया था ताकि शोर होने पर कोई बाहर न निकल सके। इसके बाद दामोदर दुबे के घर को निशाना बनाया। घर से बक्सा और दो अटैची लेकर फरार हो गए। पीड़ित के दूसरे घर में भी चोरी हुई है। गोदरेज और बक्सा तोड़ दिया। गृहस्वामी दामोदर दुबे ने बताया कि देर रात घर में आहट महसूस हुई तो पड़ोस में रहने वाले अपने भतीजे अनिल कुमार दुबे को आवाज लगाई। बाहर निकलने की कोशिश करने लगा लेकिन दरवाजा बाहर से बंद था। इसके बाद आसपास के लोगों को फोन करके सूचना दी। ग्रामीणों के पहुंचने पर बाहर से कुंडी खोली गई तब जाकर सभी लोग घर से बाहर निकल सके। तब तक चोर फरार हो चुके थे। पुलिस पदाधिकारी सुमित सुमन ने बताया कि पुलिस को घटना की जानकारी मिली है। आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले में पुलिस अपने स्तर से जांच पड़ताल कर रही है।

# अब सदर अस्पताल में होगा हेपेटाइटिस बी की जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल में हेपेटाइटिस संक्रमण की अवस्था में 'वाइरल लोड' जांच की सुविधा आज से शुरू हो गयी है। इस सेवा के शुरू होने से हेपेटाइटिस पॉजिटिव लोगों के स्वास्थ्य की गंभीरता की पहचान की जा सकेगी तथा उपचार की दिशा में अहम कदम उठाया जा सकेगा। इस आशय की जानकारी देते हुए जिला कार्यक्रम प्रबंधक मो. अनवर आलम ने बताया गया कि हेपेटाइटिस यकृत संबंधी एक गंभीर रोग है। यदि समय पर निदान और उपचार न किया जाए तो यह जानलेवा साबित हो सकता है। हमारी कोशिश है कि इस सेवा के माध्यम से हम जिले के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सकें। अब लोगों को इलाज के लिए



अन्य जगहों पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। सिविल सर्जन ने इस मौके पर बताया कि पहले रैपिड टेस्ट के माध्यम से सिर्फ स्क्रीनिंग हो रही थी किंतु अब वायरल लोड जांच की व्यवस्था होने से मरीजों को उचित उपचार देने की प्रक्रिया सुगम हो पाएगा। सदर अस्पताल की इस नई व्यवस्था से चिकित्सकों को यह पता चल सकेगा की शरीर में हेप्टाइटिस-बी वायरस की मात्रा कितनी है तथा केस मैनेजमेंट किस प्रकार किया जाना चाहिए। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि इस जांच की सुविधा बड़े शहरों में ही मिल पाती है तथा प्राइवेट अस्पतालों या जांच केंद्रों में यह जांच काफी महंगा होता है। किंतु सदर अस्पताल में ही यह सुविधा सभी जरुरतमंदों को निशुल्क मिलेगी। जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ रवि रंजन द्वारा बताया गया कि इस व्यवस्था के प्रारंभ होने से औरंगाबाद का सदर अस्पताल हेपेटाइटिस के वायरल लोड की जांच करने वाला राज्य का पहला अस्पताल बन गया है। विदित हो कि आरटीपीसीआर लैब में आज इस व्यवस्था की फीता काटकर शुरुआत सिविल सर्जन डॉ. लालसा सिंहा द्वारा किया गया। मौके पर डीपीएम अनवर आलम, जिला संचारी रोग पदाधिकारी एवं आरटीपीसीआर लैब के प्रभारी डॉ. रवि रंजन, माइक्रो बायोलॉजिस्ट रवि रंजन कुमार, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट उपेंद्र कुमार चौबे, डीपीसी नागेंद्र कुमार केसरी, सदर अस्पताल के अस्पताल प्रबंधक प्रफुल्लकांत निराला सहित अन्य चिकित्सक एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# लूट सहित अन्य मामलों में 60 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटे के दौश्रान अलग-अलग मामलों में 60 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 17 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। लूट के शीर्ष में 2, हत्या के प्रयास में 2, शराब कांड में 5 एवं अन्य शीर्ष कांड में 51 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 320 लीटर स्प्रिट, एक मोबाइल, एक ट्रैक्टर, 100 सीएफटी बालू बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1019 वाहनों की जांच की गई जिसमें 60500 रूपये बरामद किया गया है। इसके अलावा 16 वारंट एवं 2 कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार जिले में अपराध नियंत्रण एवं मादक प्रदार्थों पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार की देर शाम कार्रवाई के फलस्वरूप अलग-अलग थाना क्षेत्र से 60 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 17 लोगों को जेल भेजा गया है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा ताकि जिले में शांति व्यवस्था कायम रहे।

# ठंड और कुहासा को देखते हुए स्कूलों का समय बदला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** घना कुहासा और ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन ने जिले के सभी स्कूलों का समय बदल दिया है। इसी के मद्देनजर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने औरंगाबाद जिले में बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालय निजी कोचिंग संस्थान प्री-स्कूल एवं आंगनवाड़ी केन्द्र में सभी कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियां पूर्वाह्न 10 बजे से पहले और अपराह्न 04:30 बजे के बाद प्रतिबंधित रहेंगी। सभी कक्षाएं पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 04:30 बजे के बीच सावधानीपूर्वक संचालित की जाएंगी। बोर्ड परीक्षा हेतु संचालित विशेष कक्षाओं को इस प्रतिबंध से मुक्त रखा गया है। यह आदेश 20 से 25 दिसंबर तक प्रभावी रहेगा। जिलाधिकारी ने सभी अभिभावकों, विद्यार्थियों और शैक्षणिक संस्थानों से अनुरोध किया है कि वे इस आदेश का पालन सुनिश्चित करते हुए बच्चों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। बता दें कि बिहार में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के कारण मौसम बहुत खराब हो गया है जिससे जिलों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है जिसमें लगभग शून्य विजिबिलिटी और कड़ाके की ठंड की चेतावनी दी गई है।

# एनटीपीसी में टला बड़ा हादसा, कूलिंग टावर में लगी आग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के नवीनगर में स्थापित एनटीपीसी सुपर थर्मल पावर परियोजना की पहली यूनिट में एक बड़ा हादसा शुक्रवार की शाम टल गया जब इस प्लांट की यूनिट-वन में आग लग गयी। बाद में तत्परता से इस आग पर काबू पाया गया। इस संबंध में कंपनी के उप महाप्रबंधक (संरक्षा) मनसुख भाई ने बताया कि यह आग सुपर थर्मल पावर परियोजना की यूनिट-एक के कूलिंग टावर में उस वक्त लगी जब यहां पर मेंटेनेंस का कार्य संपादित किया जा रहा था। मेंटेनेंस की वजह से यूनिट-वन से उत्पादन बंद कर दिया गया था। अचानक आग लगने से आसपास के उपकरण और वहां रखी सामग्री को खासा नुकसान पहुंचा है। कंपनी के प्रवक्ता अतुल नाथ झा ने बताया कि इस अग्निकांड से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है और जल्दी ही फिर से मेंटेनेंस कार्य शुरू किया जाएगा। इस बीच जारी एक बयान में एनटीपीसी प्रबन्धन ने कहा है कि एनटीपीसी अधिकारियों एवं सीआईएसएफ फायर विंग की त्वरित, सतर्क एवं समन्वित कार्रवाई के कारण आग पर शीघ्र ही काबू पा लिया गया और साथ ही कोई भी जनहानि नहीं हुई। घटना के समय यूनिट-1 पहले से ही निर्धारित ओवरहॉलिंग में थी। समय पर की गई कार्रवाई से आग को अन्य क्षेत्रों में फैलने से रोका गया। घटना की सूचना मिलते ही पूरे स्टेशन में तुरंत अलर्ट जारी किया गया तथा आपातकालीन प्रक्रियाओं को सक्रिय किया गया। प्रभावित क्षेत्र को तुरंत सुरक्षित कर खाली कराया गया। प्रशिक्षित सीआईएसएफ फायर विंग ने बिना किसी विलंब के घटनास्थल पर पहुंचकर अग्निशमन कार्य प्रारंभ किया। सभी निर्धारित मानक परिचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का पूर्णतः पालन करते हुए आपसी समन्वय के साथ कार्रवाई की गई। एनटीपीसी के मूल मूल्यों एवं पूर्ण सुरक्षा (टोटल सेफ्टी) के सिद्धांत के अनुरूप सभी अधिकारियों ने अत्यंत तत्परता, सजगता एवं समन्वय के साथ कार्य किया, जिससे सभी कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकी तथा आग पर पूर्ण नियंत्रण पाया गया। वर्तमान में संयंत्र सामान्य रूप से संचालित हो रहा है। एनटीपीसी प्रबंधन इस घटना में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के लिए सभी अधिकारियों, सीआईएसएफ कर्मियों तथा संबंधित संस्थाओं के सहयोग एवं समन्वय की सराहना करता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# आम जनता की समस्याओं के प्रति प्रशासन संवेदनशील : अभिलाषा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने अपने कार्यक्रय कक्ष में जनता दरबार लगा कर लोगों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को सीधे सुनकर त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित लिखित परिवाद दर्ज कराए। आज आयोजित जनता दरबार में कुल 39 परिवादियों द्वारा जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपनी शिकायतें एवं मांगें रखी गईं। प्रमुख रूप से अतिक्रमण हटाने, भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, भूमि मापी, भूमि परिमार्जन, भूमि मुआवजा, नाली निर्माण, पैक्स टैगिंग, पैक्स अध्यक्ष द्वारा धान अधिप्राप्ति नहीं किए जाने, आंगनबाड़ी सेविका, आशा बहाली एवं टोला सेवक चयन में अनियमितता सहित अन्य जनसुविधाओं से संबंधित मामले शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त प्रमुख परिवादों में बसडीहा पैक्स अध्यक्ष दीपक तिवारी द्वारा नवीनगर लक्ष्य में संशोधन, व्यापार मंडल नवीनगर को टास्क फोर्स में टैगिंग एवं मिल टैगिंग किए जाने संबंधी शिकायत की। दाउदनगर प्रखंड क्षेत्र के कनाप निवासी भरत प्रसाद सिंह द्वारा स्वयं एवं अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा निर्बाध रूप से खेती करने हेतु संरक्षण प्राप्त करने की मांग, कुटुम्बा प्रखंड क्षेत्र



के सरडीहा कला निवासी मंजु देवी द्वारा पैक्स के माध्यम से अपात्र किसानों एवं पैक्स पदाधिकारियों के पारिवारिक सदस्यों के नाम पर धान खरीद एवं भुगतान दर्शाए जाने तथा वास्तविक किसानों से धान न लेने की शिकायत प्रमुख रूप से शामिल रही। दाउदनगर थाना क्षेत्र के शुक्र बाजार निवासी शंकर प्रसाद द्वारा फर्जी एवं अवैध तरीके से दोहरी जमाबंदी कायम किए जाने, सदर प्रखंड क्षेत्र के बेला पंचायत अंतर्गत पासवान चौक के राघुनाथ राम एवं अन्य ग्रामीणों द्वारा रामनगर के 10 फीट चौड़े रास्ते में 5 फीट नाला निर्माण कार्य पर रोक लगाने, देव प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय नरसिहा के प्रधानाध्यापक ब्रजकिशोर प्रसाद द्वारा स्थानांतरण, ढिबरा थाना क्षेत्र के बेढ़ना निवासी सरोज वैद्य द्वारा भूमि विवाद, बारून प्रखंड क्षेत्र के सिरिस पंचायत अंतर्गत फतेहपुर निवासी मुन्ना पाठक द्वारा पटवन में बाधा एवं गाली-गलौज, बंदेया थाना क्षेत्र के मल्हद गांव निवासी पिंकी कुमारी द्वारा आशा बहाली में अनियमितता, माली थाना क्षेत्र के कोल्ह मंझौली निवासी रामदयाल शर्मा द्वारा सरकारी नाली को जबरन मिट्टी भरकर अवरुद्ध करने संबंधी शिकायतें दर्ज कराई गईं। जिलाधिकारी ने सभी परिवादों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक जांच कर त्वरित, निष्पक्ष एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता दरबार में प्राप्त प्रत्येक शिकायत की नियमित रूप से प्रगति समीक्षा की जाएगी तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आम जनता की समस्याओं के प्रति पूर्णतः संवेदनशील है।

# सादगी के प्रतीक थे पूर्व सांसद राजनीति प्रसाद : डॉ. सुरेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**अंबा (औरंगाबाद)।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान ने पूर्व सांसद राजनीति प्रसाद के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि समाजवादी नेता, वरिष्ठ अधिवक्ता, राष्ट्रीय जनता दल के लीगल सेल के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा के पूर्व सांसद राजनीति प्रसाद का असमय निधन दुखदायी है। वे एक नेक दिल इंसान के साथ सादगी के प्रतीक थे। मेरा उनसे पारिवारिक जुड़ाव था। सुख-दुख में वे हमेशा मेरे साथ रहते थे। उनके निधन से मुझे गहरा दुःख हुआ।



जानकारी प्राप्त होते ही मैंने पार्टी कार्यालय जाकर उनके पार्थिव शरीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को चिरशांति प्रदान करें एवं उनके शोक संतप्त परिवारजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करें।

CMYK